CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 22 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 38 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वाहनों में जातीय महिमामंडन के चिह्न हटें, स्कूलों में पढ़ाया जाए जातिवाद के खिलाफ पाठः हाईकोर्ट पेज 2



मिथुन मन्हास बीसीसीआई अध्यक्ष बनने की दौड़ में आगे खेल टाइम्स



क्या अभी भी सच नहीं दिखाई दे रहा! सम्पादकीय



ब्रिटेन-कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को दी देश की मान्यता पेज 12

## हेयर ऑयल, साबुन, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल व टेबलवेयर पर जीएसटी घटकर 5 % हुआ

# बदला GST का गणित, 8 साल बाद बड़ा फेरबदल

## नवरात्रि से देश में जीएसटी सुधार का नया दौर होगा शुरूः प्रधानमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि 22 सितम्बर को सूर्योदय के साथ ही

**प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन**

जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जाएगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। साथ ही पीएम ने जनता से अपील भी की।

उन्होंने कहा कि वही सामान खरीदें, जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो। पीएम ने 20 मिनट के संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्युफैक्चरिंग को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनाएं। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा। नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी पर नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। 22 सितम्बर को सूर्योदय के साथ ही नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू हो जाएंगे। एक तरह से सोमवार से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजें खरीद पाएंगे। वन नेशन वन टैक्स पर 2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया। तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था, वो गरीब उठाता था। देश को यहां से निकालना बहुत जरूरी था। जब आपने हमें 2014 में अवसर दिया, तो हमने जीएसटी को प्राथमिकता बनाया। हमने स्टेकहोल्डर, राज्यों से बात की। हर समस्या का समाधान खोजा। वन नेशन-वन टैक्स का सपना साकार हुआ। गरीब, मिडिल क्लास पर पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी से बाहर आए ये लोग न्यू मिडिल क्लास के रूप में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख रुपये की इनकम टैक्स फ्री करके उपहार दिया, तो सोचिए मिडिल क्लास के जीवन में कितना बदलाव आया है। अब गरीबों की भी बारी है। इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से उनके लिए घर बनाना, टीवी, फ्रिज, बाइक और स्कूटर में कम खर्च करना होगा। घूमना-फिरना भी सस्ता होगा। सूक्ष्म और लघु उद्योग पर विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा।



**करोड़ों लोगों की बचत बढ़ेगी, जिससे वे पसंद की वस्तुएं खरीद सकेंगे, 99 प्रतिशत चीजें सस्ती: मोदी**

### आज से भाजपा का जीएसटी बचत महोत्सव

**नई दिल्ली।** देश में जीएसटी सुधारों के समर्थन में भाजपा ने अभियान चलाने की तैयारी की है। भाजपा 22 सितम्बर (आज) से जीएसटी बचत महोत्सव शुरू करने जा रही है। 29 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत हर भाजपा सांसद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाजारों में पैदल मार्च करेंगे।

## जीएसटी की नई दरें आज से होंगी लागू, सामान सस्ते होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पनीर से लेकर कार तक, टूथपेस्ट से लेकर दवाइयों तक आम लोगों के इस्तेमाल की लगभग सभी चीजें सोमवार (आज) से सस्ती हो जाएंगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में ऐतिहासिक सुधार करते हुए जीएसटी परिषद ने अधिकतर वस्तुओं पर करों की दर पांच प्रतिशत या शून्य कर दिया है। इसके परिणाम स्वरूप लोगों के पास खर्च करने के लिए ज्यादा बचत होगी और वे या तो इस पैसे को बैंकों को जमा करेंगे, निवेश करेंगे या अन्य वस्तुओं पर खर्च करेंगे। इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

जीएसटी परिषद ने 3 सितम्बर के अपने फैसले में मुख्य स्लैबों की संख्या चार से घटाकर दो कर दी है। इसमें 28 प्रतिशत और 12 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त करने के बाद अब सिर्फ पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रह गए हैं। इसके अलावा खाने पीने की ज्यादातर चीजों पर

**पनीर, घी, शैंपू के साथ कार व एसी की कीमतें घटीं**

शून्य कर लगेगा, जबकि कुछ लग्जरी और हानिकारक वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। अब अल्ट्रा हाई टेंपरेचर (टेट्रा पैक) दूध, छेना, पनीर पर कोई कर नहीं लगेगा। सभी देशी रोटियों (चपाती, परांठा, रोटी आदि) पर जीएसटी दर शून्य होगी। तैंतीस जीवन रक्षक दवाओं को भी कर मुक्त रखा गया है। अन्य दवाओं पर पांच प्रतिशत कर हो गया है। व्यक्तिगत जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा को भी कर मुक्त कर दिया गया है। हेयर ऑयल, साबुन, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल, टेबलवेयर, किचनवेयर और अन्य घरेलू सामानों, पैकेज्ड नमकीन, भुजिया, सॉस, पास्ता, इंस्टेंट नूडल्स, चॉकलेट, कॉफी, संरक्षित मांस, कॉर्नफ्लेक्स, मक्खन, घी आदि जैसे लगभग सभी खाद्य पदार्थों पर जीएसटी घटकर पांच प्रतिशत हो गया है।

## आठ साल तक वसूली करने वाली सरकार जनता से माफी मांगे: खड़गे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी सुधारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागरिक सेवा बताने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जीएसटी से आठ साल तक लूट मचाने के बाद अब सुधार लागू किए जा रहे हैं और इसके लिए मोदी सरकार को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद कहा कि नरेंद्र मोदी जी आपकी सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाय, अलग-अलग नौ स्लैब से वसूली कर 'गब्बर सिंह टैक्स' लगाया और आठ साल में 55 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कर वसूले। अब आप 2.5 लाख करोड़ रुपये के बचत उत्सव की बात कर के जनता को गहरे घाव देने के बाद मामूली बैंड ऐड लगाने की बात कर रहे हैं ! श्री खड़गे ने आठ साल तक जीएसटी से वसूली के बाद नए सुधारों के सरकार के कदम को 'नौ सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली' बताया और कहा कि जनता कभी नहीं भूलेगी कि आपने उनके दाल-चावल- अनाज, पेंसिल, किताबें, इलाज, किसानों के ट्रैक्टर - सबसे जीएसटी वसूला था। आपकी सरकार को तो जनता से माफी मांगनी चाहिए।



**कहा: मोदी सरकार ने गब्बर सिंह टैक्स लगाकर 55 लाख करोड़ से अधिक वसूले**

### पितृ विसर्जन अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**हरिद्वार (ब्यूरो)।** पितृ विसर्जन अमावस्या के अवसर पर रविवार को हरकी पैड़ी सहित गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही हजारों की संख्या में लोगों ने गंगा स्नान कर अपने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की और तर्पण अर्पित किया। मान्यता है कि पितृ विसर्जन अमावस्या वर्ष की सबसे बड़ी अमावस्या होती है। इसी दिन श्राद्ध पक्ष की पूर्णाहुति होती है और पितरों को विदाई देकर पितृलोक के लिए प्रेषित किया जाता है। हरिद्वार के सतीघाट, राजघाट, शीतला माता घाट, दक्षेश्वर महादेव मंदिर घाट, कुशा घाट, गणेश घाट और विशेष महत्व रखने वाली नारायणी शिला पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से अपने पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कर मोक्ष की कामना की।

### महाराष्ट्र डिप्टी सीएम शिंदे का एक्स अकाउंट हुआ हैक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का एक्स अकाउंट रविवार सुबह हैक कर लिया गया। हैकर्स ने उनके सोशल मीडिया हैंडल से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों की तस्वीरें पोस्ट कीं। शिंदे के कार्यालय के अधिकारियों ने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को सूचना दी। उनकी टीम ने कहा कि शिकायत के बाद 30 से 45 मिनट के अंदर अकाउंट का कंट्रोल हमें वापस मिल गया। महाराष्ट्र साइबर सेल इस मामले की जांच कर रहा है और हैकिंग के पीछे के लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रहा है।

### भारतीय नौसेना की पनडुब्बी का दिखा दम

**सिंगापुर।** सिंगापुर में चल रहे बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास में भारतीय नौसेना ने अपना दम दिखाया। जहां भारतीय नौसेना अपने 17 साथी देशों के साथ मिलकर बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास एक्सरसाइज पैसिफिक रीच 2025 (एक्सपीआर25) की तैयारी कर रही है। इस अभ्यास का समुद्री चरण सिंगापुर में हो रहा है, जिसमें भारत की स्वदेशी बनी डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) आईएनएस निस्तार भी हिस्सा ले रही है।


## महाराष्ट्र के गरबा में गैर हिंदुओं की एंट्री पर रोक

नागपुर, वार्ता

**महाराष्ट्र में** विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजनों को लेकर शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि राज्य में गरबा कार्यक्रमों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की इजाजत होगी।

आयोजकों से एंट्री गेट पर आधार कार्ड की जांच करने की सिफारिश की गई है। विहिप ने कहा गरबा आयोजनों में सिर्फ हिंदुओं को ही एंट्री मिलनी चाहिए। गैर-हिंदू इनमें भाग न लें, इसके लिए लोगों को अंदर जाने से पहले तिलक लगाना होगा, हाथों पर रक्षा सूत्र बांधना होगा और किसी हिंदू देवता की पूजा करनी होगी। विहिप ने गरबा आयोजकों से कहा कि नवरात्रि सिर्फ मौज-मस्ती का त्योहार नहीं है। यह एक धार्मिक आयोजन है जहां भक्त देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। इसलिए, गैर-हिंदू गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में शामिल नहीं होने चाहिए। बता दें कि इस साल नवरात्रि 22 सितम्बर से शुरू होकर एक अक्टूबर तक चलेगा। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराज नायर ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति है। इसलिए केवल उन्हीं लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए जो इन अनुष्ठानों में आस्था रखते हैं। नायर ने कहा कि यह सब इसलिए जरूरी है, ताकि इन आयोजनों में सिर्फ हिंदू ही शामिल हों और लव जिहाद का कोई मामला न हो। कुछ दक्षिणपंथी संगठन इसका इस्तेमाल मुस्लिम पुरुषों के जरिये हिंदू लड़कियों और महिलाओं के धर्मांतरण के प्रयास का आरोप लगाने के लिए करते हैं। महाराष्ट्र के मंत्री ने कहा कि आयोजकों को फैसला करने का अधिकार महाराष्ट्र में एक तरफ जहां विपक्ष ने विहिप और संघ पर ऐसे फरमान जारी करके समाज में फूट डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है, वहीं महाराष्ट्र के मंत्री और सीनियर भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि आयोजक तय कर सकते हैं कि ऐसे आयोजनों में कौन शामिल होगा। बावनकुले ने कहा कि हर आयोजन समिति कुछ नियम तय करती है और उन्हें ऐसा करने का अधिकार है। जब तक उनके पास आयोजन के लिए पुलिस की अनुमति है, तब तक कोई समस्या नहीं है।

**आयोजनों में एंट्री से पहले तिलक लगाकर हिंदू देवता की पूजा करनी होगी: विहिप**



### मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड मिलेगा

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादासाहेब फाल्के अवार्ड का ऐलान हो गया है। साल 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार और कम्प्लीट एक्टर कहे जाने वाले मोहनलाल को दिया जाएगा। भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने यह घोषणा की। मोहनलाल पिछले चार दशक से फिल्मों में सक्रिय हैं। मोहनलाल ने केवल मलयालम ही नहीं, तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है। 1980 के दशक में मंजिल विरिंजा पूक्कल से करियर की शुरुआत करने वाले मोहनलाल ने लगभग 350 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है।

## भीड़ पर कंट्रोल: सोशल मीडिया से सड़क तक तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने भीड़ पर नियंत्रण के नए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। इनका फोकस विरोध प्रदर्शनों और बड़े आयोजनों पर है। इसमें कुम्भ जैसे मेले, खेल स्टेडियम, धार्मिक प्रोग्राम और बाबाओं के प्रवचन आदि शामिल हैं।

सांप्रदायिक दंगे, छात्र आंदोलनों और सोशल मीडिया से संचालित जनाक्रोश भी इसके दायरे में हैं। गृह मंत्रालय ने यह गाइडलाइन नई परिस्थितियों को देखकर बनाई है। सोशल मीडिया के दौर में अफवाहें बहुत तेजी से फैलती हैं। भीड़ की नई मानसिकता पर रिसर्च किया गया है। इसी आधार पर 'क्राउड कंट्रोल एंड मास गैदरिंग मैनेजमेंट' दिशानिर्देश बने हैं। ये मानक इसलिए भी अहम हैं, क्योंकि सोशल मीडिया के बहकावे में अचानक प्रदर्शन भड़कते हैं। भारत के तीन पड़ोसी देशों (नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका) में ऐसी घटनाएं हुई हैं।

**गृह मंत्रालय ने बनाई गाइडलाइन, भीड़ को रोकने, बांटने और घेरने के तरीके बताए**

## नया H-1B वीजा शुल्क केवल नए आवेदकों पर होगा लागू: अमेरिका

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** कार्यालय व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुन: प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा। व्हाइट हाउस ने शनिवार को इस मामले से जुड़े भ्रम और चिंताओं को दूर करने के लिए यह स्पष्टीकरण जारी किया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह शुल्क रविवार से सिर्फ नए वीजा आवेदन पर लागू होगा,



नवीकरण वीजा और वर्तमान वीजा धारक इसके दायरे से बाहर रखे गए हैं।एच-1बी वीजा धारक देश से बाहर जा सकते हैं और पुन: प्रवेश कर सकते हैं, जैसा कि वे सामान्यत: करते आए हैं। यह सिर्फ एकमुश्त शुल्क है, जो केवल नए आवेदन पर ही लागू होगा है। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों को अत्यधिक कुशल विदेशी श्रमिकों को नौकरी देने की अनुमति देता है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एच-1बी वीजा आवेदकों को प्रायोजित करने के लिए कम्पनियों द्वारा दी जाने वाली फीस को बढ़ाकर एक लाख डॉलर कर दिया गया है।

**एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुन: प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा**

# सियासी मंदिरों में मत्था टेकने का मौसम शुरू

लखनऊ से तौसीफ़ कुरैशी

**लखनऊ।** वैसे तो 2027 अभी बहुत दूर है लेकिन सियासत के सरताज क्षेत्रीय छत्रप अपने सियासी आकाओं के दर पर मत्था टेकने का काम शुरू कर चुके हैं। लखनऊ की सियासी गलियां सियासत के मंदिरों में ऐसे सियासी सरताजों के मत्था टेकने की गवाही दे रही हैं।

यूपी की सियासत में बड़े पैमाने पर शह और मात का खेल चल रहा है। सत्ता पक्ष का ये प्रयास है कि विपक्ष को किसी भी सूरत में सत्ता के करीब नहीं आने देना है और विपक्ष की तमाम कोशिश है कि सत्ता पक्ष हर कीमत पर सत्ता से बेदखल हो जाए। इसी शह और मात को धार देने में हर दिन रणनीति बनाते दिख रही हैं। 2027 के इस सियासी संग्राम में किसके हाथ सत्ता की चाबी लगेगी, यही जोरआजमाइश होनी शुरू हो गई है। हालांकि अभी चुनाव बहुत दूर है, लेकिन फिर भी सियासत के लंबरदार अपने-अपने सियासी मुख्यालयों पर अपने सियासी आकाओं के साथ कार्यकर्ताओं का जमघट लगा रहे हैं। जननायक राहुल गांधी के कंधे पर सवार होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में 37 लोकसभा की सीटें जीतने वाली सपा कंपनी के सीईओ का नजरिया अभी से ही यह दर्शा रहा है कि जैसे उन्होंने मान लिया है कि 2027 में हम सत्ता में आ रहे हैं। ऐसी ही गलती उन्होंने 2022 में भी की थी, जिसका परिणाम सबने देखा, ऐसा ही नजरिया वह अब भी दर्शा रहे हैं, जबकि भाजपा को कमजोर मानना बबुआ की सबसे बड़ी भूल होगी, लेकिन ऐसा वह करते दिख रहे हैं, तो इसमें क्या कहा जा सकता है। वैसे सपा के मालिक हर रोज अपने क्षेत्रीय छत्रपों से बात कर फीडबैक ले रहे हैं और छत्रप भी उन्हें क्षेत्र की स्थिति से अवगत करा रहे हैं क्या होगा और क्या नहीं होगा। यह कहना अभी उचित नहीं है, लेकिन जो सियासी समीकरण बनते दिख रहे हैं, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सपा कंपनी का इस बात पर जोर है कि क्षेत्र में गुटबाजी कम से कम हो और प्रत्याशी चयन ठीक से हो जाए, उसके लिए सपा के मालिक के द्वारा जो फॉर्मूला अपनाया जा रहा है अगर उसी फॉर्मूले पर टिकटों का -**शेष पृष्ठ दो पर**

### सियासी शेर की आजादी से पहले दहाड़ होने लगी महसूस!

**लखनऊ।** यूपी की सियासत में अहम किरदार रखने वाले पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता आजम खां सिर्फ़ जाति से ही खान साहब नहीं है सियासत में भी खान साहब ही हैं। बात हम कर रहे हैं मोहम्मद आज़म खां की। सुना है कि वह जल्द ही जेल की सलाखों से बाहर आ सकते हैं। जब खान साहब अपने विरोधियों के कानूनी शिकंजे से आजाद हो जाएंगे, तो फिर शांत पड़ी यूपी की सियासत भी उछाले ना ले ये हो ही नहीं सकता है। वैसा ही हो भी रहा है, कहीं मंथन है, तो कहीं चिंतन है। इस बात के कयास लगाए जाने लगे हैं क्या जिनके सियासी षड्यंत्रों का शिकार हुए हैं। सियासत के खां साहब द्वारा उनसे सियासी बदला लिया जाएगा या नहीं और सियासत में ऐसा हो नहीं सकता कि सियासी शेर आजाद होने पर दहाड़ ना लगाए, उसी दहाड़ की दहशत महसूस की जा रही है और कहीं उनकी सियासी दहाड़ का लाभ होने की खुशी भी महसूस हो रही है। उनके अगले सियासी क़दम को लेकर अटकलें लगाए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। रावण खुश मौलाना बेचैन बबुआ उलझन में।

**यूपी में 2027 के लिए जोरआजमाइश शुरू**

## एक नजर

### वैदिक ज्ञान प्रतियोगिता



**अफजलगढ़।** आर्य समाज मंदिर द्वारा 20 व 21 सितंबर को वैदिक ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 150 प्रतिभागियों ने 20 सितंबर तथा 50 से अधिक प्रतिभागियों ने 21 सितंबर को हुई परीक्षा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आर्य समाज के सचिव सुरेश पाल आर्य ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वैदिक ज्ञान परीक्षा कराने का उद्देश्य बच्चों को वैदिक धर्म के प्रति जागरूक करना तथा उनमें वेदों के प्रति सम्मान तथा रुचि को प्रबल करना है। आर्य समाज अफजलगढ़ के कोषाध्यक्ष तथा परीक्षा नियंत्रक रिशव विश्नोई ने बताया कि परीक्षा के लिए बने दोनों ही केंद्रों पर परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई, जिसमें परीक्षा केंद्र अधीक्षक रहे आचार्य जितेंद्र कुमार वत्सल तथा आचार्य हर्ष कुमार शर्मा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर चरण सिंह आर्य, पूरन सिंह ध्यानी, मनोज कुमार वर्मा, पं. अवधेश आर्य , योगेन्द्र पाल आर्य, एड. लोकेश आर्य, आदित्य विश्नोई, अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

### श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ



**स्योहारा।** नगर के रामलीला मैदान में श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। भव्य मंच पर विधिविधान से गणेश पूजन कराया गया। जिसके उपरांत नारद मोह लीला का मनमोहक मंचन प्रस्तुत किया गया। पूजन का कार्य कुंवर रंजनय प्रताप सिंह द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन से हमें सदैव सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में डॉ. मनोज कुमार वर्मा, अमित कुमार वर्मा, डॉ. हरस्वरूप सैनी, डॉ. भूपेंद्र सैनी, डॉ, यज्ञदत्त गौड, मनोज भटनागर, डॉ. जे.पी. शर्मा, चौधरी फईमुर्रहमान, शुगर मिल से चौहान साहब, श्वेत रस्तोगी, तुषार रस्तोगी सहित नगर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजवीर सिंह त्यागी, मंच प्रबंधक राजपाल सिंह प्रजापति, प्रबंधक सुनील कुमार शर्मा, महेंद्र शर्मा, पप्पू पंडित, महेंद्र रवि, रिफाकत चौधरी, शरणजीत जोशी, विपिन शर्मा मौजूद रहे।

### विद्युत उपकेंद्र पर सुरक्षा की मांग



**नहटौर।** विद्युत उपकेंद्र पर उपखंड से संबंधित खंडसाल, कादीपुरा, बसावनपुर, नहटौर उपकेंद्र के कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ आए दिन हो रही घटनाओं को लेकर रोष प्रकट किया गया। कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री से उपखंड कार्यालय स्तर पर दो सिपाही तैनात किए जाने, सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाने, अवर अभियंता स्तर की शिकायत पर संबंधित थाने से तुरंत कार्रवाई करने, विद्युत विच्छेदन दल को पर्याप्त सुरक्षा दिलाई जाने, बकाया वसूली पर विद्युत विच्छेदन दल पर झूठे आरोप लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने आदि की मांग की गई। बैठक में चेतराम सिंह, रिहान अहमद, सुशील कुमार, बाबूराम सिंह, सुनील कुमार, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार, विपिन कुमार, तारा सिंह, बबलू ,पवन कुमार, दीपक शर्मा, हुकुम सिंह, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

### हृदयगति रूकने से सऊदी अरब में मौत



**स्योहारा।** सहसपुर के मौहल्ला चौधरियान निवासी सऊदी अरब में कार्यरत मास्टर हफीज के छोटे भाई सलीम अहमद (42 वर्ष) की हृदयगति रुकने से मृत्यु हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। उनने बड़े भाई हबीबुर्रहमान ने बताया कि शाम करीब 5 बजे सऊदी अरब से सूचना मिली कि सलीम की तबीयत अचानक बिगड़ गई है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ ही देर बाद उनकी मौत की खबर आ गई। सऊदी अरब में मौजूद उनके दूसरे भाई द्वारा शव को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# भूख से तड़प-तड़प कर जान गवां रहे गोवंश

## गोशाला के संचालक ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी डकार रहे चारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना देहात।** गौशाला में आए दिन भूख से तड़प-तड़प कर गौवंश अपनी जान गंवाने को मजबूर हैं। लेकिन विभागीय अधिकारी सबकुछ जानते हुए भी मौन हैं। गौशाला के प्रबंधक ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी के विरुद्ध कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है।

ब्लॉक कोतवाली क्षेत्र के गांव बेगमपुर चायमल उर्फ धिमाहेड़ी में बनी गौशाला में आए दिन भूख से तड़प-तड़प कर गौवंश अपनी जान गंवाने को मजबूर हैं। वहां देखरेख कर रहे केयरटेकर अमर सिंह व गौशाला में मौजूद मजदूरों में माया देवी आदि वहां मौजूद तो रहते हैं लेकिन समय रहते उन सभी गायों को पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचित नहीं कर पाते हैं कि वहां गाय बीमार है। उनका कहना हैं कि गौशाला के



प्रबंधक ग्राम प्रधान चरन सिंह व ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश प्रजापति को गाय के मृत होने व बीमार होने की सूचना समय-समय पर देते रहते हैं। लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा विभागीय अधिकारियों को सूचना नहीं दी जाती हैं।

गौशाला के प्रबंधक ग्राम प्रधान चरन सिंह निवासी गांव वनखेड़ी जो कि अपने आपको गौ सेवक कहते हैं, लेकिन गौशाला में आकर देखते तक नहीं है। इन साहब का घर गौशाला से कई किलोमीटर की दूरी पर हैं। इस कारण वह गौशाला की ओर आकर भी नहीं घूमते हैं। वह सरकार से लाभ तो उठा रहे हैं पर गौशाला में सूखा भूसा भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। गौशाला में पल रही गाय भूखे रहकर हर रोज बीमार होकर तड़प-तड़प कर अपनी जान गवां रही है।

ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी हर महीने लाखों रुपए कमाने में लगे हैं। इसी के साथ लगभग 50 बीघा से ऊपर भूमि में चारा व फसल लगाकर उसे बेचते हैं और उससे मोटी रकम वसूल रहे हैं। साथ ही गायों को जीने लायक तक चारा भी नहीं खिला पाते।

हिंदू सुरक्षा सेवा संघ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गुरजीत सिंह जिला उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री टिंकू विश्वकर्मा, जिला मंत्री मनोज चौहान, जिला मंत्री राकेश, नगर अध्यक्ष बढ़ापुर भूपेंद्र, यशवीर, योगराज , हरविंदर, विजय, कावेद्र, दीपचंद, सोनू, देवेंद्र, योगेश, रोहित आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवती के फोटो वायरल करने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव कुत्तेपुर थाना नगीना निवासी अंकुश पुत्र फूल सिंह उसकी पुत्री को बार-बार फोन कर शादी का दबाव बना रहा है। आरोप है कि अंकुश ने न केवल युवती के फोटो फेसबुक पर वायरल कर दिए, बल्कि उसके पिता फूल सिंह ने भी फोन पर धमकी देते हुए युवती की वीडियो वायरल करने और अंजाम भुगतने की धमकी दी। इस घटना से युवती और उसके परिवार के लोग काफी परेशान हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अंकुश और उसके पिता फूल सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

# जीएसटी दरों में कटौती से जनता को बड़ी राहत : डा. मनोज वर्मा

### दैनिक उपयोग के सामान होंगे सस्ते

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी की दरों में की गई ऐतिहासिक कटौती से आम जनता को बड़ी राहत मिलने जा रही है। सरकार ने 22 सितंबर से नई दरें लागू करने का एलान किया है। इसके बाद करीब 375 आवश्यक वस्तुएं और सेवाएं सस्ती हो जाएंगी। इस फैसले का सीधा असर हर वर्ग के लोगों पर पड़ेगा। क्योंकि रोजमर्रा के खाने-पीने से लेकर घरेलू सामान तक कई चीजें अब कम दामों में मिलेंगी।

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय की दिल से सराहना करते हुए कहा कि यह कदम केवल आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की दिशा में बड़ा फैसला



है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की चिंता की है और यह फैसला उसी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब रसोई से लेकर दवा और बच्चों के पढ़ाई-लिखाई से जुड़ी वस्तुएं तक सस्ती होंगी तो हर परिवार को राहत मिलेगी। खाद्य पदार्थों और डेयरी उत्पादों में घी, बटर, पनीर, आइसक्रीम, चॉकलेट, ब्रेड, नमकीन जैसी चीजें सस्ती होंगी। वहीं साबुन शैम्पू, टूथपेस्ट और अन्य स्वच्छता सामग्री पर भी कर कम होने से राहत मिलेगी। सरकार ने जीवनरक्षक दवाइयों और मेडिकल उपकरणों पर भी कर घटाकर आम लोगों के इलाज का बोझ हल्का कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे टीवी, वाशिंग मशीन, एसी, फ्रिज और छोटे वाहन तथा स्कूटर-मोटर साइकिल भी अब पहले की तुलना में सस्ते दामों पर उपलब्ध होंगे। निर्माण कार्य करने वालों को भी राहत मिलेगी क्योंकि सीमेंट पर टैक्स घटा दिया गया है।

डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि सरकार के इस कदम से न केवल महंगाई पर नियंत्रण होगा, बल्कि लोगों की क्रय शक्ति भी बढ़ेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करने के लिए ऐसे कदम लगातार उठाए जाते रहेंगे। उनका कहना था कि यह सुधार जनता के हित में उठाया गया साहसिक कदम है।

# थाना परिसर में भाकियू का धरना-प्रदर्शन

### सीओ के आश्वासन पर धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बाईक चोरी होने के बाद रिपोर्ट दर्ज नहीं करने व 21 वर्ष पूर्व मृत व्यक्ति की 107/16 करने आदि को लेकर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए थाना परिसर में धरना प्रदर्शन किया। सीओ के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ।

थाने में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पूर्व तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष कविराज सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश अहलावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व किसानों ने धरना-प्रदर्शन शुरू किया। आरोप लगाया कि नहटौर क्षेत्र में बाईक आदि चोरी की वारदात रूकने का नाम नहीं ले रही है। चोरी होने के बाद



पुलिस रिपोर्ट तक दर्ज नहीं करती। 21 वर्ष पूर्व गांव फुलसंदी के मृत व्यक्ति विरेन्द्र सिंह की 107/16 तक कर दी गई। नगर में दो मेडिकल स्टोर पर खुलेआम नशीले इंजेक्शन व कैप्सूल बेचे जा रहे हैं। पुलिस को पता होने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। थाने में कोई सुनवाई नहीं होती है। सूचना पर सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय किसानों के बीच पहुंचे उन्होंने किसानों से वार्ता की। चोरी हुई बाईकों की रिपोर्ट दर्ज कराने आदि समस्याओं को दूर कराने का आश्वासन दिया। सीओ के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ।

धरना-प्रदर्शन में पूर्व तहसील राजेंद्र सिंह तहसील अध्यक्ष कविराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुजीव कुमार, नरदेव सिंह, जगत सिंह, धीरेंद्र चौधरी, विशाल डवास, अतेंद्र चौधरी, शुभम अहलावत, पुनीत तुषियार, रोहित राणा, रिंकू राठी, राजवीर सिंह, लोकेंद्र चौधरी, वरुण चिकारा, अरुण अहलावत, शेखर चौधरी, दिनेश ठाकुर, संजीव चौधरी, कुलदीप चौधरी, आदित्य चौधरी, रितेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## रामलीला मंचन के दूसरे दिन ताड़का वध का मंचन

**किरतपुर।** नगर के रामलीला मैदान में श्री झण्डा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में वर्षों से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। दूसरे दिन के मंचन का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव वर्मा उर्फ सोनू वर्मा ने परिवार सहित मर्यादा पुरुषोत्तम राम व माता सीता की आरती कर किया। स्थानीय कलाकारों ने श्री राम जन्म और ताड़का वध का प्रसंग भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। मंचन में दिखाया गया कि पुत्रकामेष्टि यज्ञ के फलस्वरूप महाराजा दशरथ को पुत्र रत्न प्राप्त हुए और श्री राम का जन्म हुआ। इसके साथ ही ताड़का वध के प्रसंग में धर्म की स्थापना हेतु अधर्म के नाश का संदेश दिया गया। रामलीला का मंचन देर रात तक चलता रहा, जिसमें नगर के अनेक श्रद्धालु व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## एक नजर

### जाम लगने से भारी परेशानी



**चांदपुर।** नगर मे जाम की समस्या और जटिल होती जा रही है। पहले ई-रिक्शाओं के चालकों द्वारा सड़कों पर जाम लगाना रहा। अब उनके साथ दुकानदार भी अपनी दुकानों का सामान सड़कों पर लगाने लगे है। इस जाम से जहां नागरिकों को परेशानी हो रही है। वहीं अब गांव देहात से सामान की खरीदारी करने आने वाले ग्रामीणों को भी नगर में लगने वाले इस जाम के झाम से दो चार होना पड़ रहा है। यही नहीं नगर के बाजार सातो इमली से लेकर बाजार ढाली, मण्डी कोटला और सिलारा रोड पर कुछ दुकानदारों के द्वारा सामान दुकानों पर लगा देने से सड़क संकरी हो जाती है और आने जाने वालो को बड़ी मुश्किल से गुजरना पड़ता है। यही नहीं यदि किसी पैदल चलने वाले से किसी दुकानदार का सड़क पर रखा सामान गिर जाये तो दुकानदार झगड़े पर उतारू हो जाते हैं।

### कुष्ठ आश्रम को दी आवश्यक सामग्री




**हल्दौर।** नगर के बल्दिया मार्ग स्थित कुष्ठ आश्रम में नारी शक्ति फ्रेंड्स कॉलोनी समूह की ओर से आवश्यक सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं और आश्रमवासियों को खाद्य सामग्री, दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की। समूह की अध्यक्ष राखी रानी ने कहा कि नारी शक्ति समूह का उद्देश्य केवल महिला सशक्तिकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करना भी है। उन्होंने कहा कि हर सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने आश्रमवासियों को आत्मबल बनाए रखने और शिक्षा तथा स्वावलंबन की ओर बढ़ने का प्रेरक संदेश दिया। फ्रेंड्स कॉलोनी समूह की महिलाओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सहयोग और मानवता की भावना को प्रबल बनाते हैं। कार्यक्रम में मौजूद सदस्यों में सुमन सिंह, वीना चौहान, मन्जू सिंह, सुनयना वर्मा, ईशा मारवाड़ी, प्रिया रस्तोगी, स्वाति रस्तौगी, ज्योति रस्तोगी, बीना मिश्रा, मेघना, पूजा, लवली, पवन ठाकुर और बबीता शामिल रहीं।

### डॉ. मुनेंद्र सिंह ने किया रक्तदान



**अफजलगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शक्ति हॉस्पिटल के डॉ. मुनेंद्र सिंह ने रक्तदान कर सराहनीय पहल की। समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर उन्होंने एकल व्यक्ति के रूप में रक्तदान किया और संदेश दिया कि रक्तदान महादान है। डॉ. मुनेंद्र सिंह ने कहा कि रक्त की एक यूनिट किसी की जिंदगी बचा सकती है। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। उनके इस कदम की उपस्थित लोगों ने प्रशंसा की और युवाओं से भी प्रेरणा लेने की अपील की।

### घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़

**शेरकोट।** नगर के मौहल्ला खुराड़ा निवासी अहजहरुद्दीन पुत्र इसरार अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह देर शाम अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। तभी मौहल्ले के ही कासिफ, अदनान पुत्रगण नासिर और जाकिर पुत्र जाफिर आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपी उसके घर में घुस गए और घर में रखे सामान को तोड़फोड़ कर लाठी-डंडों से उसे मारा-पीटा। इससे उसे काफी चोट आई। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। पीड़ित अहजहरुद्दीन ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने न केवल उसके साथ मारपीट की, बल्कि उसके घर में भी तोड़फोड़ की। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सियासी मंदिरों में....**

वितरण किया गया, तो शायद परिणाम बेहतर रहे। सत्ता मिलेगी या नहीं मिलेगी यह कहना अभी जल्दबाजी होगी।आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सपा तेजी से काम करती दिख रही है। जैसे वह खुली बैठक में प्रत्याशी को लेकर एक राय बनाने की कोशिश करती दिख रही है। घोषणापत्र में क्या-क्या मुद्दे शामिल किया जाएं, क्षेत्रीय मुद्दे भी शामिल हो इस पर भी काम किया जा रहा है। ये फॉर्मूला सही तरीके से जमीन पर उतर जाने पर परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं और भाजपा को 2027 में विपक्ष की तरफ से बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। वैसे देखा जाए, तो विपक्ष के सामने एक संकट भी मुंह बाए खड़ा है। सभी दलों में गठबंधन कैसे होगा, 2024 के हालात अलग थे, जब केंद्र सरकार बनने का मामला था। सपा के मालिक पर यह दबाव नहीं था कि उसको सरकार बनानी है, लेकिन 2027 राज्य में सरकार बनाने का मामला है। सपा कंपनी के द्वारा जरा सी चूक सपा को सत्ता से बहुत दूर ले जा सकती है ।इस लिए बहुत समझदारी से सबको साथ लेकर चलना होगा। विपक्ष के सामने सबसे बड़ी समस्या सरकारी मशीनरी भी है, जो भाजपा से लगाव रखती है। ऐसा विपक्ष मानता है उससे कैसे निपटा जाए। इसके लिए भी रणनीति बनानी होगी। विपक्ष को सत्ता के चक्रव्यूह से बचने के लिए सभी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक निर्णय लेने होंगे। जैसे समय रहते प्रत्याशियों का चयन करें, जिससे प्रत्याशी को अपनी पकड़ अंदर तक बनाने का उसे मौका मिले और प्रत्याशी चयन में इस बात का ख्याल रखा जाए कि प्रत्याशी गैरवाजिब न हो और जातीय समीकरण पर खास तौर से जोर दिया जाए।

# वाहनों से जातीय महिमामंडन के चिन्ह हटें: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को वाहनों और सोशल मीडिया पर जातीय महिमामंडन के चिह्नों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया।

साथ ही कहा है कि सरकार स्कूलों में जातिवाद विरोधी पाठ और जागरूकता अभियान चलाए। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने शराब तस्करी मामले के आरोपी इटावा के प्रवीण छेत्री के खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया। हालांकि, पुलिस के दस्तावेज में जाति आधारित एंट्री को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। इससे पहले कोर्ट ने मार्च में डीजीपी से हलफनामा तलब कर पूछा था कि किस कानून में लिखा है कि पुलिस आरोपी की जाति पूछेगी। इस खबर को अमर उजाला ने छह मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। इसके बाद डीजीपी ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि जाति से लोगों की पहचान करने में मदद मिलती है। इस पर कोर्ट ने उनके तर्कों को सिरे से खारिज कर दिया। कहा, अत्याधुनिक



**स्कूलों में पढ़ाया जाए जातिवाद के खिलाफ पाठ**

तकनीक के उपलब्ध रहते यह कुतर्क है। इस दौर में पुलिस के पास पहचान के लिए फिंगरप्रिंट, आधार, मोबाइल नंबर और माता-पिता के विवरण जैसे आधुनिक साधन उपलब्ध हैं। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि वह तत्काल पुलिस फार्म से अनुसूचित जाति/जनजाति संबंधित मामलों को छोड़कर अन्य की जाति और धर्म की प्रविष्टियां हटाए। जाति महिमामंडन वाले साइन बोर्ड भी थानों में नजर न आएं। 29 अप्रैल 2023 को प्रवीण और अन्य की इटावा में दो कार की तलाशी के दौरान 300 बोतल अवैध शराब बरामद की गई थी। दोनों वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट थे। पुलिस ने दावा किया कि छेत्री शराब तस्करी गिरोह का सरगना था।

### नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन के शुभारंभ पर बोले योगी

# जीएसटी रिफॉर्म से होगा नए रोजगार का सृजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से न सिर्फ जरूरी वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी बल्कि नए रोजगार का सृजन होने से युवाओं के सपने मूर्त रुप लेंगे।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देशवासी और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है। इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गई है, वहीं दूसरी ओर नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने वाले



**ये पीएम मोदी का देशवासियों को दिवाली गिफ्ट**

स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गई है। यह घोषणा तीन सितम्बर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितम्बर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर खत्म हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के जयकारों से युवाओं को हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से देश और प्रदेश का हर गरीब महंगाई से मुक्त और युवा सस्ते में शिक्षण सामग्री खरीद सकेगा। वहीं हर व्यक्ति की खरीद की क्षमता बढ़ेगी, बाजार की ताकत बढ़ेगी, नए रोजगार का सृजन होगा, व्यक्ति को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पर भी मिलेंगे। ऐसे में हर प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म से अवगत कराना होगा। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर यानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में 'सेवा पखवाड़ा' मना रही है। इस सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी, सशक्त समाज' थीम के साथ किया।

प्रधानमंत्री का स्पष्ट मानना है कि यदि नारी स्वस्थ होगी, तो परिवार सशक्त होगा, समाज सशक्त होगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सेह में किसान की बेदर्दी से हत्या

## दो हत्यारोपी गिरफ्तार, दरोगा धर्मेंद्र सस्पेंड, ग्रामीणों में दहशत

**आफताब आलम**

**स्याऊ।** चांदपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सेह निवासी किसान की रंजिश के चलते लाठियों से पीट-पीट कर बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के समय किसान अपने घर के बाहर बैठा था, तभी आरोपित पक्ष ने सुनियोजित साजिश के तहत उसके ऊपर हमला कर दिया। आरोपित पक्ष से पीड़ित पक्ष का आठ दिन पहले भी विवाद हुआ था। अब हत्या के बाद पुलिस ने जांच शुरू की है। इस मामले में हंगामा होने के बाद पुलिस ने दरोगा धर्मेन्द्र सिंह को सस्पैंड कर दिया है। साथ ही दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

शिवाला कलां थाना क्षेत्र के ग्राम सेह निवासी चंद्रपाल का 45 वर्षीय पुत्र चमन सिंह गांव में खेती करता था। आठ दिन पहले चमन सिंह का ग्राम के ही हरदीप से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्षों



में मारपीट भी हुई और पुलिस से शिकायत की गई थी। लेकिन तब कोई कार्रवाई पुलिस के द्वारा नहीं की गई थी। इसके बाद से ही हरदीप पक्ष मृतक चमन सिंह से रंजिश रखने लगा था। शनिवार देर शाम चमन अपने घर के पास ही बैठा हुआ था। आरोप है कि आरोपित हरदीप अपने कई साथियों के साथ वहां पहुंचा और चमन सिंह पर जानलेवा हमला कर



दिया। चमन के भाई पवन सिंह ने बताया कि आरोपित ने अचानक चमन पर लाठियों से हमला कर दिया और उसे बेदर्दी के साथ पीटा। चमन सिंह बचाने की गुहार लगाता रहा। ग्रामीणों ने चमन सिंह को बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन आरोपितों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी और वारदात को अंजाम देने के बाद आराम के साथ फरार हो गए। सूचना पर ग्राम में पहुंची पुलिस घायल चमन को स्वजन की मदद से नूरपुर सीएचसी ले गई। जहां से उसे जिला मेडिकल अस्पताल रैफर कर दिया गया। रास्ते में चमन की मौत हो गई। स्वजन शव को वापस थाने ले गए और पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। किसान की मौत होने के बाद पुलिस ने ग्राम में पहुंचकर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। मृतक किसान का एक बेटा राजन है। घटनास्थल पर सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थान का मुआयना किया। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि गुस्साए स्वजन ने शव पुलिस से छीना और हाईवे जाम किया। इस मामले में दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर दरोगा धर्मेन्द्र सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है।

## सोनू बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आज भारतीय मजदूर किसान यूनियन की एक आवश्यक बैठक मौहल्ला मुगलू शाह श्री नामदेव धर्मशाला शिव मंदिर में संपन्न हुई। इस दौरान किसानों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार पाल और बैठक का सफल संचालन मास्टर मदन गोपाल टोंक द्वारा किया गया।

बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष नवीन पाल व अवनी चौहान जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर किसान यूनियन बिजनौर का स्वागत सोनू आदित्य द्वारा फूल माला पहनकर किया गया। बैठक में सोनू आदित्य को प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर किसान यूनियन की जिम्मेदारी भारतीय मजदूर किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार पाल के द्वारा सौंपी गई। इस दौरान मास्टर मदन गोपाल टांक को जिला सलाहकार बिजनौर, अनुज शर्मा को जिला सचिव बिजनौर, दुष्यंत गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष बिजनौर, नादिर खान को जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा बिजनौर, राकेश कुमार को तहसील सचिव बनाया गया है। सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ यूनियन के अध्यक्ष नवीन कुमार पाल द्वारा दिलाई गई। इस दौरान भारतीय मजदूर किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार पाल ने सभी पदाधिकारियों से यूनियन को मजबूत करने और किसान यूनियन को आगे बढ़ाने के लिए तैयार रहने को कहा। यूनियन गरीब मजदूर किसान भाइयों की आवाज समय-समय पर उठती रहती है।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार पाल, जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान, सोनू आदित्य, मास्टर मदन गोपाल टोंक, अनुज शर्मा, दुष्यंत गुप्ता, राकेश कुमार, नादिर खान, शिवांश नामदेव, वासु नामदेव, रुद्र आदित्य आदि उपस्थित रहे।

# मंडावर थाने में जोरदार हंगामा

## एसओजी टीम पर गवाहों को धमकाने का गंभीर आरोप

**विशाल खटीक**

**मंडावर।** चन्द्रशेखर हत्याकांड के नामजद आरोपियों में से एक को पकड़ने और बाकि को पुलिस द्वारा गिरफ्तार न किए जाने से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने आज थाने पर मोर्चा खोल दिया। जिससे नए आए थानाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा के हाथ पैर फूल गए। ग्रामीणों को समझाने सीओ सिटी गौतम राय भी आए। बाद में भाकियू नेता चौधरी दिगंबर सिंह ने एसपी से प्रतिनिधि मंडल की वार्ता करा कर धरना समाप्त कराया।

गौरतलब है कि ग्राम वाजिदपुर के निवासी बिजेंद्र सिंह उर्फ पप्पू के 27 वर्षीय पुत्र चन्द्रशेखर उर्फ शेखर सोमवार 15 सितम्बर की सुबह से किसी काम से बाहर जाने की बात कह कर घर से गया था। 17 सितम्बर की दोपहर को उसका शव ग्राम के नजदीक देशी शराब के ठेके के पास पुष्पेंद्र के बाग में पड़ा मिला था। शव मिलने पर ग्रामीणों घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए थे। सूचना पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक, एएसपी सीटी संजीव वाजपेयी व सीओ सिटी गौतम राय, फारेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के लिए उठाया, तो परिजन



और ग्रामीण भड़क पड़े। शव को पुलिस गाड़ी से खींच लिया। तब पहले एएसपी संजीव बाजपेई ने और बाद में पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को समझाया। उन्होंने हर संभव कार्यवाही का आश्वासन दिया। पुलिस ने नामजद आरोपियों में से एक ओमवीर को 19 सितम्बर को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन इसकी गिरफ्तारी से चन्द्रशेखर के परिजन खुश नहीं हुए। आज इनामपुरा व वाजिदपुर के ग्रामीण इकट्ठा हो कर मृतक चन्द्रशेखर के पिता बिजेंद्र सिंह के साथ थाने पहुंचे और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए थाना परिसर में धरने पर बैठ गये। धरने पर मृतक चन्द्रशेखर के पिता ने पुलिस पर हत्यारोपी को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए आत्मदाह करने की पुलिस खुली चेतावनी दी। ग्रामीणों व परिजनों ने आरोप लगाया कि एसओजी की टीम गवाहों को धमका रही हैं। धरना देख कर नए आए थाना अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा और पुलिस के हाथ पैर फूल गए। जिसके बाद सीओ सिटी गौतम राय धरना स्थल पर पहुंचे और धरनारत गामीणों को समझाने के प्रयास किया। लेकिन वे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों के बीच भाकियू अराजनैतिक के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह पहुंचे। आंदोलित लोगों को समझाया तथा एसपी से वार्ता के लिए छह लोगों का प्रतिनिधि मंडल बनाने का सुझाव दिया, तो ग्रामीण मान गए। चौधरी दिगंबर सिंह गठित प्रतिनिधिमंडल को लेकर पुलिस अधीक्षक अभिषेक से वार्ता कराने बिजनौर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने प्रतिनिधि मंडल को शीघ्र आरोपियों को पकड़ने और अन्य उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद धरना समाप्त हो गया। भावुक पिता ने थाने में मंदिर के सामने का वास्ता दिया और रो-रो कर कार्यवाही की मांग। मंदिर के सामने वास्ता देने पर पुलिसकर्मी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ने कहा था कि घटना के समय प्रधान पति कृष्णा मौके पर मौजूद था। आसपा सुप्रीमो पर कृष्णा को संरक्षण देने का आरोप लगाया गया है। धरनारत ग्रामीणों व परिजनों ने प्रधानपति कृष्णा को आसपा सुप्रीमो द्वारा संरक्षण देने व पुलिस पर उनके दबाव में काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि कृष्णा पर दस मुकदमें थाना मंडावर में पंजीकृत है। वह जिला बदर रह चुका है।

# नगीना में बढ़ते अतिक्रमण से परेशानी

## अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जरूरत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना के मंडी मौलगंज स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूमों के बाहर अतिक्रमण किए जाने से लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। साथ ही नगर में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया जा रहा है। नगर पालिका के द्वारा बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद अतिक्रमणकारी सुधरने को तैयार नहीं है। यहां पर बड़े पैमाने पर प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना के मुख्य मार्गों पर सड़क के किनारे मौजूद शोरूमों के बाहर की ओर बेतरतीब रखे सामान के कारण जाम की स्थिति बनी रहने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा



है। लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार होता जा रहा है। मुख्य मार्ग के अधिकांश बाजारों में जहां दुकानदार दुकानों का आधा सामान बाहर सड़क पर रखकर अतिक्रमण किये रहते हैं, वहीं मुख्य मार्गों पर स्थित अधिकांश बाजारों में दुकानों के बाहर दोनों ओर सुबह से शाम तक बेतरतीब ढंग से दुपहिया व चौपहिया वाहन खड़े रहने से समस्या खड़ी हो रही है। मुख्य बाजारों में अतिक्रमण दिन प्रतिदिन बढ़ने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही महिलाओं और छात्राओं को भी रोजाना ही परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। नगर के मुख्य बाजारों में बढ़ते अतिक्रमण के कारण मुख्य मार्ग तंग गलियों का रुप लेते जा रहे है तथा मुख्य बाजारों में प्राय: जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर में सैकड़ों की संख्या में चल रही ई-रिक्शाएं भी अतिक्रमण को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

अतिक्रमण की रही सही कसर सड़क के दोनों ओर खड़े ठेले वाले पूरी कर देते हैं। नगर में अतिक्रमण की समस्या दिन प्रतिदिन विकराल रुप लेकर नागरिकों के जी का जंजाल बनती जा रही है। नागरिकों ने सोमवार के दिन बाजार को बंद रखने की भी मांग की हैं। साथ ही नगर में पूरी ईमानदारी के साथ सभी मार्गों से अतिक्रमण एक साथ हटाए जाने की भी मांग की है। ताकि पक्षपात का आरोप न लगे।

## मां चामुण्डा धाम से निकली माता रानी की भव्य शोभायात्रा

### झांकियां रहीं आकर्षण का प्रमुख केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शारदीय नवरात्रों के अंतर्गत कल 22 सितम्बर से प्रारंभ होने के पूर्व दिवस पर आज प्रात: चार बजे से मौहल्ला जाटान स्थित मां चामुण्डा धाम से माता रानी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे युवक धर्म ध्वजा लिए चल रहा था, जबकि उसके पीछे ढोलों की आवाज गूंज रही थी। बैंडवाजों की धुन भजनों से वातावरण को गुंजायमान कर रही थीं। शोभायात्रा में नौ देवियों के प्रतीक के रूप में नौ कारों पर नौ कलश स्थापित थे तथा इनके अतिरिक्त डेढ़ दर्जन सुसज्जित कारें भी साथ-साथ चल रही थीं। झांकियों की श्रृंखला में कृष्ण-राधा, राम दरबार व माता रानी की झांकियां शामिल थीं। इनमें सिंह की पीठ पर सवार देवी के रूप में विराजमान बालिका विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। शोभायात्रा में तीन डीजे पर भी भजन गूंज रहे थे। अंत में मां का डोला चल रहा था, जिसमें बैइे लालमन, निपेन्दर व संजीव कुमार भक्तों को प्रसाद के साथ ही नौरते बोने के लिए धान वितरित कर रहे थे। समिति के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सचिव अतुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी सहित आमोक अग्रवाल के निर्देश में चल रही शोभायात्रा का नई बस्ती में बिशन लाल, राकेश कुमार तथा वरिष्ठ सभासद घनश्याम गुप्ता सहित अनेक स्थानों पर स्वागतकिया गया। शोभायात्रा अपने निर्धारित मार्गों से होती हुई चामुण्डा धाम पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की मौजूदगी रही।

## देश व धर्म समाज की रक्षा के लिए हुआ था रामावतार: शास्त्री

**बिजनौर।** श्री रामलीला मैदान में दिन की रामलीला के मंचन में राम जन्म की लीला का मंचन किया गया। सर्व प्रथम श्रृंगी ऋषि और वशिष्ठ ऋषि द्वारा पुत्र कामेष्टी यज्ञ कराया गया। कथा व्यास प्रवीण शास्त्री ने कहा जब त्रेता युग में धर्म की हानि होने लगी, असुरों और अधर्मियों की बाढ़ आ गयी, तब भगवान ने रामरूप में अयोध्या के महाराजा दशरथ के पुत्र के रूप में जन्म लिया। भरत, शत्रुघ्न और लक्ष्मण भी उन्हीं के अंशावतार थे। जब मनुष्य के हृदय में करूणा और संवेदनशीलता, क्षमा भाव, सत्य, इन्द्रिय दमन, क्रोध न करना, भ्रष्टाचार में लिप्त न होना, छल कपट, धोखाधड़ी आदि धर्म के लक्षण प्राय: समाप्त हो जाते हैं, तब भगवान को पुन: मानवीय धर्म की रक्षा करने के लिये किसी न किसी रूप में अवतार लेकर अपनी शक्ति का प्रकटीकरण करना पड़ता है। त्रेता युग में जब चारों तरफ अधर्म दिखायी देने लगा, सब जगह आततायी जनता को सताने लगे, आध्यात्मिक खोज करने वाले, यज्ञ द्वारा समाज को सुखी करने वाले ऋषियों को मौत के घाट उतारा जाने लगा, तब भगवान के राम रूप में अवतरित होना पड़ा। कथा व्यास शास्त्री ने कहा कि आध्यात्मिकता से युक्त तपस्वियों का जीवन जीने वाले व्यक्तियों से जब घर पर यज्ञादि कार्य कराये जाने हैं, तो वे निश्चित रूप से सुफल देने वाले होते हैं। तपस्वी ऋंगी ऋषि द्वारा दशरथ जी ने यज्ञ कराया था, जिससे उनको पुत्र की इच्छापूर्ति हुई थी।

## विद्यार्थियों ने सजीव देखा मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेस, नजीबाबाद में नार्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजूकेशन के सभागार में विद्यार्थियों व प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओं ने सामूहिक रूप से उत्तर प्रदेश शासन का सजीव मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम ध्यानपूर्वक देखा। नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ, सभी थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का उद्घाटन, मिशन शक्ति केंद्रों से संबंधित पुस्तिकाओं का विमोचन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को संबोधित किया।

# नजीबाबाद में रामलीला का भव्य मंचन

### श्रद्धालुओं ने उठाया धर्म लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** श्री रामलीला का भव्य मंचन शुरू हो गया है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे और उन्होंने धर्म लाभ उठाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार श्री रामलीला प्रांगण में श्री राम जानकी कला परिषद द्वारा 19 सितंबर से तीन अक्टूबर तक आयोजित रामलीला मंचन के अंतर्गत अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल, मंत्री नरेंद्र कुमार शर्मा के संरक्षण एवं हरिओम सिंघल के निर्देशन में विभिन्न लीलाएं दिखाई जाएंगी। ऋषि विश्वामित के यज्ञ हवन अनुष्ठान में विगहन डालने के लिए सुबहु हो और मारीच नाम के राक्षस ने विगहन डाला। यज्ञ को संपूर्ण करने के लिए और राक्षसों का वध करने के लिए विश्वामित्र द्वारा राजा दशरथ से उनके दो पुत्र श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की मांग की गई। श्रीराम और लक्ष्मण के द्वारा ताड़का का वध किया गया। इस दौरान पुष्प वाटिका की मनोहर



लीला प्रदर्शित की गई। इसके अंतर्गत श्रीराम-शिवम गोयल, लक्ष्मण -शिवम शर्मा, मारीच-पवन कुमार, सुबहू-मनोज दिवाकर, राक्षसगण-लक्की, मयंक सैनी, अथर्व दिवाकर, विश्वामित्र- बबलू नादान, राजा दशरथ- राहुल अग्रवाल, सुमंत- मंत्री राजीव मेहरा, कोतवाल- विशाल, सेनापति- लक्की, कोषाध्यक्ष-वंश कुशवाहा, दरबारी- कृष्ण दिवाकर, आयुष, तड़का- नमन गोयल, कमल, अहिल्या- हितेश शर्मा, जनक दूत- राजन, शुभम खन्ना निशांत, सीता- मुकुल सैनी, सखीं डांसर, माली- सौरभ सैनी, पार्वती- हितेश शर्मा, गुरु वशिष्ठ- मास्टर कृष्ण शर्मा, दरबार कृष्ण भारद्वाज और अनमोल श्रृंगारी मनोज दिवाकर, राजीव वर्मा, कमल कुमार, अनूप शर्मा, सजल मेहरा, आकाश नामदेव, सत्येंद्र कुमार, चंद्रशेखर शर्मा, अमित यादव, मास्टर कृष्ण शर्मा, जयकुमार, प्रभारी वेशभूषा पवन सिंघल, मनोज शर्मा, प्रमोद सिंघल, अभिषेक गुप्ता विद्युत प्रभारी, बबलू नादान संगीत प्रभारी, प्रबंधक अनन्त अग्रवाल, राजीव मेहरा, विनोद शर्मा, राहुल अग्रवाल, राजेंद्र कंणवाल, पवन भारद्वाज, सह निर्देशक गोविंद सिंह, नमन गोयल आदि ने सराहनीय कार्य किया। हरिओम सिंघल के निर्देशन में श्री रामलीला कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## एक नजर

### यूनिटी अस्पताल का उद्घाटन



**नूरपुर।** फतियाबाद रोड यूनिटी हास्पिटल का उद्घाटन समाजसेवी नईम उर्फ पप्पू व डॉ. मौहम्मद अशरफ ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। डॉ. मारिया हबीब ने कहा कि यूनिटी हास्पिटल खुलने से नगर व क्षेत्र की जनता को बड़ा फायदा मिलेगा। अब किसी को अपना ईलाज कराने के लिए बाहर जाने के लिए जरुरत नहीं है। हर सुविधा यहां पर ही मिलेगी। स्त्री के सभी रोगों का ईलाज, हाई ब्लड प्रेशर की जांच एवं ईलाज, लीवर एवं गुर्दे की सभी बीमारियों की जांच एवं ईलाज, थाइराइड, शुगर, आक्सीजन की सुविधा, नेबुलाइजर की सुविधा, धड़कन की जांच, एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर व्यापारी नेता तसलीम अहमद इदरीसी, संदीप जोशी, शाहनवाज मलिक, डॉ. अबरार अहमद, डॉ. युसूफ अंसारी, सरदार रविन्द्र सिंह, मुकुल गुप्ता, सरदार कमलजीत सिंह नूर, डॉ. रहीस अहमद, मौहम्मद युसूफ मंसूरी, संजीव चौधरी आदि मौजूद थे।

### बिजनौर में रामलीला का शुभारम्भ



**बिजनौर।** श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित रात की रामलीला का शुभारंभ कृष्णा अर्जुन कला केंद्र मुरादाबाद के द्वारा गणेश वंदना कर के किया गया। जिससे पूरा वातावरण गणपति बप्पा की जयकारों से गूंज गया। गणेश जी की आरती कर रामलीला का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम शिव विवाह का सुंदर चित्रण किया गया। उसके बाद माता रानी के महिषासुर वर्जनी का सुंदर चित्रण किया गया। माता ने असुरों को मार महिषासुर का अंत किया। राधा कृष्ण की सुंदर झांकियां का चित्रण किया गया। बाहुबली हनुमान जी का विराट रूप देखने को मिला। अंत में रावण और वेदवती का संवाद होता है। वह रावण को शापित देती है कि मैं ही उसकी तेरी मृत्यु का कारण बनूंगी। वीरवती अगले जन्म में सीता के रूप में जन्म लेती है तथा रावण के मृत्यु का कारण बनती है। श्रीराम की आरती अजय अग्रवाल डीजीसी, संजय गुप्ता एड., विनय राणा एड., विनीत अग्रवाल, लाल विनय अग्रवाल, वरुण अग्रवाल भोलू, नवदीप सिंह, अध्यक्ष अचल अग्रवाल, महामंत्री राहुल शर्मा, भवन मंत्री प्रदीप कौशिक, कपिल चौधरी, संदीप चौधरी एड., राजेंद्र गौतम, संदीप चौधरी, अर्पित अग्रवाल, वैभव सिंगल, चिराग अग्रवाल, तुषार भटनागर, रचित गोयल, आर्यन पंडित, आदित्य पंडित आदि ने भगवान की आरती कर भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### नूरपुर में पवन गिरफ्तार

**बिजनौर।** महिला ने बीस सितम्बर को थाना नूरपुर में तहरीर दी थी कि अभियुक्त पवन पुत्र सुरेशचंद एवं सचिन पुत्र महेश कुमार निवासी मौहल्ला शहीदनगर ने जान से मारने की नीयत से उसके पति पर फावड़े से हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 109/(1), 352, 351 (3) व 333 आईपीसी में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के दौरान धारा 333 हटा दी गई। पुलिस ने पवन कुमार को गिरफ्तार कर उसके पास से वारदात में इस्तेमाल फावड़ा बरामद कर लिया है।

### बिजनौर में निकाली बाइक रैली

**बिजनौर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद मुख्यालय पर आज बाइक रैली निकाली गई। इसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करना था।

### रामपाल सहित तीन अरेस्ट

**बिजनौर।** विभिन्न न्यायालय के आदेशों पर जनपद में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में किरतपुर के भनेड़ा का रामपाल, अफजलगढ़ का ओमप्रकाश (शेरकोट) एवं कोतवाली देहात का शाहनवाज शामिल है।

### नजीबाबाद में रक्तदान शिविर




**नजीबाबाद।** आज कोतवाली रोड स्थित भारत हॉस्पिटल में शिवम चौधरी के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संजीवनी चेरिटेबल ब्लड बैंक सेंटर की टीम द्वारा रक्तदान कराया गया। वहां युवाओं ने पहुंचकर रक्त दान किया। संजीवनी चेरिटेबल ब्लड सेंटर की तरफ से युवाओं को प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर ब्लड सेंटर के राहत हुसैन, संदीप कुमार, शगुफ्ता अंसारी, हॉस्पिटल स्टाफ डॉ. धारा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. नन्दन कुमार, फैजान खान, देवेन्द्र चौधरी, सुमित चाहल, संजय शर्मा, जयप्रकाश राणा, हिमांशू, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. सतेन्द्र कुमार देशवाल, स्टाफ नर्श शालू, मिनाक्षी, निशा आदि मौजूद रही।

### खुलेआम चल रहा जुए का अड्डा

**बिजनौर।** नगर में आज कल जुए के अड्डे खुले आम चल रहे हैं। इनमें से सबसे प्रमुख अड्डा रामलीला चौराहे के पास पुराने सिनेमा के आसपास संचालित है। यह चौराहा व क्षेत्र आबकारी पुलिस चौकी तथा तहसील पुलिस चौकी दोनों के अन्तर्गत आता है, इसलिए दोनों ही पुलिस चौकियों के कर्मियों को इसकी जानकारी है। लेकिन वह जानबूझकर इसकी ओर से आंखें मूंदे हुए हैं। बताया जाता है इस अड्डे के संचालन में स्वयं को भाजपा का युवा नेता बताने वाला एक युवक दोनों चौकियों के पुलिसकर्मियों से सांठ-गांठ बनाये रहता है। इसलिए इस अड्डे की ओर कोई भी आंख उठाकर नहीं देखता। दिन छिपते ही यहां जुआरियों का आना शुरू हो जाता है और देर रात तक चलता रहता है। जिससे स्थानीय निवासी परेशान है। वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अगर यहां की गोपनीय जांच कराई जाती है, तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# टंकी निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग

## ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रूकवाया, ठेकेदार पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरूकी।** क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर मान उर्फ पमड़ावली में टंकी निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। ग्रामीणों ने निर्माण कर रहे ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

ग्राम पमड़ावली में टंकी का निर्माण किया जा रहा है। रविवार शाम को ग्रामीण टंकी निर्माण वाले स्थान पर पहुंचे। उन्होंने देखा की टंकी निर्माण में दोयम दर्जे की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीण सैकी चौधरी ने बताया कि टंकी निर्माण के लिए मिट्टी मिला हुआ बालू प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया की टंकी निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने के कारण कुछ दिन पूर्व दो पिलर भी गिर गए थे। इसके बाद एक सीढ़ियां (जीना) भी गिर गया था। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर घटिया सामग्री का प्रयोग करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।



ग्रामीणों ने निर्माण सामग्री को ट्रैक्टर ट्राली में भर लिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस सामग्री को जिलाधिकारी कार्यालय ले जाकर जिलाधिकारी को दिखाया जाएगा। ग्रामीणों ने टंकी निर्माण में मानक के अनुसार सामग्री लगाने की मांग की।

इस दौरान पिंकी चौधरी, निरुल चौधरी, जीशु, रजनीश, नीटू कश्यप, राहुल प्रजापति, भूपेंद्र, काके, रजत, मुन्नू प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# आगामी त्यौहारों को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना परिसर में नवरात्रि और दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगीना सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने की। थाना प्रभारी अवनीत मान के नेतृत्व में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि और संभ्रांत लोग शामिल हुए।

उपस्थित समिति के सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे और समस्याओं पर चर्चा की। सीओ नगीना ने कहा कि त्यौहारों के दौरान सामुदायिक एकता को मजबूत करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा उपायों पर चर्चा की। थाना प्रभारी ने सभी उपस्थित लोगों और वरिष्ठ नागरिकों से त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान किसी को भी कोई असुविधा न हो, इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

### समस्याओं पर हुई चर्चा

उन्होंने कहा कि प्रशासन शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखेगा। नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी। थाने में 24 घंटे हेल्पलाइन चालू रहेगी। सभी सदस्यों ने नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इस साल भी दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगी।

बैठक का मुख्य उद्देश्य त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना था। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए। आपातकालीन सेवाओं के प्रभावी प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में सौरभ मित्तल, नीरज विश्नोई, हरमीत सिंह, अनवर कुरैशी, मकसूद उस्मानी, कय्यूम राइन, लवी मित्तल, बदर मुनीम, सोहन सैनी, मुफ्ती नबील आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जनपद में चलाया जाएगा सदस्यता अभियान



**चांदपुर।** आसपा के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने मौहल्ला कटकुई स्थित अपने निवास पर देर सायं कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारी पार्टी के नेता एवं नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद सर्व समाज के नेता हैं जिन्होंने देश की संसद में सर्व समाज की आवाज को बुलंद करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी में युवाओं का जोड़ना इस बात का प्रमाण है कि युवा वर्ग हमारे प्रिय नेता सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के विचारों से सहमत है और पार्टी की नीतियों से भली-भांति परिचित है। उन्होंने आगामी जिला पंचायत चुनाव में पूरी तैयारी के साथ जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की शीघ्र ही जनपद की सभी विधानसभा, सेक्टर, वार्ड स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष राजवीर सिंह, मौहम्मद चांद, नसीमुद्दीन मनिहार, मौहम्मद नासिर नेता, सरवर ऑफ जोंटी, याहिया मुराद, रईस अंसारी, रामपाल सिंह, इरशाद अहमद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस बीच जिला सचिव इरशाद उर्फ गोला भैया का पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूलों की माला से स्वागत किया।

### शारदीय नवरात्र की तैयारियां पूरी



**बिजनौर।** सोमवार से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शहर के बाजारों में पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों से सजाया जा रहा है। मंदिर परिसर में विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था की गई है। भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर कमेटी ने विशेष इंतजाम किए हैं। बाजारों में माता रानी की प्रतिमा, नारियल, चुनरी के साथ पूजा की अन्य सामग्री जैसे कलश, पान, धूप, बत्ती, अगरबत्ती, लौंग, सुपारी और कपूर की खरीदारी हो रही है। नौ दिन के व्रत को देखते हुए फलों और व्रत के विशेष सामान की दुकानें भी सज गई हैं। माँ महाशक्ति कालिका मंदिर सिद्ध पीठ के सेवक विपिन कुमार शर्मा ने बताया कि यह प्राचीन शक्तिपीठ बिजनौर का प्रमुख तीर्थ स्थल है। यहां मेले का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के बाहर कई दुकानें लग चुकी हैं।नवरात्र के दौरान मां का जागरण और भंडारे का आयोजन भी होगा। हर वर्ष एक लाख से अधिक भक्त दर्शन के लिए आते हैं। सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दिन श्रद्धालुओं की संख्या और भी बढ़ जाती है।

### मोबाइल हैक कर की रुपयों की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी एक युवक का मोबाइल फोन हैकर ने हैक कर परिचित लोगों से रूपयों की मांग की गई पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। रविवार को थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी महताब पुत्र अय्यूब ने बताया कि किसी अज्ञात ठग ने उसके मोबाइल को हैक कर लिया है। अब हैकर के द्वारा उसके परिचित लोगों से पीड़ित का नाम लेकर रूपयों की मांग की जा रही है। पीड़ित के एक परिचय ने फोन कर पीड़ित को फोन हैक होने की जानकारी दी। पीड़ित ने आनन-फानन में थाने पहुंचकर तहरीर देकर हैकर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए ठग की तलाश शुरू कर दी है।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरूकी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज भाजपा किरतपुर ग्रामीण मंडल द्वारा ग्राम कुम्हैडा में गुरु नानक देव चैरिटेबल ब्लड बैंक नजीबाबाद के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मलिक ने किया। शिविर में बीस यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता अवनीश निर्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश

### शिविर में बीस यूनिट रक्तदान

प्रगति के पथ पर है। प्रधानमंत्री की लंबी आयु की कामना की गई। रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल घटता है। लाल एवं सफेद रक्त कोशिकाओं का उत्पादन बढ़ता है। कैंसर का जोखिम कम होता है। मोटापा घटता है। कार्यक्रम में ऋषभ निर्वाल, उपेंद्र निर्वाल, विक्रांत देशवाल, निखिल चौधरी, रंजना देवी, सोनू सैनी, नंदराम सैनी, अजय, रितिका, गीतांजलि आदि मौजूद रहे।

# सेंट मैरी के शिक्षक दुष्यंत की शानदार उपलब्धि

## राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण पदक और उपाधि प्रदान की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर स्थित सेंट मैरी स्कूल के शारिरिक शिक्षा शिक्षक दुष्यन्त कुमार शर्मा को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।

मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह में बिजनौर के सेंट मैरी स्कूल के शारीरिक शिक्षा शिक्षक दुष्यंत कुमार शर्मा को एम.पी.ई.डी. (Master of Physical Education) में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा स्वर्ण पदक और उपाधि प्रदान की गई।

दुष्यंत कुमार शर्मा आदर्श नगर बिजनौर के निवासी हैं। श्रीराम कॉलेज से एम.पी.ई.डी. की पढ़ाई कर रहे थे। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता देवेन्द्र शर्मा और विमलेश शर्मा, अपने गुरुजनों और साथियों को दिया।



इस अवसर पर दुष्यंत कुमार शर्मा ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे गर्वपूर्ण क्षण है। इस उपलब्धि से मुझे और अधिक जिम्मेदारी का एहसास हुआ है।

उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि मैं छात्रों को खेल और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट मार्गदर्शन देकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करूँ।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय प्रवक्ता आदित्य खन्ना ने बताया के प्रबंधक फादर शाजू एवं प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। अन्य शिक्षको ने भी सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएँ और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# इमरान वफा ने की बाढ़ पीड़ितों की मदद

## दैनिक उपयोग का सामान गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए वरिष्ठ सामाजी कार्यकर्ता मुकीम अहमद और वफा सोशल ट्रस्ट के चेयरमैन इमरान वफा ने जरूरी सामान गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी को सौंपा। इस पर गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी और सिख समाज ने उनका शुक्रिया अदा किया। वहीं नगर और इलाके के लोगों ने इस नेक काम की खूब सराहना की।

जानकारी के मुताबिक मौहल्ला नायक सराय निवासी वरिष्ठ सामाजी कार्यकर्ता मुकीम अहमद के 12 वर्षीय बेटे इमाद मुकीम और वफा सोशल ट्रस्ट के चेयरमैन इमरान वफा ने मिलकर कालागढ़ रोड स्थित गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान सरदार सतनाम सिंह, सेक्रेटरी सरदार रजविंदर सिंह, सरदार अजविंदर सिंह बिस्ला, सरदार पूरन सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, सरदार हरप्रीत सिंह, सरदार लाल सिंह, मिस्त्री दिनेश कुमार आदि को लगभग पांच हजार पीस कपड़े (पहनने, ओढ़ने और बिछाने के), आचार, साबुन, वॉशिंग पाउडर, मच्छरदानी, तिरपाल, मोमबत्ती, रस्सी, दिया सलाई, गद्दों के कवर, चप्पलें, लहंगे, गाउन, बेबी फ्रॉक आदि सामान सौंपा। सरदार



अजविंदर सिंह बिस्ला ने कहा कि इंसानियत सबसे बड़ी ताकत है। जब कोई भाई मुश्किल में हो, तो उसके दर्द को अपना दर्द समझकर मदद करना ही असली सेवा है। आज मुकीम अहमद और इमरान वफा ने यह साबित किया है कि इंसानियत हर मजहब और हर सरहद से ऊपर है। वहीं इमरान वफा ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ यह है कि इंसानियत जिंदा रहे। धर्म और जात-पात से ऊपर उठकर जरूरतमंदों की मदद करना ही सबसे बड़ा काम है। बाढ़ प्रभावित परिवारों की राहत के लिए यह योगदान कोई एहसान नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने मुकीम अहमद और इमरान वफा का शुक्रिया अदा किया। वहीं प्रमुख सामाजी कार्यकर्ता सत्यप्रकाश पवार, दलित नेता रमेश सिंह राहसियां, पूर्व भाजपा नगराध्यक्ष विपिन कर्णवाल, पूर्व प्रधान रोहिताश कुंवर सैनी, एड. रमेश चंद, एड. सीताराम पिपलया, मुंशी जिया खान, हाजी अख्तर सिद्दीकी, व्यापारी नेता शमीम अहमद मामा, मजहर हसन, अमित पिपलया, जसवंत सिंह चौहान, डॉ. साकिब सैफी आदि ने पंजाब बाढ़ प्रभावितों की मदद करने पर मुकीम अहमद और इमरान वफा की खूब तारीफ की। इस मौके पर शमीम अहमद, फहीम रईस, अरहम इमरान वफा, मोहम्मद शारिक उर्फ गूड्डू (मुस्लिम फंड वाले), सभासद शमशाद वफा, व्यापारी नेता रिजवान वफा आदि मौजूद रहे।

# गौकशी के दो अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत आदित्य अस्पताल के समीप कुछ दिन पूर्व नहर किनारे गौवंशी पशुओं के अवशेष मिले थे, जिस पर थाना नजीबाबाद में गौवध अधिनियम बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था और पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत शनिवार की रात्रि में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक फिर गौवंशीय पशुओं की तलाश में ग्राम करमस खेड़ी से सरवन पुर नहर की तरफ आ रहे है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बुलेट मोटरसाइकिल सवार युवकों को पकड़ने का प्रयास किया, तो दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किये गए। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में दोनों युवकों के पैर में गोली लगी। जिन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों ने खुर्शीद पुत्र फरीद कुरैशी निवासी ग्राम करमस खेड़ी एवं अफसार उर्फ भूरा पुत्र अहसान शेख निवासी ग्राम दूधली का होना बताया। युवकों के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर मय दो खोखा व दो जिन्दा कारतूस, पशु वध करने

### दोनों के पैर में लगी गोली, गौवध करने के उपकरण बरामद

के उपकरण (एक बैग में 50 काली पन्नी, एक डिजीटल इलैक्ट्रोनिक कांटा, 04 प्लास्टिक के कट्टे व दूसरे बैग में पशु वध करने के औजार/उपकरण एक छुरी लोहा, एक चापड लोहा, एक कुल्हाड़ी, एक लकड़ी का गुटखा, एक टार्च, एक रस्सी) तथा घटना में प्रयुक्त एक बुलेट मोटर साइकिल बरामद किये गये। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूछताछ में युवकों ने बताया कि वे दोनों साथ मिलकर आसपास के क्षेत्र में घूमंतु गौवंशीय पशु को पकड़कर रात्रि में सुनसान जगह पर ले जाकर उन्हें काटकर उनका मांस आसपास के क्षेत्रों में बेचते है । उनके द्वारा स्वीकार किया गया कि कुछ दिन पूर्व भी उन्होंने एक गौवंशीय पशु को काटा था तथा उसके अवशेषों को आदित्य हास्पिटल के करीब बशीरपुर नहर की पटरी पर फेक दिया था। आज भी दोनों किसी घूमंतु गौवंशी पशु को पकड़कर काटने के लिये तलाश कर रहे थे। बताते चलें कि दोनों युवकों पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### वन विभाग की 30 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा, कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के टोडा निवासी ग्रामीणों ने बताया कि यह भूमि राजस्व अभिलेखों में वन विभाग के नाम दर्ज है। बावजूद इसके, प्रभावशाली लोग अपनी निजी भूमि की आड़ लेकर करीब 30 बीघा वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति भविष्य में बड़े विवाद को जन्म दे सकती है। प्रशासनिक लाप. रवाही से गांव के लोग परेशान हैं और लगातार शिकायतें करने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। प्रार्थी सतेन्द्र पुत्र इकबाल निवासी ग्राम टोडा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने कई बार अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।


**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री शाकिर पुत्र जाकिर नि. मौहल्ला मुफ्तियान किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. 1138/1 स्थित मौहल्ला झण्डा के 1/2 आंशिक भाग 59.09 वर्ग मीटर में स्व. विमलेश वर्मा पत्नी ईश्वर दयाल वर्मा के नाम के स्थान पर अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामे व शपथ-पत्र सहित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। पालिका ग्रहकर रिकार्ड में उपरोक्त सम्पत्ति स्थित मौहल्ला झण्डा में स्व. विमलेश वर्मा पत्नी ईश्वर दयाल वर्मा का नाम दर्ज है। प्रार्थी ने स्वामित्व के रूप में ईश्वर दयाल वर्मा पुत्र रामचन्द्र सहाय नि. मौहल्ला झण्डा किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर द्वारा श्री शाकिर पुत्र जाकिर नि. मौहल्ला मुफ्तियान किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, किरतपुर, जिला बिजनौर के नाम हुए रजिस्टर्ड बैनामे के अनुसार सम्पत्ति संख्या 1138/1 स्थित मौहल्ला झण्डा, कस्बा किरतपुर के 1/2 आंशिक भाग 60.27 वर्ग मीटर में अपना नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वत: निरस्त माना जायेगा।

विवरण:- सम्पत्ति संख्या-1138/1 (60.27 वर्ग मी.) आवासीय स्थित मौहल्ला झण्डा, किरतपुर (बिजनौर)।

**अधिशासी अधिकारी**


# उप्र में भ्रष्टाचार चरम पर: शिवपाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री शिवपाल यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। अधिकारी और विभागों में बैठे बाबू जनता को लूटने का काम कर रहे हैं। भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता पक्ष को सबक सिखाएगी। रविवार को शामली में आयोजित कार्यक्रम में शिवपाल यादव ने कहा कि संविधान का पालन करना जरूरी है, लेकिन सत्ता में बैठे लोग न तो संविधान को मानते हैं और न ही लो. कतंत्र को। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट की बड़े पैमाने पर चोरी की गई है। एक-एक घर में पांच-पांच सौ फर्जी वोट पकड़े गए, जबकि सही वोट काट दिए गए। इसमें खासतौर से इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी के वोटों को निशाना बनाया गया। इस मुद्दे का विरोध संसद से लेकर सड़क तक हो रहा है।

उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि वह एक निष्पक्ष संवैधानिक संस्था के रूप में कार्य करे, फर्जी वोट काटे और निष्पक्ष वोटर सूची तैयार कराए। शिवपाल यादव ने कहा कि वोट चोरी के बावजूद उत्तर प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को नंबर एक पर पहुंचाया है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रालोद से गठबंधन की संभावनाओं पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि धोखेबाजों से दूरी ही बेहतर है। शिवपाल यादव को शामली के चौधरी चरण सिंह कालोनी स्थित एमएलसी किरणपाल कश्यप के आवास पर स्वागत किया गया। मौहल्ला हरदेव नगर स्थित धीरज तोमर के आवास पर भी जोरदार स्वागत किया गया। शिवपाल यादव ने सपा नेता कुलद. ीप चौधरी के दुर्घटना में घायल होने पर स्वास्थ्य का हाल जाना और उनके परिजनों से भी मुलाकात की।

**उधर,** जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी के नेतृत्व में जिला संगठन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री शिवपाल यादव का भौंरा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, सलेक चंद, प्रकोष्ठ, भूपेन्द्र सैनी, नफीस राणा, सत्यवान चौधरी, बिट्टू पांच. ाल, गुड्डू सरसावा, जावेद जंग, किरणपाल मलिक, खुशनूद, मुनत्याज, विनीत पिंडौरा, नीरज पहलवान आदि उपस्थित रहे।

# दंगल के आखिरी दिन भिड़े पहलवान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मेला गुगल में आयोजित पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता का आज आखिरी दिन रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राव वारिस रहे, जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को सम्मानित किया। आखिरी दिन पहलवानों ने अपनी दमदार पकड़ और शानदार दांव.पेंच से दर्शकों का भरपूर मनो. रंजन किया। अब तक हुए दंगल में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर जलालाबाद के जाकिर पहलवान को प्रथम पुरस्कार दिया गया। गंगोह के जावेद पहलवान द्वितीय पुरस्कार के हकदार बने, जबकि कैराना के नसीम पहलवान ने तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया। आज के अखाड़े में हुई बड़ी कुश्तियों में गंगोह के जावेद पहलवान और रोहतक के पाल पहलवान के बीच हुई 3100 रूपए की कुश्ती बराबरी पर छूटी। इसी तरह कैराना के नसीम और हरियाणा के मोहित की 2100 रूपए की कुश्ती भी बराबरी रही। लुहारी के अजहर और हरियाणा के सचिन की 1100 रूपए की भिड़ंत भी बिना किसी नतीजे के समाप्त हुई।वहीं बापौली के ग"यूर पहलवान ने रो. हतक के आर्यन को 1100 रूपए की कुश्ती में हराकर जीत दर्ज की। जलालाबाद के अभिषेक और हरियाणा के अभिषेक के बीच हुई 700 रूपए की कुश्ती में हरियाणा के अभिषेक ने विजय हासिल की।

# टेंपू-बोलेरो की भिड़ंत में आधा दर्जन घायल

## टेंपू चालक सहित तीन की हालत गंभीर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्योहारा मार्ग पर आज टेंपो और बोलेरो में आमने-सामने हुई भिड़ंत में आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो बीच सड़क पर पलट गया और उसमें बैठे लोगों को बाहर निकालने के लिए पुलिस को सरिया डालकर वाहन सीधा करना पड़ा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर सादात निवासी राजीव की नानी झिल्ला (स्योहारा) गांव की निवासी थीं, जिनका निधन हो गया था। शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजीव की पत्नी रचना तथा पुत्री नित्या, रूबी पत्नी प्रमोद, नीला पत्नी बालवीर तथा सुमन पत्नी जगदीश आदि परिजन धामपुर से एक टेंपो बुक कर झिल्ला जा रहे थे। जब टेंपो पृथ्वीराज कॉलेज के पास पहुंचा तो ओवरटेक के दौरान सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी से उसकी जोरदार टक्कर हो गई।

हादसा इतना जबरदस्त था कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में टेंपो चालक सागर पुत्र रामचंद्र निवासी मीठेपुर समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने अथक प्रयास कर वाहन सीधा कराया और घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर भेजा। गंभीर हालत देखते हुए चालक सागर, रचना और नित्य को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

सूचना पर सीओ अभय पांडे और कोतवाल राजेश चौहान मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया।



स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर टेंपो चालक लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं।

## प्रधानाचार्या पर गंभीर आरोप

**बिजनौर।** नगर कांग्रेस कमेटी झालू के पूर्व नगर अध्यक्ष/पूर्व प्रत्याशी नगर पंचायत झालू मौ. रफत ने प्रेस को जारी पत्र में कहा कि सरस्वती विद्या स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे मुस्लिम छात्रों को प्रधानाचार्या स्वेता अमृत सिंह द्वारा मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। अभिभावकों में अपने बच्चो को स्कूल भेजने के बाद डर सताता रहता है कि कहीं प्रधानाचार्या किसी बच्चे को बड़ा नुकसान न पहुंचा दें। अगर कोई अभिभावक स्कूल प्रबंधक से प्रधानाचार्या की शिकायत करता है तो शिकायतकर्ता को फोन करके प्रधानाचार्या खूब खरी खोटी सुनाती हैं और छात्र को फेल करने और नाम काटने की धमकी देती हैं। उन्होंने जिला प्रशासन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से निवेदन किया कि उपरोक्त स्कूल की प्रधानाचार्या की बारीकी से जांच करा कर कानूनी कार्यवाही की जाये।

## भगवान ने कृष्ण रूप में जन्म लेकर अपने भक्तों की रक्षा की: सुरेंद्र भारद्वाज



**धामपुर।** रानी बाग कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिवस में श्रीमद भागवत कथा व्यास पंडित सुरेंद्र भारद्वाज द्वारा कथा में अमृत वर्षा करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण के रूप में जन्म लेकर अपनी बाल लीलाओं से सभी का मन मोह लिया और कंस का वध कर अपने भक्तों की रक्षा की। कथा में भगवान कृष्ण जन्म की बहुत सुंदर झांकी दिखाई गई, जिसने सबका मन मोह लिया और कथा पंडाल भगवान कृष्ण जयकारों से गूंज उठा। कथा में कंस की कथा का वर्णन किया और उसके अहंकार घमंड को दूर करने के लिए भगवान कृष्ण ने जन्म लेकर उसके पापा का अंत कर अपने भक्तों की रक्षा की। भागवत कथा में उदय प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र चौहान, नितिन चौहान, पीयूष अग्रवाल विजयपाल सिंह, मोनिका चौहान, रोहन चौहान, प्रतिभा चौहान, नीरजा सिंह, रेनू वशिष्ठ, पूजा देवी, कुसुम देवी, पल्लवी चौहान, डिंपल चौहान, कविता देवी, शोभा अग्रवाल आदि भागवत कथा सुन रही थीं। अंत में भागवत भगवान की आरती कर प्रसाद वितरित किया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## एक नजर

### 'ओपन डोर' के विशेषांक का लोकार्पण



**बिजनौर।** जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार व साहित्य भूषण सम्मान से अलंकृत हितेश कुमार शर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित 'ओपन डोर' के विशेषांक का लोकार्पण सिविल लाइंस स्थित गणपति भवन पर किया गया। इस अवसर पर डॉ. पंकज भारद्वाज ने बताया कि शर्मा जी की अब तक विभिन्न विधाओं पर 100 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें साहित्य भूषण सम्मान भी दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 90 वर्ष की आयु में भी उनकी लेखनी क्रियाशील है। इस अवसर पर हितेश शर्मा ने कहा कि अब तक जो भी हो पाया है, मेरी कलम से हो पाया है और वहीं मैंने समाज को समर्पित कर दिया। ओपन डोर के संपादक अमन त्यागी ने कहा कि ओपन डोर का उद्देश्य सभी लब्ध प्रतिष्ठित हिंदी साहित्यकारों के जीवन और कृतित्व को सजाना है। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार, उषा शर्मा, ललित शर्मा एड., तन्मय त्यागी, मौहम्मद आफताब, आशु कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### रक्तदाताओं को किया सम्मानित



**धामपुर।** रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से आयोजित किए गए रक्तदान शिविर मे 32 रक्तदाताओं ने रक्तदान करके मानवता का परिचय दिया। रक्तदान करने वालों में महिलाएं भी शामिल रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के संबंध में चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी में रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष रोटेरियन विवेक अग्रवाल, सचिव रोटेरियन सरदार गगनदीप सिंह चावला तथा कोषाध्यक्ष रोटेरियन शिवम नंदा के अलावा शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं सर्वोदय ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर के डायरेक्टर रोटेरियन डॉ. एनपी सिंह के निर्देशन एवं संयोजन में आयोजित इस रक्तदान शिविर में सबसे पहले रक्तदान करने वाले तीन रक्तदाताओं में विपिन चौहान, प्रांजल रस्तोगी, गोल्डी गर्ग शामिल रहे जिनको विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी चिकित्सक डॉ. रवेंद्र सिंह ने हेलमेट प्रदान करके सम्मानित किया। इसी प्रकार शेष 29 रक्तदाता भी निरंतरता बनाए रहे और उनको हेलमेट देकर संस्था के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। शिविर को सफलता दिलाने में वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, शिवेंद्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विपिन कुमार मिश्रा, डॉक्टर पुलकित महेश्वरी, मनीष गर्ग, वरुण गर्ग, संजय वर्मा, तरुण शर्मा, सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी, डॉ. आदित्य अग्रवाल, ललित गर्ग, अनुराग अग्रवाल, डॉ. विकास अग्रवाल, सरदार सतपाल सिंह चावला, डॉ. राजमोहन विश्वास, प्रतीक गुप्ता आदि सहित अनेक रोटेरियन बंधुओं का समर्पित एवं सराहनीय योगदान रहा। जिन्होंने शिविर के प्रारंभ से लेकर अंतिम चरण तक अपनी निष्ठा पूर्ण सेवाएं प्रदान की।

# फर्जी दस्तावेजों पर कराई दो बीघा जमीन की रजिस्ट्री

## रजिस्ट्री विभाग में भ्रष्टाचार के चलते सामने आया कारनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रजिस्ट्री विभाग में भ्रष्टाचार और लापरवाही का ऐसा मामला सामने आया है जिसने आम जनता का भरोसा हिला दिया है। ग्राम समाज की जमीनों पर कब्जे के मामले तो आए दिन सामने आते हैं, लेकिन इस बार शेरकोट निवासी एक सरकारी अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट और इंटर कॉलेज में कार्यरत अध्यापक से जुड़े गैंग ने मिलकर एक व्यक्ति की दो बीघा जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया।

जानकारी के अनुसार शेरकोट के मौहल्ला चौधरियान निवासी अमित कुमार पुत्र अमर सिंह देहरादून में दवा कंपनी में मैनेजर पद पर कार्यरत हैं। उनकी लगभग 20 बीघा भूमि शेरकोट में स्थित है। अमित के चाचा वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अमित



नौकरी के सिलसिले में देहरादून रहते हैं।

चार दिन पहले उन्होंने अपनी भतीजे की जमीन की फर्द जन सेवा केंद्र से निकलवाई, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जमीन की जांच में सामने आया कि करीब दो बीघा भूमि का फर्जी तरीके से बैनामा कर दिया गया है।

मामले की गहराई से जांच करने पर पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति को अमित बताकर परविंदर कुमार निवासी मनकुआ के नाम यह जमीन 25 जून 2025 को धामपुर रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्टर्ड करा दी गई।

वीरेंद्र कुमार ने जब जानकारी जुटाई तो सामने आया कि इस फर्जीवाड़े में अमित के नाम से नकली आधार कार्ड और पैन कार्ड तक बनवाए गए हैं।

वीरेंद्र कुमार ने इस मामले में तहकीकात की और जानकारी के बाद पुनीत पुत्र राकेश निवासी फुलबाग कॉलोनी को पकड़ लिया। पूछताछ में पुनीत ने खुलासा किया कि इस पूरे षडयंत्र के पीछे शेरकोट निवासी सरीन (सरकारी इंटर कॉलेज अध्यापक, हरिद्वार में कार्यरत) और धामपुर के सरकारी अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के तौर पर काम करने वाला संदीप शामिल हैं।

पुनीत ने स्वीकार किया कि इन्हीं दोनों ने पूरे गैंग के साथ मिलकर अमित कुमार के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कराए और रजिस्ट्री कार्यालय में बैनामा कराया। इसके बदले पुनीत को 2 लाख दोनों ने देना तय किया था। मगर बैनामा कराने के बाद मात्र 15 हजार ही दिए गए।

### पुलिस में शिकायत की तैयारी

वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वह इस मामले की पूरी शिकायत पुलिस में दर्ज कराने जा रहे हैं, ताकि गैंग का खुलासा हो सके और रजिस्ट्री विभाग की लापरवाही भी सामने आए। इस घटना के सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसे फर्जीवाड़े पर लगाम नहीं लगी, तो आम नागरिक की संपत्ति कभी भी अवैध तरीके से हड़पी जा सकती है। यह मामला साफ करता है कि रजिस्ट्री कार्यालय में सिस्टम की खामियां और भ्रष्टाचार किस तरह आम लोगों की जमीनें हड़पने में मददगार साबित हो रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि पुलिस और प्रशासन इस पूरे गैंग पर क्या कार्रवाई करता है और रजिस्ट्री विभाग की जवाबदेही तय की जाती है या नहीं।

### रजिस्ट्री विभाग की भूमिका सवालों के घेरे में

इस खुलासे के बाद सबसे बड़ा सवाल रजिस्ट्री विभाग की भूमिका पर उठ रहा है। आखिरकार बिना वास्तविक जमीन मालिक की मौजूदगी और बिना उचित सत्यापन के कैसे दो बीघा भूमि का बैनामा हो गया? लोगों का कहना है कि रजिस्ट्री कार्यालय में बिचौलियों और भ्रष्टाचार के चलते इस तरह की घटनाएं आम हो गई हैं। अधिकारी सही जांच-पड़ताल किए बिना दस्तावेजों पर मोहर लगा देते हैं, जिससे आम जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## मेराज सिद्दीकी कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष मेराज सिद्दीकी को कांग्रेस का व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नियुक्त किये जाने पर उनके शुभचितकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। वहीं उनको मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला शेखान निवासी व कांग्रेस कमेटी पूर्व नगर अध्यक्ष मेराज सिद्दीकी को कांग्रेस पार्टी के प्रति प्रेम व लगन को देखते हुए व्यापार प्रकोष्ठ पश्चिमी जोन उत्तर प्रदेश का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया। सचिव मेराज सिद्दीकी ने हाईकमान के साथ-साथ अध्यक्ष विनोद बंसल, जिला अध्यक्ष सरफराज मलिक व उपाध्यक्ष नवेद फरीदी,पीसीसी सदस्य पूर्व जिला उपाध्यक्ष संगठन जिला कांग्रेस कमेटी, नजाकत अल्वी का हार्दिक आभार वक्त किया। इस मौके पर मेराज सिद्दीकी ने कहा कि वह लगन व ईमानदारी से कार्य कर जननायक नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मिशन और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए कांग्रेस को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण



योगदान देंगे। मेराज सिद्दकी ने सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम हस्ताक्षर अभियान 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक देशव्यापी अभियान, लक्ष्य 20 करोड़ हस्ताक्षर का है। इस मिशन में तन, मन, धन से बढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया और राहुल गांधी के द्वारा वोट चोरी के खुलासे को लेकर कहा कि उनका हर एक आरोप सही है। इस पर निष्पक्ष कार्यवाही होनी चाहिए और दोषी चुनाव आयोग के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। ये चोरी रोजगार की चोरी है। युवाओं के अधिकार की चोरी है। हर वर्ग, हर जाति के अधिकार की चोरी है। संविधान के नियमों की चोरी है। हम वोट चोरी नहीं होने देंगे।

# शिक्षकों का टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ विरोध

## प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन विधायक अशोक कुमार राणा को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विकास खंड नूरपुर, बुढ़नपुर एवं अल्हैपुर के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से धामपुर में एकत्र होकर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले विधायक अशोक कुमार राणा के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 01 सितम्बर को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया आदेश शिक्षकों के हित में नहीं है। इस आदेश के अनुसार प्रदेश के पूर्व में नियुक्त एवं कार्यरत शिक्षकों को पुन: टीईटी परीक्षा में सम्मिलित होने की बाध्यता उत्पन्न हो गई है। यह न केवल अनुचित है, बल्कि प्रदेश के लाखों शिक्षकों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा।

संघ ने यह मांग रखी कि केंद्र सरकार संसद में आवश्यक संशोधन कर इस आदेश के प्रभाव को समाप्त करे, ताकि पूर्व में चयनित और कार्यरत शिक्षकों को राहत प्रदान की जा सके। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अर्चना सिंह एवं ब्लॉक मंत्री



जयसिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान नजमा खातून, जिला उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, बिजनौर ने कहा कि यह संघर्ष केवल शिक्षकों का ही नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की लड़ाई है। यदि हम सब एकजुट रहेंगे तो हमारी आवाज शासन-प्रशासन तक अवश्य पहुंचेगी।

संघ ने अपेक्षा व्यक्त की कि शासन-प्रशासन शिक्षकों की इस न्यायोचित मांग पर गंभीरता से विचार करेगा और शिक्षा जगत एवं शिक्षकों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

इस मौके पर प्रांतीय संयुक्त मंत्री विश्वपाल सिंह, मंडल महामंत्री हिरेंद्र कुमार, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ठा. राकेश सिंह, सोमेश, प्रदीप, मुकेश, अमरीश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष नूरपुर हितेश कुमार, मंत्री नासिर हुसैन, बुढ़नपुर अध्यक्ष संदीप सिंह, शिव कुमार, भूतेश्वर, हमीद राणा, आफताब अली, नरेश कुमार, उमेश यादव, रीना, सविता, शिखा, मेहरोत्रा, अंशु, मीनू सक्सेना, हेमंत कुमारी, निर्देश कुमारी, हरविंदर कौर अनीता, रीना, उर्मिला देवी, मोनिका, लक्ष्मी ठाकुर अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# भाकियू लोकशक्ति का जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता गन्ना समिति परिसर बिजनौर पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए गन्ना समिति में मासिक पंचायत आयोजित की।

मासिक पंचायत में उपस्थित किसान साथियों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि बहुत सी जगह पर प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है और प्राकृतिक आपदा प्रबंधन किसानों को राहत पहुंचने में नाकाम साबित हो रहा है। आदमखोर गुलदारों के आतंक से जनपद में भय का माहौल है। शुगर मिलों में कार्य करने वाले किसानों के बालकों और मजदूरों को मिल प्रबंधन की लापरवाही के चलते दुर्घटनाओं में जान गंवानी पड रही हैं और जिला प्रशासन और शुगर मिल प्रबंधन घटनाओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है। मासिक पंचायत में विभिन्न किसानी मुद्दों पर चर्चा करते हुए समस्याओं का समाधान कराने के लिए मजबूती से संघर्ष करने पर जोर दिया।

जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने कहा कि जिले में अनैतिक तरीके से एक भी किसान का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जोरदार विरोध प्रदर्शन को देखते हुए नायाब तहसीलदार किसानों के बीच पहुंचे। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने नायब तहसीलदार को किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं से अवगत कराकर माननीय मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन सौंप कर सभी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

इसके बाद भाकियू लोकशक्ति के



## डीएम को सौंपा मांगों से सम्बंधित ज्ञापन

पदाधिकारी जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिलकर किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया और समस्याओं का एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में किसानों ने कहा कि बिलाई शुगर मिल द्वारा गन्ना किसानों का बकाया भुगतान अविलंब दिलाया जाए। और जिले की सभी शुगर मिलों का संचालन अक्टूबर माह में ही शुरू करना सुनिश्चित करें। जिले में व्याप्त आदमखोर गुलदारो के आंतक से मुक्ति दिलायी जाए और गुलदार के हमले में जान गंवाने वाले के परिजनों को 50 लाख रूपये और घायलों को 20 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। गन्ने की खेती में लगने वाली लागत को ध्यान में रखते हुए आगामी गन्ना पेराई सत्र 2025 - 26 में गन्ने का भाव 500 रू /कुंतल घोषित करें। जब सरकार द्वारा नलकूपों की बिजली फ्री कर दी गयी है तो उसके बाद किसानों के नलकूपों पर मीटर क्यो लगायें जा रहे हैं। नलकूपों पर लगाये जा रहे मीटरों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाए।

अत्यधिक वर्षा के कारण कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात बने, ऐसे में किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। शीघ्र प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। शुगर मिलों में कार्य करने वाले किसानों के बालकों और मजदूरों की शुगर मिल प्रबंधन की लापरवाही के कारण आये दिन दुर्घटनाओं में जान गंवानी पड़ रही है और मिल प्रबंधन व शासन प्रशासन गम्भीर नहीं ले रहा है। मामले में जांच कराकर उचित कार्यवाही करें। किसानों को 24 घंटे फ्री निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाए। 60 वर्ष से ऊपर के किसानों व मजदूरों को जीवन यापन हेतु 10000 रू मासिक पेंशन दी जाए। किसानों पर बैंकों के सम्पूर्ण कर्ज को माफ किया जाए। सभी टोल प्लाजा पर किसानों को फ्री आने जाने की सुविधा प्रदान की जाए। खादर क्षेत्र में वालावाली से रावली तक गंगा कटान को रोकने के लिए पक्का तटबंध निर्माण किया जाए। जनपद बिजनौर में विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किसानों से अवैध धन उगाही व अभद्रता की जा रही है। ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों का एक से दूसरे विद्युत उपकेन्द्र पर ट्रांसफर करते रहना चाहिए। गांवों में डेंगू, मलेरिया जैसे रोगों की रोकथाम के लिए मच्छर मारने का छिड़काव कराया जाए। जिलाधिकारी ने जिला स्तर की सभी समस्याओं के अति शीघ्र समाधान कराने और शासन स्तर की समस्याओं से शीघ्र शासन को अवगत कराने का ठोस आश्वासन दिया।

मासिक पंचायत में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, जग्गन अली,चौ. सतबीर सिंह, चौ. भूपेंद्र सिंह, चौ. देवेंद्र सिंह प्रधान जी, प्रदीप राणा, गौरव चौधरी, डॉ. अरूण कुमार, जोगेंद्र सिंह, रामकुमार सिंह, शीशपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, शेर सिंह, योगेंद्र सिंह काकरान, संदीप उपाध्याय, अतुल कुमार, मूला सिंह,नरेश नेता जी, सुखवीर सिंह , अमित राजपूत, रामअवतार राजपूत, देवेन्द्र शर्मा, नौबहार सिंह, नरेश मास्टर, नरेश कुमार, मुव्वशीर वेग, अकरम अली,मूला सिंह, नीटू राणा, राहुल कुमार, अमित राणा, अवधेश चौधरी, विनीत कुमार, भीम सिंह, रोबिन राणा, हुकुम, शहाबुद्दीन अहमद, नईम, सचिन, फुरकान अली, अंकित राठी, आशीष मोदी, परवेंद्र सिंह मलिक, सामत रजा, प्रितम सिंह, महिला जिलाध्यक्ष मोनिका चौधरी, मधु रानी आदि भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अक्टूबर से चलेगा संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान

## डीएम ने ली अंतर विभागीय समन्वय बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में तहसील सदर के डबाकरा हाल में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए अंतर विभागीय समन्वय बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025 तक तथा 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025 तक दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। इस पर उन्होंने अभियान से संबंधित सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी-अपनी कार्य योजना तैयार कर अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाना सुनिश्चित करें। इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर समुचित साफ सफाई बनाए रखें तथा समय समय पर कीटनाशक दवाओं एवं फॉगिंग कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित सभी स्वास्थ्य



अधिकारियों को निर्देश दिये की संचारी रोग एवं वैक्टर जनित रोग के बचाव व सावधानी के बारे में निरंतर प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें तथा अभियान को पूर्णत: सफल बनाने में किसी भी स्तर से कोई कसर न छोडी जाये। उन्होंने कहा कि डेंगू/संचारी रोगों तथा मलेरिया बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसके लिए अंतर विभागीय सहयोग से संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जाये।

उन्होंने जिला पंचायत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि विशेषकर झाडियों की कटाई करना सुनिश्चित करें एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई तथा जल निकासी का विशेष ध्यान रखे। नगरीय क्षेत्रों मे समस्त अधिशासी अधिकारी कचरा निस्तारण तथा नालियों की सफाई के साथ-साथ पेयजल की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखें। अपने रोस्टर के अनुसार कार्य करते हुये बुखार के रोगी मिलने पर विशेषतया उस क्षेत्र में एंटी लार्वा का छिड़काव एवं फॉगिंग कराये जाने के निर्देश प्रदत्त किय जाये।

उन्होंने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान जिस प्रकार विगत वर्षों में सफलतापूर्वक संचा. लित हुआ उससे बेहतर और गुणवत्ता पूर्वक रूप से माह अक्टूबर में आयोजित अभियान आयोजित होने वाले संचारी एवं दस्तक अभियान को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कौशलेंद्र सिंह, आईएएस/ बीडीओ कुणाल रस्तोगी, जिला मलेरिया अधिकारी मंजूषा गुप्ता तहसीलदार सदर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# नौ अक्टूबर की रैली को बसपा झोंक रही पूरी ताकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विस चुनाव से पूर्व नौ अक्टूबर को होने वाली विशाल रैली को लेकर अपनी ताकत का अहसास कराने के प्रयासों में जुटा बसपा हाइकमान ने पूरी ताकत झोंक दी है। रैली से पूर्व संगठनिक ढांचे को दुरूस्त और अधिक से अधिक भीड़ जुटाने को की जा रही समीक्षा बैठक में पश्मिी उत्तर प्रदेश प्रभारी ने कार्यकर्ताओं ओर पदाधिकारियों में जोश भरा।

सम्भल गवां मार्ग चौधरी सराय स्थित पूर्व प्रत्याशी हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा के आवास पर आयोजित बैठक में पहुंचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी मुनकाद अली ने नो अक्टूबर को बसपा संस्थापक मा. कांशीराम की पुण्य तिथि पर लखनऊ में होने वाली विशाल रैली को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होने भारी संख्या में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से पहुंचने का आहवान किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद गिरीश चन्द्र ने कहा कि नौ अक्टूबर को लखनऊ में कार्यकर्ता और पदाधिकारी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। मुख्य सैक्टर प्रभारी जापुर मलिक ने कहा कि सभी विधनसभा बसों के लिए प्वाइंट बना लें। चार पहिया वाहन वालों की सूची बनाने के निर्देश दिए। रणविजय सिंह ले रैली को हर हाल में सफल बनाने पर ज़ोर दिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह एड. ने की जबकि संचालन जिला सचिव रामबहादुर सिंह ने किया। जबकि हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा, साजिद सैफी, सदाकत, वसीम खां, शौकीन, नरेन्द्र कुमार, जगरूप, सचिन कुमार, मौ. साजिद, मोंटी, हरपाल सिंह सागर, अजब सिंह, फिरोज मलिक, अंकुर चौधरी, मदनपाल सिंह, जसवीर सिंह, सत्यभान सिंह, प्रमोद कुमार, डा. अर्जुन प्रजापति, संजय गौतम, सुभाष खागी, धमेन्द्र कुमार, रहे।

## भाजपा छोड़कर बसपा में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** चुनाव से पूर्व पाटियों को छोड़कर आने जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। बसपा की बैठक में गुन्नौर विस क्षेत्र से जमील अहमद कुरैशी ने अपने सर्मथकों के साथ बसपा का दामन थामा।



सम्भल- बसपा नेता हाजी रफतुल्ला के आवास पर बसपा की बैठक में बोलते बाबू मुनकाद अली।

# इंटरनेशल ट्रैड शो में प्रदर्शित होंगे सम्भल के कृषि उत्पाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में जनपद सम्भल के कृषि उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात विभाग की ओर से कृषि आधारित निर्यात योग्य उत्पादों की प्रदर्शनी लगेगी। इस प्रदर्शनी में विभाग की ओर से पूरे प्रदेश से सात निर्यातकों को अपनी स्टॉल लगाने का स्थान मिला है। जिसमें जनपद संभल की निर्यातक फर्म दौलत राइस की ओर से जनपद के चावल का प्रदर्शन किया जाएगा। सम्भल का चावल अब राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय पहचान बना रहा है तथा सरकार निर्यातकों को प्रोत्साहन देकर किसानों को लाभ दिलाने का प्रयास कर रही है।अपने पिछले संस्करणों की अपार सफलता के साथ, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 और भी बड़ा होने वाला है, जिसमें हजारों प्रदर्शक, वैश्विक खरीदार, उद्योग विशेषज्ञ, नीति निर्माता और व्यावसायिक पेशेवर एक ही छत के नीचे एकत्रित होंगे। अत्याधुनिक नवाचारों से लेकर पारंपरिक शिल्पकला तक, उभरते स्टार्टअप से लेकर स्थापित उद्यमों तक, यह व्यापार मेला असीम अवसरों का प्रवेश द्वार है, जो उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक व्यापार केंद्र बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। 25 से 29 सितंबर, 2025 तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होने वाला यह व्यापार मेला आर्थिक विकास और औद्योगिक उत्ख्रष्टता को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश की प्रतिबद्वता का प्रतिबिंब है। मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप, यह आयोजन विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, हस्तशिल्प, ख्रषि आदि सहित विविधउद्योगों में निवेश, व्यापार सहयोग और क्षेत्रीय प्रगति को बढ़ावा देता है।इसमें खरीदारों को तीन प्रमुख वर्गों में वर्गीकृत किया गया है।

# श्राद्ध और तर्पण का आखिरी दिन है पितृ अमावस्या

**सम्भल। ( अनिरुद्ध शर्मा )** सर्व पितृ अमावस्या मनाई गई। सर्व पितृ अमावस्या पितृ पक्ष का आखिरी दिन होता है, जिसे महालया अमावस्या भी कहते हैं। इस दिन पितृ पक्ष का समापन होता है और पितरों को विदाई दी जाती है।इस दिन पितरों के निमित्त श्राद्ध और तर्पण करने का विधान है।सर्व पितृ अमावस्या को सभी अमावस्या में सबसे महत्वपूर्ण और विशेष माना जाता है, जिसका उल्लेख धार्म पुराणों में भी मिलता है। पण्डित सत्यम मिश्र ने बताया कि सर्व पितृ अमावस्या के दिन पितरों का श्राद्ध और तर्पण करने के लिए कथा का पाठ करना बहुत लाभकारी माना जाता है।कहते हैं कि इस कथा का पाठ करने से पितर प्रसन्न होते हैं और जाते हुए अपने वंशजों को आशीर्वाद देकर जाते हैं। सर्व पितृ अमावस्या के दिन कुछ लोग व्रत भी रखते हैं।इस दिन व्रत रखने वालों को व्रत कथा का पाठ करना जरूरी है। पण्डित श्याम बिहारी ने कहा कि सर्व पितृ अमावस्या की कथा के अनुसार, प्राचीन काल में अग्निष्वात और बर्हिषपद नाम के पितृ देव थे। जिनकी एक मानस पुत्री थीं अक्षोदा। अपने पितरों को प्रसन्न करने के लिए अक्षोदा ने आश्विन मास की अमावस्या पर पितरों के लिए तप किया था। अक्षोदा की तपस्या से प्रसन्न होकर सभी पितर देवताओं ने अक्षोदा से वरदान मांगने को कहा ।लेकिन अक्षोदा का पूरा ध्यान एक तेजस्वी पितर अमावसु पर था। अक्षोदा ने अमावसु से कहा वरदान के रूप में मैं आपका साथ चाहती हूं। अक्षोदा की इस बात से सभी पितर देव क्रोधित हो गए और उन्होंने अक्षोदा को श्राप दिया कि वह पितृ लोक से पृथ्वी लोक जाएंगी। पितरों की यह बात सुनकर अक्षोदा को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने पितर देवों से माफी मांगी। तब पितरों ने दया कर उससे कहा कि वह अगले जन्म में मत्स्य कन्या के रूप में जन्म लेगी। पितर देवों ने आगे कहा कि वहां ब्रह्माजी के वंशज महर्षि पाराशर उस मत्स्य कन्या को पति रूप में मिलेंगे और तब उनके गर्भ से भगवान वेद व्यास जन्म लेंगे। इसके बाद श्राप मुक्त होकर वह फिर से पितर लोक में वापस आ सकेंगी लेकिन सभी पितर देवता पितृ अमावसु से भी प्रसन्न थे। उन सभी ने पितृ अमावसु को वरदान दिया कि उन्होंने जिस तरह स्त्री के सौन्दर्य के आगे आपने अपने मन को स्थिर रखा, वह प्रशंसनीय है। इसी वजह से यह तिथि उनके नाम यानी अमावसु के रूप में जानी जाएगी। धार्मिक मान्यता है कि तभी से इस दिन का नाम सर्व पितृ अमावस्या पड़ा।

**०स्त्री के सौन्दर्य के आगे अपने-अपने मन को स्थिर रखा, वह प्रशंसनीय**

# पैगम्बरे इस्लाम से इंसानियत से जीवन गुज़ारने का मिलता रास्ता

**०सौहार्द का पैगाम लेकर पहुंचे सज्जादा नशीं का पूर्व चेयरमैन नुसरत इलाही ने किया स्वागत**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सदभावना और सौहार्द का पैगाम लेकर पहुंचे पानीपत दरगाह शाह विलायत हजरत ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्क पानीपति के सज्जादानशीन व हरियाणा हज कमेटी के सदस्य का ज़ोरदार स्वागत किया गया। जबकि कार्यक्रम में हुजूर की तालीम और इंसानियत के पैगाम को आम किया।

रविवार को पानीपत दरगाह शाह विलायत हजरत ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्क पानीपति के सज्जादानशीन व हरियाणा हज कमेटी के सदस्य ख्वाजा हाफिज सय्यद मेराज हुसैन साबरी का सिरसी रेलवे क्रॉसिंग के निकट स्थित कोल्ड स्टोर गेस्ट हाउस पर हाजी नुसरत इलाही जामई पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद सम्भल एवं राष्ट्रीय संयोजक भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागतज किया। तत्पश्चात आयोजित कार्यक्रम में मेराज मियां व हाजी नुसरत इलाही ने सूफीइज़्म को लेकर गुफ्तगू की ओर आपसी भाईचारे एवं सौहार्द पर बल दिया। मेराज मियां ने कहा कि पैगम्बर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम तमाम आलम के लिए रहमत बनकर आए। आपकी जिन्दगी से मोहब्बत, प्यार ओर इंसानियत की जिन्दगी गुजारने का रास्ता मिलता है। हमे हुजूर की तालीम और इंसानियत के दिए गए पैगाम को आम करते हुए दिलों को जोड़ने और मोहब्बत कायम करने की आवश्यकता है। सूफी संत हमेशा सूफी इज्म की ही बात करते है। इस मौके पर रामनगर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन एवं उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन हाजी अकरम साबरी, पूर्व वाइस चैयरमैन नगर पालिका परिषद सम्भल मौ. याकूब गामा एडवोकेट, दरगाह हजरत जुनैद शाह मियां गुलामाने साबरी कमेटी सम्भल के कैशियर व प्रभारी फरजन्द अली वारसी, मौ. अनस, बाबर खां साबरी, मुजफ्फर हुसैन, आमिर साबरी हल्द्वानी, रिजवान चन्दायन, मौ. चांद, मजहर हुसैन, शाने आलम एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



सम्भल- दरगाह ख्वाजा शमशुददीन पानीपत के सज्जादा नशीन का स्वागत कर ले जाते।

## गोवंशीय पशु के गोशाला में भेजने की खुली पोल टकराकर बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** आवारा गोवंशीय पशुओं के गौशालाओं में पहुंचाने के प्रशासन के दावे की एस समय पोल खुल गई जब गोवंशीय पशु से टकराये बाइक सवार की मौत हो गयी।

यारा फर्टिलाइजर के मेन गेट से एक किलोमीटर दूर विलेज हाउस के नजदीक गोवंशीय पशु से टकराकर बाइक सवार दिनेश (25) की मौत हो गई। हादसे के समय युवक यारा फर्टिलाइजर में काम कर बाइक से अपने घर लौट रहा था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के गांव मेहुआ हसनगंज निवासी दिनेश यारा फर्टिलाइजर में मजदूरी का काम करता था। वह यारा फर्टिलाइजर से अपने घर बाइक से जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक गंवा रोड पर यारा फर्टिलाइजर के विलेज हाउस के पास पहुंची तो अचानक उनकी बाइक के सामने एक छुट्टा पशु आ गया, जिससे उनकी बाइक टकरा गई और बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# आकांक्षा हाटा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का परिणाम: मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सात दिवसीय आकांक्षा हाट और सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

बहजोई रोडवेज बस स्टेंड परिसर में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा ब्लॉक कार्यक्रम के अर्न्तगत हाट कार्यक्रम का जनपद के प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्डस एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने फीता काटकर किया। जबकि मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के अर्न्गत मुख्य अतिथि ने आकांक्षा हाट एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हस्ताक्षर एवं हुनर की छाप के अर्न्तगत छाप लगायी तथा विभिन्न विभागों के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगायी गई स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने सहायता समूहों के माध्यम से निर्मित गौमय उत्पाद एव अन्य उत्पाद जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा भेंट किए गए।जबकि अन्य अतिथियों को पुष्प एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया। इसके अलावा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विषलय की छात्राओं ने सरस्वतीी वंदना और स्वागत गान कर यूपी वाले भैये गाने पर भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं साप्ताहिक आकांक्षा हाट की विस्तृत जानकारी दी। पूर्वमंत्री अजीत कुमार राजू यादव ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की सराहना की। कार्यक्रम को पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी ने भी सम्बोधित किया। जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने पीएम और सीएम के अंतिम व्यक्ति के उत्थान को मिल रहे सहयोग के लिए आकांक्षा हाट को महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि आकांक्षाहाटा प्रणनमंत्री व मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का परिणाम है। आकांक्षाहाटा से स्वदेशी उत्पादों का क्रय कर दीदीयों का मनोल बढ़ाना चाहिये।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-पितृ अमावस्या पर राजघाटा गंगाघाट पर स्नान करते श्रद्धालु।

## राजघाट पर रही श्रद्धालुओं की भीड़

**बबराला।** गंगा घाट राजघाट पर पितृ विसर्जन अमावस्या पर भारी भीड़ रही। लोगों ने स्नान कर अपने पितरों को तर्पण किया। राजघाट गंगा घाट पर सुबह से ही लोगों की भीड़ स्नान को लगने लगी थी। लोग अपने वाहनों से राजघाट पहुंचे ।स्नान करने के बाद सभी ने अपने पितरों को दीपक जलाकर तर्पण किया। पितृ विसर्जन अमावस्या पर पितरों को तर्पण करने की प्रथा है ।इसके चलते लोगों ने अपने पितरों को गंगा घाट पर जाकर तर्पण किया। स्नान के चलते लोगों की भारी भीड़ रही। जिसके चलते वाहनों की वजह से इंदिरा चौक पर जाम की स्थिति कई बार बनी। पुलिस व्यवस्था गंगा घाट पर मुस्तैद रही। डग्गामार वाहनों की भी यात्रियों के कारण खूब चांदी रही।

## कैम्प में होगा बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** विद्युत वितरण खंड बबराला पर 22, 23 एवं 24 सितम्बर 2025 को उपभोक्ताओं के विद्युत बिल जमा करने, पीएम सूर्य घर योजना, स्मार्ट मीटर स्थापन, बिल संशोधन करने, नए संयोजन निर्गत करना, लोड बढ़ाना, मीटर बदलना एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं के निस्तारण हेतु विशाल वाणिज्यिक मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड बबराला अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि इसके दृष्टिगत विद्युत वितरण खंड बबराला के सभी उपभोक्ता अपने विद्युत संबंधी किसी प्रकार की शिकायत के लिए विद्युत वितरण खंड बबराला पर आयोजित होने वाले मेगा कैंप में पहुंच कर समाधान करा सकते हैं।

# मैंथा व्यवसायी के प्रतिष्ठान पर एसआईबी का छापा

**०घंटों तक चली छापामार कार्रवाई में खंगाले दस्तावेज़, मोटा टैक्स वसूली की कार्रवाई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** देर सांय पहुंची एसआइबी की टीम ने मैंथा व्यवसायी के प्रतिष्ठान पर छापा मार कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसरार एसआइबी ने मोटा टैक्स वसूल किया।

शनिवार की देर सांय एसआईबी की टीम ने चिकित्सक एवं मैंथा व्यवसायी के कुरकावली स्थित कोल्ड स्टोरेज में छापा मारा। मैंथा का बड़ा टैक्स चोरी की सूचना पर पहुंची एसआइबी ने घंटो दस्तावेज खंगाले। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छह लाख के मेंथा पर तीन लाख रुपये एसआईबी मुरादाबाद ने जमा कराए। काफी देर तक इस प्रक्रिया मे तमाम दस्तावेजों को चैक किया गया और मैंथा से जुड़ी जानकारियां टीम ने करते हुए आगे की टैक्स की कार्यवाही की। इस दौरान टीम मे आर. ए. सेठ, अपर आयुक्त ग्रेड-2 एसआईबी राज्य कर मुरादाबाद जोन मुरादाबाद, धीरज कुमार सिंह एसटीओ एसआईबी रेंज-ए। मोहम्मद नफीस एसटीओ एसआईबी रेंज-ए चरन सिंह-एसी राहत चाँद एसी सचल दल मुरादाबाद रहे।

## चामुंडा मंदिर पर आज शुरू होगी रामलीला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर गुन्नौर के बिजली घर चामुंडा मंदिर पर रामलीला का शुभारंभ आज सोमवार को होगा। आदर्श रामलीला कमेटी गुन्नौर के द्वारा भगवान श्रीराम के पावन जीवन चरित्र का भव्य मंचन प्रतिदिन होगा। जिसमें आदर्श मर्यादाओं, त्याग, प्रेम एवं धार्म की अमर गाथाओं का अद्भुत प्रदर्शन किया जाएगा। जबकि विशेष आकर्षण रामबारात 26 सितम्बर (शुक्रवार) कोतवाली, गुन्नौर से प्रारंभ होकर रामलीला मैदान निकट बिजली घर, चामुंडा मंदिर, गुन्नौर पर होगा। भव्य शोभायात्रा का जयकारों की गूंज, पुष्पवर्षा और भक्तिभाव से ओत-प्रोत वातावरण में आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी रामलीला प्रधान विनोद वार्ष्णेय ने दी।

## शेख आदिल जिलाध्यक्ष मनोनीत

**सम्भल।** उत्थान राष्ट्रीय विकास पार्टी का शेख आदिल को सामान्य वर्ग का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।

# उड़ान ग्रुप कलाकारों का चित्रकारी में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** उड़ान ग्रुप कलाकारों ने चित्रकला में बेहतर प्रदर्शन कर प्रमाण पत्र हासिल किये।

नई दिल्ली में एनडीएमसी के कोलैबोरेशन में विश्व के सबसे बड़े कैनवास 10 किलो मीटर तक के कैनवास को बनाया गया और उसमें 35000 से ज्यादा कलाकारों ने प्रतिभा किया और प्रधानमंत्री के द्वारा चलाई यह कार्यक्रम कर्तव्य पथ से इंडिया गेट तक कैनवास लगाया गया था सभी योजनाओं के लेकर चित्रकारी की गई। जिसमें जिला संभल से भी उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप बबराला को सम्मिलित होने का अवसर मिला और सभी कलाकारों को प्रमाण पत्र भी दिया गया।उड़ान ग्रुप संचालिका ममता राजपूत ने बताया कि इस कार्यक्रम में माही गुप्ता संजना यादव गुंजन यादव की यशी अमन राजपूत राजपूत के द्वारा एक ग्रुप पेंटिंग बनाई गई जिसमें कलाकारों ने अपने जिले की वृत्त कलाओं का भी प्रदर्शन किया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा विलुप्त कलाओं पर भी कार्य किया जा रहा है जिसमें हमने अपनी कला को प्रमोट किया एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी योजना को लेकर भी एक कैनवास पर चित्रकारी की भारतीय वर्मा पिंकी ममता राजपूत के द्वारा भी एक बहुत बड़े कैनवास पर काम किया गया जिसमें सभी सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना लखपति दीदी,मिशन सिंदूर, स्वास्थ्य विभाग आदि योजनाओं को लेकर कार्य किया गया। उनके सम्मान लेकर लौटने पर हर्ष व्यक्त किया गया।




बबराला- एनडीएमसी के कैनवास में सम्मानित उड़ान ग्रुप के सदस्य।



सम्भल- नैमिषारणाय तीर्थ पर गोष्ठी को सम्बोधित करते कल्कि पीठाधीश्वर।

## कल्कि पीठाधीश्वर बोले सांसद आतंकवादियों के रिश्तेदार

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सम्भल का भविष्य एक चिंतन में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि अतीत हमारे भविष्य का दर्पण है सम्भल के भविष्य के विषय में चिंतन करते हुए हमें सम्भल के अतीत का विशेष अध्ययन भी करना चाहिए।

वह नैमिषारण्य तीर्थ क्षेमनाथ पर आयोजित विचार गोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि सम्भल का धार्मिक महत्व अयोध्या और मथुरा जितना ही है, यही कारण है कि जिस तैमूरी मानसिकता ने श्रीराम मंदिर का विध्वंस कर सनातन का अपमान करने का कार्य किया, जिस तैमूरी मानसिकता ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मस्थान को अपमानित करने का कार्य किया, उसी मानसिकता ने सम्भल का भी विनाश करने में पूरा योगदान दिया। सम्भल में श्री कल्कि धाम निर्माण पर रोक लगाने का कार्य भी इसी मानसिकता के लोगों कार्य था, किंतु 18 वर्ष के निरंतर कानूनी संघर्ष के पश्चात भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से श्री कल्कि धका शिलान्यास हुआ। सम्भल की प्रसिद्वी देश-देशांतर में लगातार बढ़ रही है। सनातन के ध्वज का केंद्र अब सम्भल ही है, ऐसे में सम्भल का भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए हमें तन-मन-धन से समर्पित होना होगा। पत्रकारों के एक सवाल का जबाव देते हुए श्री कल्कि पीठाधीश्वर ने सम्भल के सांसद आतंकवादियों के रिश्तेदार होने का खुला आरोप लगाया। कहा किं इनकी बहुत बड़ी साजिश सम्भल को दंगों की आग में झोंकने की थी जिसे सम्भल प्रशासन ने समय रहते नाकाम कर दिया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उदयपुर फाइल्स फिल्म के निर्माता अमित जानी ने कहा कि सम्भल की एक पहचान साम्प्रदायिक दंगों की रही है और दंगों से जुड़ा दूसरा पक्ष यह है कि प्रत्येक दंगे के बाद यहां से हिंदुओं का पलायन हुआ है इसीलिए सम्भल में लगातार हिंदुओं की जनसंख्या घटती जा रही है। नैमिषारण्य तीर्थ के महंत बाल योगी आदित्यनाथ ने सम्भल में पूर्व में हुए सांप्रदायिक दंगों का संक्षिप्त विवरण सभी के सामने प्रस्तुत किया, इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश सिंहल, विश्व हिन्दू परिषद के संगठन मंत्री गौरव, अजय शर्मा, यश चौहान आदि उपस्थित रहे।

# भक्तों के संकट तत्काल हर लेते हैं भगवान श्रीगोरखनाथ



**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** योगेश्वर भगवान श्रीगोरख नाथ अमर गाथा के सातवें सौपान पर सहज योग व साबर विध्या मंत्रो के जन्मदाता जिन्होने संसार से जादू टोना अकाल भुखमरी का नाश करने व दिव्य मंत्र शक्ति सिद्वि योग के दुरुपयोग रोकने को धरती पर अवतार धारण करने का वर्णन किया।

उप नगरी सराय तरीन स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही अमरगाथा में आध्यात्मिक गुरू पं. राधेश्याम श्रीमाली ने कहा कि साबर विध्या मंत्रो के जन्मदाता जिन्होने संसार से जादू टोना अकाल भुखमरी का नाश करने व दिव्य मंत्र शक्ति सिद्वि योग के दुरुपयोग रोकने को धरती पर अवतार धारण किया जिनके साथ चौदह सौ चेले गुप्त और चौदह सौ चेले प्रकट साथ में रहते थे। उन्होंने कई निर्बल निसहाय निराश्रित भक्तो राजा बनाया जिसमे गरीब निर्धन शिव भक्तनी भोजवती के पुत्र बसंतदेव को नेपाल का राजा त्रिविक्रम को काशी का राजा और मानकचंद को हैलापटन व वीर विक्रमादित्य को उज्जैन का राजा बनाया साथ कयी अहंकारी राजाओं का मान मर्दन कर राजा फकीर बनाया उन्होंने कहा भगवान श्रीगोरखनाथ करुणा और दया के महासागर हैं। बो अपने भक्त जनो के संकट तत्काल हर लेते हैं। उनकी अमर गाथा कल्याणकारी तो है। ही साथ भटक रहे पित्रे के लिए भी तृप्त संतुष्ट और पुष्ट करने बाली है। आज समापन अवसर पर लगभग एक हजार भक्त जनो ने भंडारा भोग ग्रहण कर योगेश्वर गोरख नाथ महाराज की महिमा का गुणगान कर धर्म लाभ का अर्जन किया, शिवगोरख युवा वाहिनी सेवादल सहित शिवगोरख मंदिर समिति की सभी इकाय के पदाधिकारियो व सदस्य साधक साधिकाए उपस्थित रहे। इस मौके पर ज्वालेश श्रीमाली, सतीश चन्द्र, दोलत राम, डा. विकास सैनी, नरेश कुमार, नितिन कुमार, अनमोल सैनी, आनंद कुमार, दिनेश मोहन,योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली, संजीव कुमार, नितिन मिश्रा, महन्त जुगल किशोर मिश्रा, गोपेश गुप्ता, कल्लूराम आदि मौजूद रहे।

# रामलीला के पात्र देते हैं हमें सीख

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में रामलीला कमेटी के तत्वाधान में रामलीला का शुभारंभ किया गया विधि विधान के साथ पूजन किया गया सभी से श्री राम के आदर्शों को ग्रहण करने का रावण रूपी कृतियों का विनाश करने को कहा गया।

नगर पंचायत कार्यालय के सामने मैदान पर रामलीला का भव्य गरिमापूर्ण पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, आनंदपुर आश्रम के महंत पुनीतानंद महाराज एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। सभी ने सर्वप्रथम गणेश जी व श्रीराम भगवान का पूजन किया इस शुभ अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने कहा कि रामायण का युवा पीढ़ी संज्ञान ले।इसके सभी पात्र हमे सीखने की प्रेरणा देते हैं। पूर्व मंत्री अजीत यादव ने कहा कि रामलीला के सभी पात्र हमें शिक्षा व सीख प्रदान करते हैं श्रीराम का चरित्र आदर्श पुत्र आदर्श भाई का है उन्होंने पिता के बचन को 14 वर्ष का वनवास काटा यह आदर्श पुत्र का लक्षण है कि वह पिता की आज्ञा का पालन करें श्रीराम ने अपने भाई भरत लक्ष्मण शत्रुघन को मित्रवत प्यार किया अपनी पत्नी सीता जी को आदर्श पति के रुप में दायित्वों का निर्वहन किया लक्ष्मण का भरत का चरित्र आदर्श भाई का है। एक ने राजमहल छोड़कर भाई के साथ वनवास काटा तो दूसरे राजगद्दी नहीं अपना ही सीता जी ने पति के के साथ रहकर वनवास काटा हनुमान जी ने श्री राम जी के सेवक के रूप में कार्य किया इनका सभी को शिक्षा मिलती है हमें उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। रामलीला मैदान में पहले ही दिन आस पास के गाँव के श्रृद्वालुओं की भीड़ रही। इस मौके पर प्रशान्त वार्ष्णेय, डिम्पल वार्ष्णेय, आकाश, अरविंद आदि मौजूद रहे।

**०विधि-विधान के साथ रामलीला का शुभारम्भ**

## शारदीय नवरात्र के शुभारम्भ पर स्थानीय स्कूलों में अवकाश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** शारदीय नवरात्र पर शैक्षण्कि संस्थानों पर अवकाश रहेगा। कल आज से शारदीय नवरात्र प्रारम्भ हो रहे है। इसलिए घट स्थापना/प्रतिपदा दिवस मनाया जाना है। जिलाधिकारी ने अवकाश घोषित किया है।

# डीआईजी, एसएसपी और एसपी ग्रामीण ने महिला सशक्तिकरण बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए प्रारम्भ किए गए मिशन शक्ति विशेष अभियान(फेज-05) के तहत, रविवार को जनपद मुरादाबाद में महिला सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को डीआईजी मुनिराज जी,एसएसपी सतपाल अंतिल,एसपी ग्रामीण कुँवर आकाश सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन्स से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शहर के कई इलाको में पहुँची। रैली में भाग ले रही सभी महिला आरक्षियों को पुलिस अधिकारियों के द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य समाज में महिलाओं को उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है।रैली के दौरान, सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी रैली में शामिल महिला पुलिसकर्मियों के द्वारा महिलाओं व युवतियों को दी गई दी गई, जिनमें वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस सहायता नंबर 112 और चाइल्डलाइन 1098 शामिल हैं। इन नंबरों का उद्देश्य संकट में फंसी महिलाओं और बच्चों को तुरंत सहायता प्रदान करना है।साथ ही वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में भी महत्वपूर्ण सावधानियां बताई गईं।

जिसका लक्ष्य महिलाओं को एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान करना है। इस जागरूकता रैली कार्यक्रम में सुनीता दहिया, क्षेत्राधिकारी कोतवाली, रकम सिंह प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन मुरादाबाद, समीक्षा, प्रभारी मिशन शक्ति सेल का विशेष योगदान रहा।

# भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत की सभा को लेकर पदाधिकारियो का नगर में जनसंपर्क जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** बुधवार को अंबेडकर पार्क मुरादाबाद में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के आगमन को लेकर आज सैनी धर्मशाला पट्टी वाला कांठ में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर नौ सिहं एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने नगर वासियों के सामने टिकैत संगठन द्वारा किए जा रहे एवं किए गए किसान हितैषी कार्यों का वर्णन किया। कहा कि 24 सितंबर की महापंचायत को सफल बनाने के लिए सभी को अम्बेडकर पार्क पहुंचना चाहिए। उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। संचालन मास्टर बाबूराम सिंह, एवं अध्यक्षता ओमराज सिंह बिश्नोई की रही। तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह, जिला प्रवक्ता गौरव तोमर, सचिन चौधरी, अजय सिंह, रणजीत सिंह, सियाराम बिश्नोई, रामकला गुर्जर, महेश ठाकुर, नवनीत बिश्नोई, प्रिंस चौधरी, अंश चौधरी, विजेंद्र सिंह, महिपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, धर्मपाल सैनी, ओमपाल सैनी, चंद्र किशोर सिंह, आलम मेंबर साहब, रामचंद्रसिंह, अमर सिंह, महिपाल सिंह, सलीम अहमद, बलराज सिंह, अरविंद बिश्नोई उर्फ जोनी आदि बैठक में मौजूद रहे।

## एक नजर

### आईएफटीएम के 126 विद्यार्थियों को मिली जॉब

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से डिप्लोमा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 58, डिप्लोमा, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 44, डिप्लोमा, इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के 12 एवं डिप्लोमा, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग 12 विद्यार्थियों का गुरूग्राम, हरियाणा स्थित कम्पनी 'के.पी. रिलायबल टैक्निक इण्डिया प्रा0 लि0'' में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विद्यार्थी अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने उक्त कम्पनी के एचआर मैनेजर श्री पंकज दुबे के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी श्री आशीष अग्रवाल समेत यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयकों श्री अंकित अग्रवाल, श्री जावेद, श्री अरविन्द चौधरी, श्री संजीव कुमार सिंह एवं श्री संजीव भारद्वाज का योगदान रहा।

### भोजपुर में उलेमाओं ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन




**भोजपुर।** रविवार को उलेमाओं ने भोजपुर पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया आई लव मुहम्मद दर्ज मुकदमों में एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम सौंपा गया। जिसमें उलेमाओं ने ज्ञापन देते हुए मांग की आई लव मुहम्मद नाम लिखा, जिस पर लगाए जाने पर इस नई परंपरा बताते हुए करीब 25 मुस्लिम युवकों के खिलाफ पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया था जो दुर्भाग्यपूर्ण है भारतीय संविधान की मूल अधिकारों का खुला उल्लंघन है आई लव मुहम्मद लिखना किसी भी तरह का अपराध या नई परंपरा नहीं है, बल्कि इस्लाम के पैगंबर हजरत मुहम्मद के जन्म दिवस पर मनाई जा रही खुशी का एक हिस्सा है। उलेमाओं ने बताया कि एक पक्षीय कार्रवाही करना किसी भी तरह उचित नहीं है। इस दौरान नगर इमाम मौलाना हनीफ मिस्बाही, मुफ्ती आकिल रजा,मौलाना अब्दुल वाजिद,मुफ्ती हाशिम, कारी रियासत, मुफ्ती रशीद, मुफ्ती शरीफउल हक, मुफ्ती मोहम्मद अहमद, मुफ्ती गयासुद्दीन, मुफ्ती इश्तियाक, मुफ्ती अशफाक आदि मौजूद रहें।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जीत राष्ट्रीय हित में युवाओं का समर्थन

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला प्रमुख धर्मेंद्र गांधी ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के बाद अब हैदराबाद स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्र संघ के चुनाव में सभी सीटों पर अपना कब्जा जमा लिया है। इससे प्रतीत होता है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का युवा राष्ट्रीय हित में कदम उठा चुका है। हैदराबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव की जीत से यह साबित हो गया है कि युवा अब राष्ट्र विरोधी शक्तियों का डटकर मुकाबला करेगा।

### भोजपुर में पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही: टूटे रोड पर हादसों का सिलसिला जारी



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** भोजपुर में पीडब्ल्यूडी विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां सेहल से खानपुर तक की सड़क टूटी और क्षतिग्रस्त है। इस सड़क से हजारों लोग प्रतिदिन गुजरते हैं, जिनमें मजदूर वर्ग के लोग भी शामिल हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर गहरे गड्ढे हैं, जिनमें पानी भरा होने के कारण वाहन चालकों को यह अनुमान लगाना मुश्किल हो रहा है कि सड़क कहां है और गड्ढे कहां हैं। इस कारण आए दिन वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग को कई बार अवगत कराने के बाद भी विभाग द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर रोड का निर्माण कराने की मांग की है। धर्मेंद्र सिंह एडवोकेट का कहना है कि पीडब्ल्यूडी विभाग कुंभकरण की नींद सोया हुआ है और उसे कोई फर्क नहीं पड़ता कि टूटे रोड पर वाहन चालकों के साथ कोई हादसा हो। अब देखना यह है कि पीडब्ल्यूडी विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने निकाली बाइक रैली



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिलाओं को अपनी सुरक्षा व अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए नगर में महिला पुलिस कर्मियों ने बाइक और स्कूटी रैली निकाली। जिसमें भारी तादात में महिला पुलिसकर्मी शामिल रही। रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। जहां जगह-जगह महिलाओं को सरकारी योजनाओं व सरकार की नीतियों के बारे में जानकारी दी और महिलाओं को उनके कानूनी बात संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। रविवार को बिलारी कोतवाली से महिला पुलिस कर्मियों ने रैली निकाली। रैली के दौरान महिला पुलिसकर्मी स्कूटियों पर सवार थी। यहां से यह बिलारी के गांधी पार्क के अलावा अनेकों स्थान पर पहुंची। जहां उन्होंने जगह-जगह महिलाओं को वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, पुलिस सहायता नंबर 112 और चाइल्ड लाइन नंबर 1098 आदि के बारे में बताया। इसके अलावा साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताएं। सोशल मीडिया से संबंधित जानक. ारी भी दी। भारत में महिलाओं ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत जानकारी पाई।

# मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की होगी आराधना

## नगर के मंदिरों में भव्य सजावट पूरी, भक्तों में उल्लास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शक्ति उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र आज से प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति का माहौल बन गया है। नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, व्रत-उपवास और भजन-कीर्तन का सिलसिला चलेगा। मंदिरों को फूलों, झालरों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। नगर के प्रमुख सीतारोड स्थित बगिया वाली देवी मंदिर, रायसत्ती मंदिर, मौलागढ़ स्थित काली माता मंदिर, रामबाग धाम स्थित सिद्धिदात्री मंदिर आदि में विशेष आकर्षण देखने को मिल रहा है। इन मंदिरों में मां के दर्शनों के लिए अलग से कतार व्यवस्था की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे-बड़े देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। नवरात्र में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजन परंपरा है। मां शैलपुत्री- पर्वतराज हिमालय की पुत्री, कल्याण और शांति की दात्री। मां ब्रह्मचारिणी-तपस्या और संयम का प्रतीक, जो भक्तों को शक्ति और भक्ति प्रदान करती हैं। मां चंद्रघंटा-जिनकी घण्टानाद से दुष्ट शक्तियां कांप उठती हैं, शांति और वीरता की अधिष्ठात्री। मां कूष्मांडा-ब्रह्मांड की सृष्टिकर्त्री, सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की देवी। मां स्कंदमाता-भगवान कार्तिकेय की माता, जो संतान सुख और मोक्ष का आशीर्वाद देती हैं। मां कात्यायनी-असुरों का संहार कर धर्म की स्थापना करने वाली। मां कालरात्रि-भय का नाश कर भक्तों को निर्भय बनाने वाली। मां महागौरी-निर्मल और पावन रूप, जो जीवन से अंधकार दूर करती हैं। मां सिद्धिदात्री-सभी सिद्धियों और शक्तियों की प्रदाता, जो भक्तों को दिव्य ज्ञान और मोक्ष देती हैं। श्रद्धालु माँ की महिमा का गुणगान करते हुए दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे। वातावरण में 'जय माता दी' के उद्घोष गूंजेंगे। जो भक्त नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएँ पूरी होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि, शांति तथा शक्ति का वास होता है। नगर के इन नौ दिनों के उत्सव से जनमानस में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा और वातावरण देवी भक्ति में सराबोर रहेगा।




# रोटरी व इनरव्हील क्लब ने निकाली अंगदान जागरुकता रैली

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बिसौली गेट स्थित रोटरी आई हॉस्पिटल से अंगदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय और रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन कुमार अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में रोट्रैक्ट क्लब, इंटरेक्ट क्लब, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इनरव्हील क्लब के सदस्यों ने नगर भर में घूमकर लोगों को अंगदान का महत्व समझाया। इस अवसर पर राहुल अग्रवाल, भुवनेश वार्ष्णेय, अखिलेश खिलाड़ी, गिरीश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि जीते जी रक्तदान से जीवन बचाया जा सकता है, नेत्रदान से किसी को रोशनी दी जा सकती है और मृत्यु के बाद अंगदान करके कई लोगों को नया जीवन दिया जा सकता है। अंगदान सुरक्षित प्रक्रिया है और इसे सबसे बड़ा दान माना जाता है।

# चन्दौसी में जूता उद्योग बना बड़ा हब

**चन्दौसी।** नगर के चुन्नी मौहल्ला, सैमरटोला से लेकर करेली रोड तक जूता उद्योग कुटीर उद्योग के रूप में तेजी से पनप रहा है और चन्दौसी का जूता व्यापार अब एक बड़ा हब बन चुका है। यहां से रोजाना ट्रकों के माध्यम से बदायूं, बरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, संभल, गजरौला और रामपुर तक स्पोर्ट्स शूज की सप्लाई की जाती है। स्थानीय थोक व्यापारियों द्वारा इन जूतों को विभिन्न जनपदों में टैक्स सहित बिलिंग के साथ भेजा जाता है। चुन्नी मौहल्ला के थोक विक्रेता और पूर्व सभासद थानेश्वर दयाल ने बताया कि वर्तमान समय में जूता व्यवसाय बड़े पैमाने पर कुटीर उद्योग के रूप में संचालित हो रहा है। इस उद्योग में काफी संख्या में युवक काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उचित सहयोग प्रदान करे तो चन्दौसी का जूता उद्योग और ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है। इसके अलावा, सर्दी के मौसम के आने के कारण जूतों की मांग में वृद्धि के आसार भी दिखाई दे रहे हैं।

# आईएफटीएम की डॉ. श्वेता वर्मा को मिला महिला शोधकर्ता सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की फार्मेसी अकादमी की विभागाध्यक्षा डॉ. श्वेता वर्मा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित महिला शोधकर्ता सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स से अनुमोदित और पंजीकृत साइंटिफिक लॉरेल्स कमेटी द्वारा सितम्बर 2025 में उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों और फार्मेसी शिक्षा क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. वर्मा ने पिछले वर्षों में स्वास्थ्य, फार्मेसी और महिला सशक्तिकरण से जुड़े अनेक विषयों पर शोध कार्य किया है। उनके 31 से अधिक शोध-पत्र राष्ट्रीय और अंत. रराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. वर्मा ने अब तक 6 पुस्तकें प्रकाशित की हैं, साथ ही उन्होंने 10 से अधिक बुक चौप्टर्स में योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त इनके 11 पेटेंट्स भी प्रकाशित एवं ग्रांट हो चुके है। डॉ. वर्मा को इससे पहले भी कई पुरुस्कारों से नवाजा गया है। वे गत 15 वर्षों से शिक्षण कार्य में निरंतर सक्रिय हैं और विद्यार्थियों को शोध एवं नवाचार की




दिशा में प्रेरित कर रही हैं। उनके मार्गदर्शन में कई विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां प्राप्त की हैं। डॉ. वर्मा ने इस सम्मान को अपने विद्यार्थियों और सहयोगियों को समर्पित किया।

डॉ. वर्मा की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनकी यह उपलब्धि अन्य महिला अध्यापकों को भी उत्तम कार्य करने हेतु प्रेरित करेगी। आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिवार ने डॉ. वर्मा की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

# आर्य समाज हिंदी और संस्कृत का पोषक है: डा. महेश दिवाकर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग के अंतर्गत महर्षि दयानंद सरस्वती के गुरु विरजानंद जयंती एवं राष्ट्र भाषा हिंदी दिवस मनाया गया। आयोजन के प्रारंभ में पंडित वीरेंद्र आर्य ने रमाशंकर आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात मथुरा प्रसाद आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किया और डा राममुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश को इतिहास के लिये हिन्दी साहित्य की अनुपम कृति बताया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी के उन्नयन के लिये अनेक देशों की यात्रा करने वाले और हिन्दी पर ५५ पी एच डी की उपाधि अपने निर्देशन में पूर्ण कराने वाले डा महेश दिवाकर ने हिंदी की आवश्यकता और महत्व को बताते हुए कहा कि हिंदी एक जनसाधारण की भाषा हैं। देश ही नहीं विश्व के किसी भी देश में चलो जाओ वहां हिंदी बोलने वाले अवश्य मिल जाते हैं। हिंदी के बोलने में आत्मियता, अपनापन और आकर्षकता बढती है। हिन्दी मे परस्पर वार्तालाप और संवाद अनूठा संगम है। हिंदी भारत और भारतीयों की आत्मिक भाषा हैं। महर्षि दयानंद सरस्वती १८वी शताब्दी में सत्यार्थ प्रकाश ग्रंथ लिखकर हिंदी के उन्नयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। महर्षि दयानंद सरस्वती की अनेक अन्य कृतियां व्यवहार भानू, मन्तव्य स्व मन्तव्य प्रकाश ऋग्वेद भाष्य भूमिका आदि मे भी हिन्दी की शुद्धता दर्शन होते हैं। महर्षि दयानंद के बाद आर्य समाज ने भी हिन्दी को सतत् गतिमान बनाए रखा है। आर्य समाज हिंदी का पौषक ही नहीं संरक्षक भी है। आर्य समाज ने जहां संस्कृत का विकास



और संरक्षण किया है वहीं हिन्दी का पोषण किया है। इस अवसर पर हिन्दी के विकास में योगदान करने वाले वरिष्ठ साहित्यकारों एवं कवियों को राजीव प्रखर,डा माधव शर्मा,डा अनुपम गुप्ता, दुष्यंत बाबा और प्रकाश वीर ने में हिंदी के प्रचार प्रसार एवं महत्व पर विचार व्यक्त किये तथा विवेक निर्मल ने कविता पाठ किया। आर्य समाज की ओर से डा महेश दिवाकर, राजीव प्रखर,डा माधव शर्मा,डा अनुपम गुप्ता दुष्यंत बाबा और प्रकाश वीर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान डा अभय श्रोत्रिय सूर्य प्रकाश द्विवेदी, रमेश सिंह आर्य अरविंद आर्यबंधु मयंक आर्य डा आलोक कुमार गुप्ता, मयंक आर्य यशपाल आर्य , रामसिंह निशंक, रविंद्र आर्य निर्मल आर्य, डा मनोज कुमार, अजब सिंह आर्य गायत्री आर्य शन्नो आर्य,प्रज्ञाशू आर्य, दिनेश दीक्षित रजनीश कुमार आर्य राजपाल सिंह नागर, वेद मुनि संतोष कुमार गुप्ता निहाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# श्री राम बारात शोभायात्रा का बंटी चौहान ने कराया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** श्री राम बारात शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सहकारी समिति कांठ के सभापति बंटी चौहान ने फीता काटकर किया। यह शोभायात्रा रामलीला प्रांगण से शुरू होकर मेन मार्केट से होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। शोभायात्रा में भगवान राम, सीता माता, हनुमान जी और शिव परिवार की सजीव झांकियां सजाई गईं। इस अवसर पर दीपक कुमार एडवोकेट, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश गुप्ता, भाजपा नेता प्रमोद बिश्नोई और पारुल चौहान सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह पर पुष्पवर्षा और स्वागत किया गया।

बड़ी संख्या में लोगों ने शोभायात्रा में भाग लिया और जय श्री राम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। रामलीला प्रांगण से शुरू होकर मेन मार्केट तक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# सपा मृतक परिवारों के हर दुख में साथ खड़ी मिलेगी : राम अवतार सैनी

## राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से मृतकों को एक -एक लाख की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समा. जवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल रविवार को मुरादाबाद जनपद के विधानसभा क्षेत्र बिलारी के ग्राम मुण्डिया जैन गाँव पहुंचकर सैनी समाज के 9 व्यक्तियों की उत्तराखण्ड में बादल फटने से हुई मौत की जानकारी की एवं शोकाकुल परिवारों मुलाकात की। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण मे सांसद जियाउर्रहमान बर्क, विधायक कमाल अख्तर, विधायक राम अवतार सिंह सैनी,विधायक मो0 फहीम इरफान, जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लाखन सिंह सैनी,प्रदेश सचिव लाखन सिंह पाल, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी, उपाध्यक्ष हाजी उस्मान, महासचिव फुरकान अली, विधानसभा अध्यक्ष इश्तयाक सैफी रहे। प्रतिनिधि मण्डल के विधायक राम अवतार सैनी ने मृतक सैनी समाज को भरोसा दिलाया समाजवादी पार्टी हर समय आप लोगों के साथ खड़ी है, लेकिन हमें सोचना चाहिए कि आज चारों ओर देश मे तबाही क्यों आई पड़ी हैं इसका जिम्मेदार कौन है क्यो हमसे ईश्वर नाराज है क्यों सभी धार्मिक स्थल बंद हुए कभी आज तक ऐसा हुआ ये पहली बार देश मे हो रहा है ये सब समाज मे नफरत फैलाने का



नतीजा आज धर्मों मे समाज मे एवं प्रकृति से छेड़छाड़ भाजपा अपने मुनाफे के लिए कर रही है, रोजगार अगर उत्तर प्रदेश मे होता तो सैनी समाज को ये खमियाजा न उठाना पडता। समा. जवादी पार्टी सैनी समाज को अकेला नही छोड़ेगी समाज के लिए हर समय तैयार है राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सभी मृतकों को एक - एक लाख देने की घोषणा की आगे भी मदद जारी रहेगी।

प्रतिनिधि मण्डल के साथ राष्ट्रीय सचिव महिला सभा राजेश कुमारी यादव,सौरभ यादव,दीपक सैनी, नौशाद पाशा, रेहान पाशा, धर्मेंद्र यादव, दीव्यांशु सागर, रमेश सैनी आदि प्रमुख थे।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र अभिषेक चन्द्रा व पुत्रवधू श्रीमती प्रियंका कुमारी निवासी केएम-74, प्रथम तल, एम-ब्लॉक, कविनगर, गाजियाबाद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
रमेश चन्द्रा पुत्र स्वर्गीय श्री रामदयाल प्रधान निवासी मकान संख्या 15/ 56/ सी-1, गायत्री नगर, लाइनपार, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मुहम्मद सलमान व पुत्रवधू श्रीमती शाहीन खुशबू को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
मुशर्रफ हुसैन पुत्र अतीकुर्रहमान व श्रीमती फिरदौस जहां पत्नी मुशर्रफ हुसैन निवासीगण अमृतपुर पट्टी वार्ड नम्बर-11 नई बस्ती जसपुर उधमपुर सिंह नगर उत्तराखण्ड।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिटस मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

संस्था श्री राम लीला कमेटी गंज जिला बिजनौर सर्वश्री 01. श्री अनिल माहेश्वरी पुत्र श्री उमा चरण माहेश्वरी, भूतपूर्व अध्यक्ष 02. श्री दिलीप शर्मा पुत्र श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा, भूतपूर्व मंत्री, 03. श्री वेद प्रकाश पुत्र श्री भगीरथ सिंह, भूतपूर्व कोषाध्यक्ष, 04. श्री कौशल कुमार अग्रवाल पुत्र श्री विमल शरण, भूतपूर्व सदस्य 05. श्री श्याम सुन्दर शर्मा पुत्र श्री सुक्खन लाल, भूतपूर्व सदस्य 06. श्री नरेन्द्र भार्गव पुत्र श्री चन्द्र दत्त, भूतपूर्व सदस्य 07. श्री अरेन्द्र ढाका पुत्र श्री रामसरन ढाका, भतपूर्व सदस्य 08. श्री परवीन राजपूत पुत्र श्री सुक्के सिंह, भूतपूर्व सदस्य 09. श्री हरिदात्त गोसाई पुत्र श्री देवानन्द, भूतपूर्व सदस्य 10. श्री जयप्रकाश शर्मा पुत्र श्री सोहन लाल, भूतपूर्व सदस्य 11. श्री सत्यपाल सिंह बेनीवाल पुत्र श्री नत्थू सिंह, भूतपूर्व सदस्य 12. श्री संजय शर्मा पुत्र श्री रामौतार, भूतपूर्व सदस्य निवासीगण ग्राम व पो० ऑफिस गंज, जिला बिजनौर।

उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि श्री राम लीला कमेटी गंज जिला बिजनौर का संस्था का नवीनीकरण किये जाने हेतु श्री आशुतोष अग्रवाल स्वयं को उक्त संस्था का अध्यक्ष दर्शाते हुये प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत प्रबन्धसमिति की सूची वर्ष 2025-2026 में आपको चयनित नहीं दर्शाया गया है। अत: उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति फोटोयुक्त नोटरी शपथ पत्र सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में सो०रजि०एक्ट 1860 के अन्तर्गत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसा० पंजी० अधि० 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह )
सहायक निबन्धक

# एसएसपी ने किया इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल



शाह टाइम्स संवाददाता

**कुंदरकी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए तीन प्रभारी निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव किया है। यह तबादले अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति और पीड़ितों को तुरंत न्याय दिलाने की दिशा में किए गए हैं। कुन्दरकी में तैनात प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सहरावत को छजलैट भेजा गया है। ठाकुरद्वारा के प्रभारी निरीक्षक जशपाल सिंह ग्वाल को कुन्दरकी का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। छजलैट में तैनात संजय पांचल को प्रभारी निरीक्षक ठाकुरद्वारा की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस की प्राथमिकता होगी कि थाना स्तर पर ही जनता की समस्याओं का निस्तारण हो और हर पीड़ित को न्याय मिले। अपराध और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ जनता से सीधा संवाद बनाकर विश्वास का माहौल तैयार किया जाएगा। नए इंस्पेक्टरों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर अपराध पर अंकुश लगाने और पीड़ितों की मदद को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना। जनता से सीधा संवाद बनाकर विश्वास का माहौल तैयार करना। पीड़ितों को तुरंत न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का निस्तारण करना है।

# नगर पालिका परिसर में कार खड़ी करने का विरोध करने पर चपरासी को जान से मारने की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**ठाकुरद्वारा।** नगरपालिका परिसर में चार पहिया कार खड़ी करने का विरोध करने पर पालिका चापरासी को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

पालिका चपरासी ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा में चपरासी के पद पर कार्यरत अनीस अहमद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नगर पालिका डयूटी रात्रि में 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक रहती है। नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष का आदेश है कि नगर पालिका परिसर में किसी भी व्यक्ति की कार नहीं खड़ी होगी। पालिकाध्यक्ष के आदेशानुसार प्रार्थी रात्रि में आने वाली कारो को नगर पालिका परिसर में खड़ा नहीं होने देता है। तभी नगर के निवासी व्यक्ति कार लेकर दो अज्ञात व्यक्यिों के साथ आया तो पालिका कर्मचारी ने कार खड़ी करने का विरोध किया तो आरोप है कि उक्त लोगों ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दे रहे है और कहा कि अगर तुने हमारी गाड़ी नगर पालिका में नहीं खड़ी होने दी तो हम तुझे जान से मार देगे। साथ ही बताया कि दो वर्ष पूर्व भी पालिका कर्मचारी के साथ अज्ञात लोगो के द्वारा मारपीट की गयी थी।

पालिका कर्मचारी ने पुलिस को तहरीर देकर जान से मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## सत्संग में आने से आत्मिक सुख और शांति से खुशहाली आती है: सोनिया नारंग प्रचारक



**ठाकुरद्वारा।** रविवार को नगर के निरंकारी सत्संग भवन पर मासिक साधसंगत का आयोजन किया गया। जिसमें मुरादाबाद आई प्रचारक सोनिया नारंग ने सतगुरु के विचारों को साधसंगत के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि हमारे कर्म हमारे शब्दों के अनुसार ही होने चाहिए।जीवन को ब्रह्मज्ञान के अनुसार ही व्यतीत करें। सतगुरु के चरणों में समर्पित होकर जीवन जिएं। उन्होंने आगे कहा कि हम सब को स्वयं का आकलन करते रहना चाहिए और मर्यादा में रहकर जीवन व्यतीत करना चाहिए। किसी असंत का साथ न करें और सबको जोड़ने का कार्य करते रहना चाहिए। सत्संग में आने से आत्मिक सुख और शांति से खुशहाली आती है। ब्रह्मवेत्ता सतगुरु अंतर्यामी होता है। सत्संग में लंगर का प्रसाद रामकुमार सिंह और महीपाल सिंह जी की तरफ से किया गया। मंच संचालन बहन निशा गोला ने किया।

## एक नजर

### पितृ अमावस्या को बिश्नोई मंदिर में हुआ हवन



**सुरजन नगर।** रविवार को सुरजन नगर बिश्नोई मंदिर में पितृ अमावस्या पर एक सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में उपस्थित सज्जनों ने अपने-अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए यज्ञ में आहुति देकर प्रार्थना की। यज्ञ में बिश्नोई धर्म के संस्थापक गुरु जभेश्वर द्वारा रचित 120 शब्दावलियों का उच्चारण कर आहुतिदी गई। यज्ञ में उपस्थित सभी व्यक्ति पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया यज्ञ में सुबोध कुमार, महावीर सिंह, प्रकाशवीर, विकास कुमार, सुशील कुमार, आकाश कुमार, आशु बिश्नोई, चंद्रवीर सिंह, रामओतार सिंह, अनुज बिश्नोई, चीनू बिश्नोई आदि उपस्थित थे।

### माता भगवती देवी का 99वां जन्मदिन दिपयज्ञ कर मनाया

**सुरजन नगर।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान से शिव मंदिर सुरजन नगर मे गायत्री माता की मूर्ति के सामने 100 दीप प्रज्वलित कर दीप यज्ञ के साथ स्वर्गीय माता भगवती देवी जी का 99 वा जन्मदिन मनाया गया। पंडित टेकचंद शर्मा ने बताया माता भगवती देवी शर्मा का जन्म 12 सितंबर 1926 को हुआ था उन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थापना कीथी। उन्होंने माता जी के योगदान को विस्तार से बताया। विजयपाल सिंह, विरेंद्र सिंह, आदि रहे।

### सुलह समझौता केंद्र के माध्यम से सुलझाए गए पति-पत्नी के विवाद



**बहजोई।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्बल श्रीकृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) सुश्री अनुकृति शर्मा की देखरेख में चलाए गए पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग थानाध्यक्ष पुलिस परामर्श केंद्र डॉ रुकमपाल सिंह की देखरेख में पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य जो भी आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया जहां कुल 128 पत्रावली सुनकर 26 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया, 10 परिवारो को आपस में मिलाया गया, 08 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुष्टि की गई तथा 08 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई । इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, पूनम अरोरा, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, सीमा आर्य, कंचन माहेश्व. री, कांस्टेबल शहजाद मलिक, रश्मि गहलोत, ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

### नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत बहजोई में बांटे गए निशुल्क हेलमेट

**बहजोई।** नगर में शनिवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बहजोई एवं पेट्रोल पंप संचालक के संयुक्त तत्वावधान में तथा यातायात पुलिस के सहयोग से निशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में वाहन चालक मौजूद रहे और सभी ने सड़क सुरक्षा का संकल्प लिया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि हेलमेट केवल कानूनी बाध्यता नहीं है, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी कवच है। "नो हेलमेट ख्र नो फ्यूल" अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि हर नागरिक को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक किया जा सके। इस मौके पर व्यापार मंडल से जाफिरव हुसैन, गिरीश कुमार, दीपक वार्ष्णेय, आशु मियां, नदीम एवं यामीन, पेट्रोल पंप संचालक प्रखर वार्ष्णेय, और यातायात पुलिस से टी एस आई सुरेश कुमार एवं हेड कांस्टेबल सोनू उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर लोगों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में बताया और सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह के जन-जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके और हर नागरिक सुरक्षित सफर कर सके।

### ठाकुरद्वारा में अपराध नियंत्रण सख्त सीओ गौरव त्रिपाठी को हटाया गया

**ठाकुरद्वारा।** अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार शिकायतों के बाद एसएसपी सतपाल अंतिल ने बड़ी कार्रवाई की है। ठाकुरद्वारा सर्किल के सीओ गौरव त्रिपाठी से चार्ज लेकर उन्हें पुलिस कार्यालय से अटैच कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि डिप्टी एसपी गौरव त्रिपाठी के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं और अपराध नियंत्रण में विफलता के चलते यह कदम उठाया गया है। इसी क्रम में थाना स्तर पर भी बदलाव किए गए हैं। ठाकुरद्वारा के एसएचओ जसपाल सिंह ग्वाल को हटाकर कुंदरकी थाने की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी जगह छजलैट थाने के प्रभारी संजय कुमार पांचाल को ठाकुरद्वारा का नया एसएचओ नियुक्त किया गया है।पुलिस विभाग में इस फेरबदल को क्राइम कंट्रोल को लेकर सख्ती के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। मुरादाबाद कटघर सीओ आशीष प्रताप सिंह को ठाकुरद्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी को बनाया गया है।

## विधायक निधि से लगाई गई स्ट्रीट लाइटें कई महीनों से खराब

**सुरजननगर।** चौकी क्षेत्र के सुर. जननगर झंडा चौक पर लगी विधायक निधि से लाखों की लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाइटें कई महीनों से खराब पड़ी हैं। देखरेख के अभाव में आज सभी लाइटें शोपीस बनकर रह गई हैं। सुर. जननगर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, ऐतिहासिक मंदिरों और मस्जिदों के पास विधायक ने अपनी निधि से स्ट्रीट लाइट के लिए पोल पर हाई मास्ट स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई थीं। लाइटें लगने के कुछ ही समय बाद खराब हो गईं और कोई भी विभाग उन्हें ठीक कराने को तैयार नहीं है। स्ट्रीट लाइटों के काफी समय से खराब होने के चलते सार्वजनिक स्थलों पर अंधेरा छाया रहता है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जगन्नाथपुर मुख्य चौक पर विधायक निधि से लगा हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट 5-6 महीनों से खराब पड़ा है। उतरौला में विधायक निधि से लगाई गई स्ट्रीट लाइटें वर्षों से खराब पड़ी हैं और कोई भी विभाग उन्हें ठीक कराने को तैयार नहीं है। कपरफोरवा तिरमुहानी में स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद पड़ी हैं और ग्रामीण परेशान हैं। डुमरिया में विधायक निधि से स्थापित हाईमास्ट लाइट महीनों से खराब है और इसका कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने की मांग की है। देखना यह है कि कब तक इन स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया जाता है और क्षेत्र में रोशनी वापस आती है।

# युवक ने खेत में पेड़ से लटक कर की आत्महत्या

**बिलारी।** ग्राम मगूपुरा में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां 20 सितंबर को एक युवक धीर सिंह पुत्र राजेंद्र अपने खेत पर गया था। जब वह घर नहीं लौटा तो परिवार के सदस्यों ने उसकी तलाश शुरू की। पिता राजेंद्र ने आज खेत पर जाकर देखा तो उनके पुत्र धीर सिंह का शव पॉपुलर के पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर बिलारी पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी बिलारी और प्रभारी निरीक्षक बिलारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल धीर सिंह की आत्महत्या से परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी इस घटना के बाद शोक की लहर है।

## कुढ़फतेहगढ़ पीएचसी में जन आरोग्य मेले में रोगियों को करना पड़ा इंतजार

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** पी.एच.सी. कुढ़फतेहगढ़ में रविवार को सुबह लगने वाले मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में दवा लेने पहुंचे रोगियों को अस्पताल बंद होने के कारण 11 बजे तक ओपीडी के बाहर बैठ कर इन्तजार करना पड़ा। प्रत्येक रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जन आरोग्य मेला का आयोजन किया जाता है।

11 बजे तक अस्पताल बंद रहने से दूर दराज से पहुंचे रोगियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। 11:40 बजे चिकित्सक पहुंचे तब जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रोगियों को दवायें वितरण की गई। वहीं पीएचसी कुढफतेहगढ में दवा लेने पहुंचे ग्रामीणों ने चिकित्सक पर अभद्र व्यवहार व दवायें नहीं देने का आरोप भी लगाया। प्राईवेट चिकित्सकों की फीस अधिक होने के कारण ग्रामीण लोग सरकारी अस्पताल में निशुल्क दवा की उम्मीद से पहुंचते हैं लेकिन वहां भी ठीक से दवायें नही मिल पाती है।

# चन्दौसी में रोटरी क्लब ने किया शॉपिंग एग्जीबिशन फेस्टिवा का भव्य आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चंदौसी रॉयल्स द्वारा महिला सशक्तिकरण को नई दिशा और पहचान दिलाने के उद्देश्य से शहर में भव्य शॉपिंग एग्जीबिशन फेस्टिवा फिस्टा का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके हुनर को समाज के सामने लाना रहा। शॉपिंग एग्जीबिशन का शुभारंभ वन्दना मिश्रा (डिप्टी कलेक्टर), उषा पेंसिया (धर्मपत्नी जिलाधिकारी संभल), मृदुला भट्ट (धर्मपत्नी मुख्य विकास अधिकारी संभल), संगीता भार्गव, डॉ तन्वी, डॉ पारीशा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपूर्व अग्रवाल और नैना अग्रवाल के द्वारा की गयी। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट पब्लिक इमेज चेयरमैन राहुल अग्रवाल, असिस्टेंट गवर्नर निखिल अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष वंदना अग्रवाल, क्लब सचिव शिल्पी अग्रवाल, विनय अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, आदित्य वार्ष्णेय, पराग बंसल, गौरव गुप्ता, प्रतीक गोयल, शोभित अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल, तनीशा अग्रवाल, प्रियंका चौधरी, शिप्रा गेरा, निष्ठा अग्रवाल, निकिता अग्रवाल, शिखा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## 23 सितम्बर से श्रीरामलीला का शुभारंभ, 2 अक्टूबर को होगा दशहरा मेला

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नगर की परंपरागत श्रीरामलीला कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। रामलीला अभिनय समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से जारी कार्यक्रम अनुसार 22 सितंबर को रामलीला अभिनय स्थल एवं दशहरा मैदान पर लगने वाले ठेकों की नीलामी की जाएगी। रामलीला का शुभारंभ 23 सितंबर से अभिनय स्थल पर किया जाएगा। वहीं, 2 अक्टूबर को कमलापुरी रोड स्थित मेला मैदान पर पारंपरिक दशहरा मेला आयोजित किया जाएगा। इस दौरान रावण दहन का आयोजन मुख्य आकर्षण रहेगा। रामलीला का समापन 4 अक्टूबर को होगा। आयोजक समिति ने सभी धर्मप्रेमियों एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में पहुंचकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# नाबालिग बेटी ने पिता पर लगाया बलात्कार का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**ठाकुरद्वारा।** मानवता को शर्मशार करने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां बाप ने ही बना लिया अपनी नाबालिग बेटी को हवस का शिकार किसी को बताने पर दी जान से मारने की दमकी छात्रा की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज जांच में पुलिस जुटी है। कोतवाली पुलिस के ग्राम चमरावाला निवासी नाबालिग ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पिता पर तीन माह से बलात्कार किए जाने का आरोप पीड़ित किशोरी का आरोप है कि उसके पिता ने उसकी मां को तलाक दे दिया है जिसके बाद तीन माह से उसकी मां परिवार से अलग रह रही है, पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान हैवान पिता ने उसके साथ कई बार ब्लात्कार किया,जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई,पीड़िता ने सारी घटना अपनी माँ को बताई तो पिता घर से छोटे बच्चे को लेकर फरार हो गया। पीड़िता की में छात्रा को लेकर कोतवाली पहुँची ओर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पिता के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की थी।

जीसपर कोतवाली पुलिस ने हैवान पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दसवां घाट मुकुट व श्री गणेशजी शोभायात्रा धूमधाम से निकली




शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** प्राचीन श्री राम लीला कमेटी पुराना दसवां घाट मुरादाबाद के रामलीला महोत्सव के अंतर्गत आज प्रथम दिन बाबा कामेश्वर नाथ 84 घण्टा मंदिर में पुजारी विष्णु दत्त शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान से प्रभु श्री राम, मातासीता, लक्ष्मण जी के मुकुट का पूजन कराया।

मुकुट पूजन उपरांत मुख्य अतिथि के. डी. आर.सी.के डायरेक्टर, देहात विधानसभा प्रत्याशी के0 के0 मिश्रा, अतिथि भाजपा नेता मनोज गुप्ता,पार्षद रूचि चौधरी, अर्धमोनी धीरशांत दास, अनुज अग्रवाल ने नारियल फोड़ कर शोभायात्रा का शुभारंभ कराया उसके पश्चात शोभायात्रा बैंड बाजे के मनोहरी धुनों के बीच प्रारम्भ हुई। सबसे आगे प्राचीन रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट का बैनर सर्वप्रथम बग्गी पर गणेश जी की झांकी शिव जी की झाँकी और एक ठेले पर श्रीराम माता सीता लक्ष्मणजी के मुकुट सुशोभित थे जिस पर श्रद्धालुओं ने जगह जगह रास्ते भर पुष्पवर्षा कर जयश्रीराम के जय जयकार कर प्रभु श्री राम के मुकुट गणेशजी शोभायात्रा का स्वागत किया। बैंड बाजे बाले आकर्षक धुन बजा रहें थे। शोभायात्रा 84 घन्टा मन्दिर से पुराना दसवां घाट मंचन स्थल को पुलिस सुरक्षा मे रवाना हुई। जय जय कार होते रहें। प्रात: हवन एवं भूमि पूजन हुआ। व्यवस्था मे अध्यक्ष यथार्थ किशोर, संरक्षक छत्रपाल सिँह एडवोकेट, महामंत्री अदित्यवीर शास्त्री,प्रवक्ता धर्मेन्द्र यादव,कोषाध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा,राजेश बाल्मीकि,नरेंद्र सुमन, रवि सैनी,पुष्पकांत शर्मा, अरुण श्रीमाली,उमाशंकर, पाशु श्रीमाली गगन श्रीमाली, मुकेश सैनी, लल्ला ठाकुर,अतुल कुमार, शिवकुमार ,विकास कुमार. घनश्याम, सुमित कुमार,अमन दिवाकर, संतोष दिवाकर आदि ने सहयोग किया।

# बुद्धि विहार फेस 2 सेक्टर दस में नारकीय जीवन जीने को मजबूर निवासी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** बुद्धि विहार फेस 2 सेक्टर 10 मुरादाबाद में रहने वाले निवासी बदहाली के कारण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। इस क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुद्धि विहार फेस वन और टू में बारिश शुरू होते ही फाल्ट के चलते बिजली गुल हो जाती है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। इस क्षेत्र में लूट और चोरी की घटनाएं आम हैं। मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं से लूट की घटनाएं भी हुई हैं। सेक्टर 9ए की सड़क में दरारें आई हुई हैं, जो कभी भी बड़ी समस्या बन सकती हैं। इस क्षेत्र के निवासी आरोप लगा रहे हैं कि सभी राजनीतिक और सामा. जिक दल पूरे बुद्धि विहार फेस टू पर मौन हैं। कोई भी दल उनकी समस्याओं को सुनने और समाधान करने के लिए आगे नहीं आ रहा है। सुमित अग्रवाल एडवोकेट का कहना है कि उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार और प्रशासन को तत्काल कदम उठाने चाहिए।

उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए। आवास विकास परिषद ने बुद्धि विहार फेस 3 को लॉन्च करने की तैयारी की है, लेकिन निवासियों का कहना है कि पहले से ही बसे हुए क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। परिषद को चाहिए कि वह मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे और निवासियों की समस्याओं का समाधान करे। बुद्धि विहार फेस 2 सेक्टर 10 मुरादाबाद में रहने वाले निवासियों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। सरकार, प्रशासन और आवास विकास परिषद को चाहिए कि वे तत्काल कदम उठाकर निवासियों की समस्याओं का समाधान करें।

# शिव पार्वती रसोई परिवार ने प्रकाश नगर चौराहे पर किया अरहर की दाल-चावल और जल का वितरण




शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई परिवार ने आज प्रकाश नगर चौराहे पर एक महत्वपूर्ण सेवा कार्य का आयोजन किया, जिसमें अरहर की दाल, चावल और जल का वितरण किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को भोजन और जल उपलब्ध कराना था। संस्था के अध्यक्ष और संस्थापक पुष्प यादव एडवोकेट ने बताया कि इस अवसर पर संस्था की ओर से प्रत्यूष यादव, डॉ सतवीर चौहान, राजेश कुमार, अर्जुन सिंह, अंकुर यादव, आशीष यादव, राहुल शर्मा, सुनीत अग्रवाल, योगेश भारती, बिट्टू कश्यप, ओम प्रकाश सिंह और विवेक गुप्ता आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। शिव पार्वती रसोई का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जा रहा है, जिसमें निशुल्क भरपेट भोजन के साथ-साथ फल और मिष्ठान भी वितरण की व्यवस्था रहती है। संस्था का उद्देश्य व मूल वाक्य है 'अन्न है सभी के लिए'। आने वाले समय में इस संस्था द्वारा अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे, जिनमें जरूरतमंद लोगों की मदद करना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना शामिल है।

संस्था के अध्यक्ष पुष्प यादव ने बताया कि आने वाले समय में संस्था द्वारा और भी बड़े पैमाने पर सेवा कार्य किए जाएंगे, जिनमें जरूरतमंद लोगों को भोजन, कपड़े और अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण शामिल होगा। संस्था का उद्देश्य है कि समाज के सभी वर्गों को समान रूप से सेवा प्रदान की जाए और समाज में एकता और सौहार्द का वातावरण बनाया जाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के जरिये स्तन कैंसर जागरूकता को दिया बढ़ावा

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट की व्यापक पहुंच का उपयोग सामाजिक बदलाव लाने के लिए करते हुए, भारत की सबसे भरोसेमंद जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और बीसीसीआई ने मिलकर 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के माध्यम से स्तन कैंसर जागरूकता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहुंचाया। इस पहल के तहत, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में खास गुलाबी जर्सी पहनी, जिस पर 'थैंक्स-ए-डॉट' का लोगो बना हुआ था। इस पहल ने दिखाया कि खेल की एकजुट करने वाली शक्ति का उपयोग महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने, स्तन की स्वयं-जांच और शीघ्र पहचान के महत्व के बारे में बातचीत को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है, जो स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### अमेरिका ने चार में से तीन रिले खिताब जीते

**टोक्यो, वार्ता।** रविवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आखिरी दिन संयुक्त राज्य अमेरिका ने चार में से तीन रिले स्वर्ण पदक जीतकर अपनी स्प्रिंट शक्ति का परिचय दिया। बोत्सवाना ने पुरुषों की 4x400 मीटर रिले में दिन का सबसे बड़ा आश्चर्य किया, 2 मिनट 57:76 सेकंड का समय लेकर अमे. रिकियों को केवल 0:07 सेकंड से पीछे छोड़ दिया, जबकि दक्षिण अफ्रीका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। बोत्सवाना की बुसांग कोलेन केबिनातशिपी ने कहा कि मौसम की वजह से मुझे सबसे रणनीतिक चरण में दौड़ना पड़ा। मुझे सबसे पहले फिनिश लाइन पार करने की खुशी है। मैं दो स्वर्ण पदक जीतकर घर लौटने के लिए बहुत आभारी हूँ।

# बीसीसीआई अध्यक्ष की दौड़ में आगे मिथुन



● 28 सितम्बर को होगा आधिकारिक ऐलान, 157 फर्स्ट क्लास मैच खेले इंटरनेशनल मैच एक भी नहीं

**मुंबई, वार्ता।** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास अगले बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के लिए तैयार हैं।

बीसीसीआई के विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने से एक दिन पहले, शनिवार तक, मन्हास अध्यक्ष पद की दौड़ में एकमात्र नाम थे, जो इस साल अगस्त में पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी के पद छोड़ने के बाद से खाली है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला तब से अंतरिम रूप से इस पद पर कार्यरत थे। बीसीसीआई पदाधिकारियों में एक और क्रिकेटर के शामिल होने की संभावना है, कर्नाटक और भारत के पूर्व स्पिनर रघुराम भट कोषाध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। भट वर्तमान में कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। मन्हास, जो अक्टूबर में 46 वर्ष के हो जाएंगे, जम्मू और कश्मीर क्रिकेट संघ के संचालन के लिए बीसीसीआई द्वारा नियुक्त उप-समिति का हिस्सा हैं। जम्मू में जन्मे मन्हास 2015 में दिल्ली से जम्मू और कश्मीर चले गए थे और उसके अगले वर्ष सेवानिवृत्त हो गए। तब से उन्होंने विभिन्न टीमों के साथ कोच के रूप में काम किया है, जिसमें बांग्लादेश पुरुष अंडर-19 टीम के बल्लेबाजी सलाहकार के साथ-साथ आईपीएल टीमों किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स के लिए भी काम किया है। भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गज मन्हास ने 1997-98 से 2016-17 तक 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जहां उन्होंने 9714 रन बनाए( 130 लिस्ट ए मैचों में 4126 रन बनाए( और 91 टी20 मैचों में 1170 रन बनाए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो को पता चला है कि मन्हास का नाम शनिवार को दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक में सामने आया, जिसमें बीसीसीआई के कुछ प्रमुख पूर्व और वर्तमान सदस्य शामिल हुए, जिनमें वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, शुक्ला, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली और पूर्व बोर्ड सचिव निरंजन शाह शामिल थे। विभिन्न पदा. धिकारियों के लिए चुनाव 28 सितम्बर को मुंबई में होने वाली बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक में होने वाले हैं। हालांकि, रविवार के अंत तक नए नामांकन दाखिल नहीं किए जाते, तो दिल्ली बैठक में चर्चा किए गए नामों के अंतिम होने की उम्मीद है। माना जा रहा है

### मिथुन मन्हास को बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए जेके क्रिकेट संघ ने दी शुभकामनाएं

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ और जम्मू-कश्मीर के पूर्व रणजी ट्रॉफी कप्तान अश्विनी गुप्ता ने मिथुन मन्हास के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ के सदस्य प्रशासन, ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने 'यूनीवार्ता' से कहा कि मैंने मिथुन मन्हास के बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किए जाने खबर सुनी है। अगर ऐसा होता है तो यह जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए सबसे बड़ी खबर होगी। वह बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में जेकेसीए के नामित सदस्य हैं। अगर हममें से कोई बीसीसीआई का अध्यक्ष चुना जाता है, तो हमारे लिए इससे बड़ी खबर और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से कहूं तो, वह इस पद के लिए बिल्कुल सही व्यक्ति हैं क्योंकि एक उत्कृष्ट क्रिकेटर होने के अलावा उन्हें प्रशासन का भी अच्छा अनुभव है क्योंकि वह जेकेसीए के क्रिकेट संचालन और विकास सदस्य के रूप में कार्य कर रहे थे। इस भूमिका में उनका योगदान अद्वितीय है और यह जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के उत्थान और राष्ट्रीय स्तर पर जेकेसीए के खिलाड़ियों की संख्या को

## भारत 2029 एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत 2029 एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई साइक्लिंग परिसंघ ने भारतीय साइक्लिंग महासंघ (सीएफआई) को एक ईमेल लिखकर भारत के मेजबानी अधिकारों की पुष्टि की है।

भारतीय साइक्लिंग महासंघ ने रविवार को घोषणा की कि भारत को 2029 एशियाई ट्रैक और पैरा ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं। महासंघ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत ने 2029 एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाई है और उसे इसकी मेजबानी मिल गई है। यह घटनाक्रम गुरुवार को एशियाई साइक्लिंग महासंघ की एक समिति की बैठक के बाद सामने आया है। एसीसी अध्यक्ष अमरजीत सिंह गिल ने सीएफआई को भेजे एक ईमेल में लिखा कि 18 सितम्बर 2025 को हुई एसीसी प्रबंधन समिति की बैठक में हुई चर्चा के बाद, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल बोली के परिणामस्वरूप, भारतीय साइक्लिंग महासंघ को आगामी 2029 एशियाई ट्रैक और पैरा ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार प्रदान किए गए हैं।

# हाथ मिलाना पूरी तरह से टीम का आंतरिक मामला: वेंकटेश प्रसाद



● कहा: भारत अब बिल्कुल अलग स्तर पर है, दोनों टीमों के बीच पहले के मुकाबले अब बहुत बड़ा अंतर है

**हुबली, वार्ता।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने आज कहा कि हाथ मिलाना या मैदान पर अन्य शिष्टाचार जैसे फैसले पूरी तरह से टीम का आंतरिक मामला है और समकालीन क्रिकेट में पाक पर भारत की स्पष्ट बढ़त की व्यापक वास्तविकता को इससे प्रभावित नहीं होना चाहिए।

दुबई में चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच एशिया कप 2025 के सुपर 4 मुकाबले से पहले यहां पत्रकारों से बात करते हुए, प्रसाद ने हाथ मिलाने और मैदान पर इशारों को लेकर हाल ही में चल रही बहस पर बात की। उन्होंने कहा कि कोई टीम हाथ मिलाना चाहती है या नहीं, यह पूरी तरह से उनका फैसला है। अगर कोई ईमानदारी से खेल रहा है, तो आप खेल भावना के अनुरूप खेलते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन ये आंतरिक फैसले हैं, और मैं बाहर से इस पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहता। प्रसाद ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट के बदलते संदर्भ पर विचार किया और कहा कि इस तरह के इशारे, प्रतीकात्मक होते हुए भी, टीमों के बीच व्यापक मतभेदों की तुलना में मामूली हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब बिल्कुल अलग स्तर पर है। दोनों टीमों के बीच पहले के मुकाबले अब बहुत बड़ा अंतर है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भारतीय खिलाड़ी अब खेल के हर पहलू में पूरी स्पष्टता के साथ काम करते हैं। उन्होंने मौजूदा भारतीय टीम के आत्मविश्वास और तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के पास हर पहलू में स्पष्टता है।

# भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को हराया



● पुरुष अंडर-19 टीम ने पहले यूथ वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** हेनिल पटेल (तीन विकेट) तथा किशन कुमार और कौशिक चौहान (दो-दो विकेट) के बाद अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 87 ) और वेदांत त्रिवेदी (नाबाद 61) के बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की पुरुष अंडर -19 टीम ने रविवार को पहले यूथ एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।

226 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे की जोड़ी ने तेज शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा। वैभव ने 22 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रनों की पारी खेली। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे (छह) और विहान मल्होत्रा नौ के विकेट जल्द गंवा दिये। लेकिन बाद वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 30-3 ओवरों में 227 रन बनाकर भारत को सात विकेट से जीत दिला दी। अभिज्ञान कुंडू ने 74 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद 87 रनों की पारी खेली और वेदांत त्रिवेदी ने 69 गेंदों में आठ चौको की मदद से नाबाद 61 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से चार्ल्स लैचमुंड ने दो विकेट लिए। हेडन शिलर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की अंडर -19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम को शुरुआत में ही झटका लगा।

किशन कुमार ने पहले ही ओवर में दोनो सलामी बल्लेबाजों एलेक्स टर्नर और साइमन बज को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। इसके बाद स्टीवन होगन और विल मालाजचुक ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 33 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाजों को हेनिल पटेल ने आउट किया। स्टीवन होगन ने 39 रन बनाये, विल मालाजचुक 17 रन बनाकर आउट हुए।



# सात्विक-चिराग को रजत से करना पड़ा संतोष

● सात्विक-चिराग को विश्व नंबर-1 जोड़ी कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे से 45 मिनट तक चले मुकाबले हारे

**निंगबो, वार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 में रजत पदक से संतोष करना पड़ा

सात्विक-चिराग को विश्व नंबर 1 जोड़ी कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे से 45 मिनट तक चले कड़े फाइनल में 21-19, 21-15 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सात्विकऔर चिराग शेट्टी ने सेमीफाइनल में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता मलेशिया के आरा. न चिया और सोह वूई यिक को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन वे अपने प्रदर्शन को फाइनल में नहीं दोहरा पाए। यह सात्विक-चिराग की चाइना मास्टर्स के फाइनल में दूसरी उपस्थिति थी। इससे पहले वे टूर्नामेंट के 2023 संस्करण में भी उपविजेता रहे थे। इससे पहले, उन्होंने पेरिस में अपना दूसरा विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक भी

# भारत एएफसी फुटसल एशियन कप क्वालीफायर में कुवैत से हारा

**नई दिल्ली/कुवैत, वार्ता।** भारत को एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में मेजबान कुवैत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अर्दिया के कुशैन अल-मुतैरी हॉल में शनिवार को खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम को कुवैत के खिलाफ ग्रुप ए के मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा एआईएफएफ ने अपने बयान में कहा कि भारत ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः मेजबान कुवैत के खिलाफ शनिवार को कुशैन अल-मुतैरी हॉल में एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। हाफ-टाइम तक कुवैत के पास 2-1 की मामूली बढ़त के साथ खेल रही थीं। बयान में कहा गया कि यह एएफसी फुटसल एशियन कप क्वालीफायर्स में भारत की दूसरी उपस्थिति थी और 135वीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम को पता था कि उनका सामना कुवैत जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी से होगा, जो विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर है। अनुभव और रैंकिंग में अंतर के बावजूद, ईरानी मुख्य कोच रेजा कोर्डी के मार्गदर्शन में भारत ने सराहनीय धैर्य और सामरिक परिपक्वता दिखाई। नौवें मिनट में भारत को सफलता उस समय मिली जब लालसंगकिमा ने कुवैत की रक्षापंक्ति को भेदते हुए एक तेज गेंद डाली और डेविड लालटलानसांगा ने उसे पकड़कर गोलकीपर फवाद अल खवारी को छकाते हुए एक जबरदस्त गोल दागा। इस गोल ने घरेलू दर्शकों को चौंका दिया और भारत को एक अच्छी बढ़त दिला दी। यह लालटलानसांगा का आठवा अंतर्राष्ट्रीय गोल था, वह पुरुष फुटसल में भारत के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर बन

# नूर और मुजीब को डिमेरिट अंक मिले

● नूर को आर्टिकल 2.8 का उल्लंघन करते पाया गया, जबकि मुजीब पर आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन का आरोप लगा



**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद और मुजीब उर रहमान को आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 का उल्लंघन करने पर एक-एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। यह घटना गुरुवार को अबु धाबी में एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान हुई।

नूर को आर्टिकल 2-8 का उल्लंघन करते पाया गया, जिसका मतलब है अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फ़ैसले पर असहमति दिखाना। जबकि मुजीब पर आर्टिकल 2-2 का उल्लंघन करने का आरोप लगा, जो क्रिकेट उपकरण, कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स का दुरुपयोग करने संबंधित है। मुजीब ने मैच के दौरान अपने तौलिए से स्टंप तोड़ दिए थे। नूर ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर में असहमति जताई थी, जब अंपायर ने उनकी एक गेंद को वाइड करार दिया था। मैदान पर मौजूद अंपायर आसिफ याकूब और वीरेंद्र शर्मा, तीसरे अंपायर फ़ैसल अफरीदी और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने आरोप लगाए। दोनों खिलाड़ियों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिए और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सज़ा को मान लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। अफ़ग़ानिस्तान का एशिया कप अभियान श्रीलंका से छह विकेट से हारने के बाद समाप्त हो गया।

# दुबई में दम दिखाएगी रियल कबड्डी लीग

● भारत, ईरान, बांग्लादेश, यूएई और ऑस्ट्रेलिया की टीमें इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए एक विश्व स्तरीय इनडोर एरिना में जोरदार टक्कर देंगी

**दुबई, वार्ता।** भारतीय कबड्डी को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए रियल कबड्डी लीग (आरकेएल) दिसंबर 2025 में दुबई में अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय संस्करण के साथ इतिहास रचने को तैयार है। भारत, ईरान, बांग्लादेश, यूएई और ऑस्ट्रेलिया की टीमें इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए एक विश्व-स्तरीय इनडोर एरिना में जोरदार टक्कर देंगी। शुभम चौधरी द्वारा स्थापित आरकेएल, जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को निखारने और कबड्डी को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का एक सशक्त मिशन है। लीग के एम्बेसडर, युवा आइकन रणविजय सिंह और कबड्डी दिग्गज राहुल चौधरी इस स्वदेशी खेल को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। सिंह ने कहा कि कबड्डी में वैश्विक खेल बनने की पूरी क्षमता है, और हम इसे दुबई में साकार करेंगे। वहीं, चौधरी ने उत्साह जताते हुए कहा कि यह लीग युवा प्रतिभाओं को चमकने का मौका देगी और कबड्डी को गांवों से वैश्विक मंच तक ले जाएगी। लीग को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संरक्षकों का मजबूत समर्थन प्राप्त है। शिवसेना-एनडीए के राष्ट्रीय समन्वयक डा. अभिषेक वर्मा ने कहा, ष्कबड्डी भारत की संस्कृति और टीम वर्क का प्रतीक है। आरकेएल के माध्यम से हम इसे विश्व मंच पर ले जा

# विश्वास था हम कहीं से भी जीत सकते हैं: मंधाना

### स्मृति मंधाना ने कहा कि यह दिखाता है कि टीम का हर एक खिलाड़ी एक मैच विनर है



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली में हुए तीसरे वनडे में जब ऑस्ट्रेलिया की टीम ने बेथ मूनी के शानदार शतक की मदद से भारत को 413 रनों का विशाल लक्ष्य दिया, तब शायद बहुत कम लोगों ने ही सोचा होगा कि भारतीय टीम इस स्कोर के इतने करीब जाएगी और जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। लेकिन ड्रेसिंग रूम में यह विश्वास शुरू से था, जिसकी मदद से भारतीय टीम एक समय मैच जीतने की कग़ार पर लग रही थी और उन्होंने आखिर तक ऑस्ट्रेलिया को पर्याप्त टक्कर दी। 63 गेंदों में 17 चौके और पांच छक्कों की मदद से रिकॉर्ड 125 रनों की पारी खेलने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा कि टीम में शुरू से यह विश्वास था कि वे लक्ष्य के पीछे जाएंगे। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंधाना ने कहा कि पारी के ब्रेक के दौरान हमारी यही बातचीत थी कि विकेट सपाट है और आउटफ़ील्ड बहुत तेज है, इसलिए हम लक्ष्य तक जा सकते हैं। हमारे पास भी बल्ला है और हम भी यहां पर क्रिकेट ही खेलने आए हैं। आप लोगों (गेंदबाज़ों) ने अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदें डालीं और उन्हें रोकने की कोशिश की। हम भी अपना सर्वश्रेष्ठ करेंगे और उन रनों को हासिल करने की को. शिश करेंगे। टीम में विश्वास हमेशा से बहुत ऊपर था। हम ये 413 रन का लक्ष्य वाकई में हासिल करना चाहते थे क्योंकि यह टीम का कैरेक्टर दिखाता। हालांकि बीच में कुछ विकेटें गिरी। मैं फ़ुलटॉस पर आउट हुई, ऋचा (घोष) को दुर्भाग्यशाली ढंग से रनआउट होना पड़ा और कुछ चीज़ें हमारे पास पक्ष में नहीं गईं। लेकिन मुझे इस टीम पर पूरा गर्व है। जिस तरह से सभी ने इस पूरे सीरीज के दौरान प्रदर्शन किया, वह टीम का कैरेक्टर दिखाता है। ऑस्ट्रेलिया के 412 रनों के जवाब में भारतीय टीम का स्कोर एक समय 20 ओवरों में दो विकेट के नुक़सान पर 206 रन था। भारतीय उपकप्तान और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच 69 गेंदों में 121 रनों की साझेदारी हो चुकी थी और टीम का रन रेट 10 से ऊपर का था। लेकिन 21वें ओवर में हरमनप्रीत का विकेट गिरा और अगले ओवर में मंधाना भी पवेलियन में थीं। मंधाना के आउट होने के बाद भारतीय टीम के विकेट लगातार गिरते रहे और लग रहा था कि भारतीय टीम मैच में शायद आगे टक्कर नहीं दे पाए। लेकिन फिर दीप्ति शर्मा ने स्नेह राणा के साथ मोर्चा संभाला और आठवें विकेट के लिए 54 गेंदों में 65 रनों की साझेदारी कर भारत की उम्मीदों को जिंदा रखा। मंधाना ने कहा कि यह दिखाता है कि टीम का हर एक खिलाड़ी एक मैच विनर है। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ़ 11 बल्कि टीम के सभी 15 खिलाड़ी मैच विनर हैं। मुझे नहीं लगता कि टीम का कोई खिलाड़ी मुझ पर या किसी और पर कोई दबाव डाल रहा है। जब आप अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हो, तो कोई दबाव नहीं होता है। यह हमारा कर्तव्य होता है। और दूसरी बात, मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है कि हम किसी भी समय मैच को जीत सकते हैं। पिछले 12 महीनों में हमने लगातार 300 या उसके ऊपर का स्कोर बनाया है और प्रतिका (रावल), हरलीन (देओल), जेमिमा (रॉड्रिग्स), हरमन (हरमनप्रीत सिंह) सबने शतक लगाया है। इसलिए यह टीम किसी एक पर निर्भर नहीं है। मंधाना ने इस मैच में सिर्फ़ 50 गें. दों में शतक बनाया और भारत की तरफ़ से सबसे तेज वनडे शतक (पुरुष और महिला क्रिकेट मिलाकर) वाली बल्लेबाज बनीं। यह महिला

# पंचायत चुनाव के लिए राष्ट्रीय लोकदल ने ठोकी ताल

■ उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव समिति रूहेलखंड क्षेत्र की अहम बैठक हुई आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में पंचायत चुनाव का माहौल गरमाने लगा है। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने रविवार को मुरादाबाद के पाकबड़ा स्थित होटल हॉलीडे रीजेंसी में आयोजित रूहेलखंड क्षेत्र की बैठक के जरिए यह साफ कर दिया कि पार्टी इस बार पंचायत चुनाव को लेकर पूरी ताकत झोंक रही है। रालोद पहले ही ऐलान कर चुकी है कि वह बिना किसी गठबंधन के अकेले मैदान में उतरेगी। अब पार्टी ने रूहेलखंड में जिला पंचायत अध्यक्षों की कुर्सी पर काबिज होने का ऐलान किया है। इस रणनीति ने विपक्षी दलों की चिंता बढ़ा दी है।बैठक की अध्यक्षता रूहेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष रामबीर सिंह ने की, जबकि संचालन प्रदेश संयोजक एवं पूर्व मंत्री डॉ. कुलदीप उज्ज्वल ने चुनावी रूपरेखा पेश कर की। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. कुलदीप उज्ज्वल ने कहा कि पार्टी की निगाह खास तौर पर बिजनौर,अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर और संभल के जिला पंचायत अध्यक्ष पदों पर है। इन जिलों में रालोद एक विशेष चक्रव्यूह तैयार कर रही है। इसके साथ ही बरेली मंडल के लिए भी विशेष रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा पंचायत चुनाव रालोद के लिए बेहद अहम हैं। इनके बाद यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव हैं। हम पंचायत चुनावों को विधानसभा चुनाव की तरह ही गंभीरता से ले रहे हैं। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह मानते थे कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। हमारे नेता और केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह गांव देहात की समस्याओं




और मुद्दों को लखनऊ और दिल्ली की राजनीति के केंद्र में लाने के लिए जुटे हैं। पंचायत चुनाव इसमें विशेष भूमिका निभाएंगे। हम जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत के वार्डों के लिए ठोस रणनीति बना रहे हैं ताकि नतीजों के बाद अध्यक्ष के चुनाव में जीत आसान हो। जाहिर है कि अगर हमारे जिला पंचायत सदस्य सबसे ज्यादा होंगे तो अध्यक्ष पद पर पार्टी प्रत्याशी की ताजपोशी तय हो जाएगी। इसी तरह ब्लॉक प्रमुखों के पदों के लिए रणनीति बनाई जा रही है। बड़ी संख्या में दावेदार चुनाव लड़ने के लिए आ रहे हैं। पंचायत स्तर पर मजबूत होंगे तो विधानसभा में भी सफलता निश्चित होगी। पंचायत चुनाव केवल राजनीतिक प्रक्रिया नहीं बल्कि गाँवों की असली ताकत और लोकतंत्र की जड़ हैं। रालोद इस बार पंचायत चुनाव को आंदोलन की तरह लड़ेगा और कार्यकर्ता गाँव-गाँव जाकर जनता से सीधा संवाद करेंगे।पंचायत चुनाव संचालन समिति के सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। विकास कादियान ने कहा कि संगठन को मजबूत करना पहली प्राथमिकता है, इसी के तहत जनपदीय समितियों का गठन जल्द किया जाएगा और रालोद पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरेगी। मौहम्मद जैद ने कहा कि पार्टी पूरे प्रदेश में मजबूती से चुनाव लड़ेगी और सफलता हासिल करेगी। नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी शिद्दत से निभाया जाएगा। वहीं ठाकुर संतोष सिंह और रोहित प्रताप ने संयुक्त बयान में कहा कि चौधरी चरण सिंह मानते थे कि देश की खुशहाली का रास्ता खेतों-खलिहानों से होकर गुजरता है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए रालोद पंचायत चुनावों के जरिए गांवों में अपनी नींव और मजबूत करेगी।वहीं बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि प्रत्येक जनपद में 5-5 जिम्मेदार लोगों की कमेटी बनाई जाएगी।कमेटी की निगरानी क्षेत्रीय और मंडल अध्यक्ष करेंगे।अंतिम सूची पंचायत चुनाव संचालन समिति को भेजी जाएगी।भाई-भतीजावाद और सिफारिश को दरकिनार कर ईमानदार, पार्टी के निष्ठावान और साफ छवि वाले कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी बनाया जाएगा।बैठक की अध्यक्षता रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामबीर सिंह ने की। समिति के संयोजक डॉ. कुलदीप उज्ज्वल, सदस्य विकास कादियान (मुजफ्फरनगर), मौहम्मद जैद (बिजनौर), रोहित प्रताप (मथुरा), ठाकुर संतोष सिंह (भदोही), हवलदार यादव (बनारस) के अलावा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक चौधरी, मुरादाबाद मण्डल के अध्यक्ष सरजीत सिंह, बरेली मण्डल के अध्यक्ष जफर, मनोज चौधरी जिलाध्यक्ष मुरादाबाद, मतलूब एडवोकेट जिलाध्यक्ष बरेली, शाहिद जिलाध्यक्ष रामपुर, केसर अब्बास जिलाध्यक्ष सम्भल, जितेंद्र यादव जिलाध्यक्ष बदायूँ, नरेन्द्र आचार्य जिलाध्यक्ष बिजनौर, सचिन चौधरी जिलाध्यक्ष अमरोहा, अजीत सिंह एडवोकेट प्रदेश सचिव, लवकुश फौजी, युवा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुज चौधरी, महिला प्रकोष्ठ की मण्डल प्रभारी दीप माला आदि मौजूद रहे। इसके अलावा बरेली और मुरादाबाद मंडल के सभी जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के क्षेत्रीय अध्यक्ष और युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी इस बैठक में शामिल हुए।

## थाने में रखी 23 बाइकों की हुई नीलामी

**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे थाने में कई वर्षों से आपराधिक मामलों में जब्त की गई 23 बाइक खड़ी हुई थीं। जिनकी नीलाम प्रक्रिया पूरी कर नीलामी की गई। नीलामी की जानक. ारी न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी की ओर से आम जन को दी थी। मूंढापांडे पुलिस ने थाने के वाहन की बोली अलग-अलग लगाई गई,कबाड़ी शकील, मोहम्मद नदीम ,शाने आलम, गुलफाम जुल्लफार ,याकूब, मोहम्मद ताहिर,राशिद खां आदि ने 23 बाइकों को 98800 रूपए में ले लिया, पुलिस की ओर से इन वाहनों की गाइड लाइन पहले से तय कर दी थी, इन वाहनों को सड़क पर नहीं चला सकते हैं क्योंकि इन वाहनों के नंबर नहीं है, सभी वाहन 25 आर्म्स एक्ट के अपराध में व जब्त किए गए थे, नीलामी के दौरान एसडीएम सदर राम मोहन मीणा, हाईवे सीओ राजेश, थाना प्रभारी मोहि. हत चौधरीआदि मौजूद रहे।

# लावारिस व जब्त वाहनों की नीलामी कर पुलिस ने 1.73 लाख रुपये का प्राप्त किया राजस्व



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन-2 के अंतर्गत न्यायालय के आदेशानुसार एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस अभियान का उद्देश्य शहर को अवैध व लावारिस वाहनों से मुक्त कर स्वच्छ व सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है।उक्त अभियान के तहत सिटी मजिस्ट्रेट एवं क्षेत्राधिकारी कोतवाली की संयुक्त निगरानी में, परिवहन विभाग के असिस्टेंट आरआई तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली की उपस्थिति में नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान कुल 29 वाहनों की नीलामी की गई, जिनमें 12 लावारिस वाहन तथा 17 वाहन मोटर व्हीकल एक्ट (एमबी एक्ट) के तहत जब्त किए गए थे।नीलामी की समस्त प्रक्रिया को नियमों के तहत पारदर्शी ढंग से संपन्न किया गया, जिससे शासन को कुल 1,73,800 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यह नीलामी न केवल सरकारी राजस्व में वृद्धि का स्रोत बनी, बल्कि इससे पुलिस प्रशासन के सख्त रवैये का भी संकेत मिला कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। इसके तहत सड़कों पर खड़े लावारिस, अवैध और यातायात में बाधा बनने वाले वाहनों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। ऑपरेशन क्लीन-2 के सफल क्रियान्वयन से शहरवासियों में प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है तथा आम जनता ने इस पहल की सराहना की है। इस तरह के अभियान स्वच्छ, सुरक्षित और अनुशासित शहरी जीवन की दिशा में एक अहम कदम साबित हो रहे हैं।

# पालिकाध्यक्ष ने किया चार करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

### नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का सभी से किया आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह ने नगर में होने वाले मुख्य बड़े विकास कार्यो का शुभारम्भ किया। पालिका के जेई सिविल उमेश कुमार ने बताया कि कार्य की अनुमानित लागत चार करोड़ है जिससे लगभग नौ नाले बनेंगे।

अन्य कार्य भी सम्मिलित हैं। पालिकाध्यक्ष ने सम्बन्धित ठेकेदारों को कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। साथ चिन्हित स्थल पर किये गये अतिक्रमण को नागरिकों को स्वत: हटाने के निर्देश निर्गत किये गये जिससे कार्य को शीघ्र पूरा किया जा सके। ज्ञातव्य हो कि पालिका अध्यक्ष को हर समय नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की धुन सवार रहती है। जब भी लखनऊ जाते हैं तो अपने व्यवसायिक कार्य बाद में देखते हैं पहले नगर विकास विभाग में जाकर विकास संबंधी योजनाओं को मिलने की पैरवी करते हैं। उन्होंने नगर वासियों से आहवान किया है कि यह नगर हम सबका है इसको साफ सुंदर बनाने में पूरा सहयोग करें ताकि हमारे आपके अलावा दूसरों को भी अच्छा लगे और यहां का उदाहरण बने।

इस दौरान शैलेन्द्र प्रताप सिह, कुलदीप चौधरी, सचिन चौधरी भी रहे।

## एक नजर

### बिलारी भाकियू असली अराजनीतिक की मकनपुर में हुई पंचायत, 28 अक्टूबर को घेरेंगे कमिश्नरी



**बिलारी।** रविवार को ग्राम मकनपुर में भाकियू असली अराजनीतिक की किसान पंचायत संपन्न हुई जिसमें एनपीके एवं डीएपी मिलने में आ रही परेशानी दूर करने की मांग उठाई। हर घर जल हर घर नल अभियान के तहत सरकार ने हर गांव में टंकियां लगवाई हैं जिसकी सड़कें आज 90% टूटी हुई है, अधिकतर गांवों में जल जीवन मिशन योजना अधूरी पड़ी है ग्रामीण जनता पानी को परेशान है।इसको लेकर किसान महापंचायत 28 अक्टूबर को होगी, किसानों द्वारा कमिश्नरी का घेराव किया जाएगा। किसान पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने कहा किसान संगठित हों क्योंकि उन्हें अपनी लड़ाई स्वयं ही लड़नी पड़ेगी, राजनीतिक दल केवल किसान हितैषी होने का ढोंग करते हैं। पंचायत में जिला अध्यक्ष मुरादाबाद सत्येंद्र भदोरिया जिला अध्यक्ष संभल राजपाल सिंह, जिला अध्यक्ष रामपुर वीर सिंह, जिला सचिव हरपाल सिंह मुड़िया राजा, जिला उपाध्यक्ष दीपक चौधरी, तहसील अध्यक्ष चौधरी शिव सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष सतीश कुमार, तहसील उपाध्यक्ष सुमित चौधरी आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए।

### राजपाल सिंह प्रजापति ने फीता काटकर कराया रामलीला मंचन का शुभारंभ



**कांठ।** नगर में चल रही रामलीला मंचन का शनिवार को भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति ने फीता काटकर शुभारंभ कराया शनिवार को कलाकारों ने धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया। सम्बोधन में उन्होंने कहा कि रामलीला देखने आए सभी को भगवान राम के आदर्शों पर चलते हुए उन्हीं के बनाए नियमों का पालन करना चाहिए। इस पावन अवसर पर राजपाल सिंह प्रजापति चमन सिंह गोला राजीव वाल्मीकि मोनू वाल्मीकि आशुतोष सैनी सचिन चौधरी डॉक्टर मोहित कुमार पाल सिंह जीतू चौहान राजेंद्र सैनी विष्णु अवतार मोहम्मद शकील धर्मवीर सिंह प्रजापति प्रेम सिंह प्रजापति विक्की सैनी पंकज कुमार आदि मौजूद रहे। रविवार को राम बारात निकाली गई जिसका शुभारंभ रामलीला ग्राउंड से हुआ और राम बारात निर्धारित मार्ग से होती हुई रामलीला ग्राउंड पर ही संपन्न हुई।

### सड़क पर निर्माण के चलते उड़ रहे धूल के गुबार, सांस लेना हुआ मुश्किल

**कांठ।** मुख्य मार्ग पर चल रहे निर्माण के कारण धूल के गुबार उड़ रहे हैं जिससे लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है नगर के लोगों ने सड़क किनारे पानी छिड़कवाए जाने की मांग की है। बतादे की सहसपुर बॉर्डर से छजलैट किसान तिराहे तक होने वाला सड़क के चौड़ी करण का काम कई माह बाद दो दिन पहले फिर शुरू हुआ है। जिसके लिए सड़क किनारो की खुदाई की जा रही है और इसमें डाला जाने वाला मेटेरियल जगह-जगह सड़क पर फैल गया है इसकी वजह से आने जाने वाले वाहनों के कारण सड़क पर धूल के गुबार उड़ रहे हैं धूल के कारण दुकानदारों एवं अन्य राहगीरों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। नगर के लोगों का कहना है कि निर्माण के साथ-साथ बीच सड़क पर कहीं-कहीं फैले मेटेरियल को काम करने वाले लोगों को हटाना चाहिए और सड़क किनारे उड़ रही धूल से बचने के लिए इस पर पानी का छिड़काव भी कराया जाना चाहिए।

### पितृ अमावस्या के पावन पर्व पर किया विशाल भंडारा



**मुरादाबाद।** पितृ अमावस्या के पावन पर्व पर संकट मोचन श्री बालाजी दरबार के बाहर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर बालाजी महाराज का भव्य श्रृंगार किया गया और बाबा की आरती व भोग लगाया गया।बालाजी दरबार के महंत पंकज बाबू ने कहा कि जो भक्त पितृ अमावस्या पर भंडारे का आयोजन करते हैं, व अपने पितरों को पूजते हैं उनके पितृ खुश होकर आशीर्वाद देते हैं। पितृ पक्ष में गौ सेवा करने से भी लाभ मिलता है।भंडारे में आलू पूरी, कड़ी, चावल, खीर और चाऊमीन का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बालाजी जन सेवक ट्रस्ट ने किया था।कार्यक्रम में महंत पंकज बाबू, अखिलेश गुप्ता, दुष्यंत यादव, विकास, धर्मेंद्र सिंह, मनोज कुमार,शरद शर्मा, आकाश रस्तोगी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## युग शक्ति गायत्री चेतना केंद्र के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**मुरादाबाद।** परम पूज्य गुरूसत्ता के सूक्ष्म संरक्षण हम सभी की वन्दनीया माताजी,अखण्ड दीपक एवं परम पूज्य गुरूदेव के आध्यात्मिक जन्म दिवस की वर्ष 2026 में जन्म शताब्दी मनाने का सौभाग्य मिल रहा है। परम वंदनीय माता भगवती देवी जी जयंती के शुभ अवसर पर प्रांतीय रक्तदान महायज्ञ का आयोजन किया गया। युग शक्ति गायत्री चेतना केंद्र आवास विकास सिविल लाइन के तत्वाधान में ट्रस्टी हरीश वर्मा एवं राजीव गुप्ता के नेतृत्व में महानगर के आई एम ए हाल में रक्तदान शिविर आयोजन किया गया।

आईएमए हाल में डा.दीपक पांडे, सुपरवाइजर मोहम्मद शाकिर, एवं टेक्नीशियन मनोज तिवारी द्वारा रक्तदान लिया गया जिसमें 20 यूनिट ब्लड का डोनेट किया गया ।रक्तदान शिविर कार्यक्रम आयोजन में ट्रस्टी हरीश वर्मा,कपिल नारंग,राजीव गुप्ता,अमन गुप्ता,रोहित कुमार,दिव्यांश आदि एवं रक्तदान में सहयोगी स्वाति अग्रवाल,विकास कुमार,तुषार कश्यप,गणेश अनुरागी,कृष्णा अरोरा,कपिल प्रजापति,कपिल नारंग,शैलेंद्र कुमार,आशीष कुमार शर्मा, कृष्णा भटनागर आदि ने रक्तदान कर सहयोग प्रदान किया।

# स्कूल प्रबंधक की हनक और अध्यापिकाओं की सनक ने छात्रा को कर दिया जान देने को मजबूर, छात्रा ने मकान की छत से लगाई छलांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** अध्यापिका द्वारा कराई जा रही पढ़ाई समझ में नहीं आई तो इसकी शिकायत प्रबंधक से करना छात्रा को भारी पड़ गया। अध्यापिक. ाओं पर ऐसी सनक सवार हुई कि उन्होंने छात्रा को सबके सामने बेइज्जत करना शुरू कर दिया शिकायत प्रबंधक से की तो उनकी हनक ने छात्रा की किसी बात को नहीं सुना।

आखिर में छात्रा ने घर जाकर जान देने की नीयत से छत से छलांग लगा दी गनीमत रही के उसकी जान नहीं गई और वह घायल हो गई। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित प्रबंधक और अध्यापिकाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना स्योहारा जनपद बिजनौर क्षेत्र के गांव जयरामपुर निवासी लोकेंद्र पुत्र राम सिंह की पुत्री दिव्या राजपूत नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टीमोडा में कक्षा 9 की छात्रा है दिव्या का कहना था कि सोनिया अरुणिमा शिखा का पढ़ाया हुआ उसकी समझ में नहीं आया तो उसने इसकी शिकायत प्रबंधक पुरुषोत्तम कुमार से की इस बात से अध्यापिका नाराज हो गई और लड़की को किसी न किसी बात पर परेशान करना शुरू कर दिया प्रबंधक के सामने यह शिकायत रखी तो उन्होंने अपनी हनक के चलते बच्चों की बात सुनने से इनकार कर दिया हालात इतने खराब हुए के अध्यापिकाओं ने छात्र को मंदबुद्धि कहते हुए बच्चों के सामने मारना पीटना शुरू कर दिया।

छात्रा इस बात से डिप्रेशन में आ गई और घर आकर उसने छत से छलांग लगा दी। इससे उसकी जान तो जाते-जाते बच गई लेकिन वह काफी घायल हो गई पिता ने छात्रा को हंस नर्सिंग होम में भर्ती कराया और थाने जाकर तहरीर दी पुलिस ने प्रबंधक पुरुषोत्तम कुमार अध्यापिका सोनिया अरुणिमा और शिखा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। प्रबंधक का पक्ष जानने के लिए उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देने से बचने के लिए फोन नहीं उठाया।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के एक आरोपी को कटघर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु जनपद मुरादाबाद की जा रही कार्रवाई के तहत कटघर थाना पुलिस ने यह सफलता हासिल की है। बता दे की कटघर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक पीड़ित महिला ने 16 सितंबर को कटघर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि कटघर थाना क्षेत्र के ही रहने वाले एक युवक के द्वारा उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर,शादी का झांसा देकर जबरदस्ती बलात्कार किया गया तथा शिकायत करने पर उसके साथ गाली गलौच की गई व जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित महिला की शिकायत पर कटघर थाना पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी और इस मामले में कटघर थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी रितिक पुत्र दिनेश निवासी सूरजनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# मुरादाबाद रेलवे मंडल के स्टेशनों पर चलाया गया वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को रेलवे मंडल के स्टेशनों पर वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान संचालित किए गए।वहीं उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुरादाबाद द्वारा रेल परिवार के बच्चों के लिए मुरादाबाद, हरिद्वार, बरेली, चंदौसी, शाहजहांपुर,एवं ओकग्रोव स्कूल, झारीपानी में ड्राइंग,पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय रेल में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक ष्स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस स्वच्छता पखवाड़े को सफल बनाने के लिए मुरादाबाद मंडल में प्रतिदिन अनेक स्वच्छता कार्यक्रम को व्यापक रूप से संचालित किया जा रहा है।




इसी कड़ी में रविवार को मंडल मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, शाहजहांपुर, हरिद्वार, लक्सर, बरेली, रुड़की, देहरादून, योगनगरी ऋषिकेश, चंदौसी, हरदोई, हापुड़ स्टेशन पर स्वच्छता अभियान संचालित किए गए।मंडल के हरिद्वार, हापुड़, देहरादून, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, गजरौला, स्टेशनों पर स्टेशन, कालोनियों, पार्क एवं कार्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया तथा शाहजहांपुर, हापुड़, हरिद्वार, देहरादून, लक्सर, योगनगरी ऋषिकेश, हरदोई, रुड़की, बरेली, चंदौसी, रामपुर, अमरोहा मुरादाबाद स्टेशन पर व्यापक रूप से स्टेशन परिसर में स्थित सभी टॉयलेट्स एवं वेटिंग रूम की साफ सफाई कर अभियान को सफल बनाने का कार्य किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसर, रेलवे कॉलोनियों और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और हरा-भरा बनाना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंडल अधिकारियों और कर्मचारियों एवं उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, मुरादाबाद मंडल ने इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुमन मौर्य के निर्देशन में रेल परिवार के बच्चों के लिए मुरादाबाद, हरिद्वार, बरेली, चंदौसी, शाहज. हांपुर एवं ओकग्रोव स्कूल, झारीपानी में ड्राइंग/ पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया।

# अवैध क्लीनिकों पर छापा: वसूली का खेल उजागर

### आखिर बड़ी मछलियों पर मेहरबानी क्यों...?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अवैध रूप से चल रहे क्लीनिकों और झोलाछापों से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध वसूली कराई जा रही थी। लाखों रुपये का टर्नओवर गुपचुप तरीके से संचालित हो रहा था। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पुलिस अधीक्षक के. के. बिश्नोई और ए.एस.पी. अनुकृति शर्मा द्वारा संयुक्त जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए कि विभागीय अधिकारी दलालों और कमीशन एजेंटों के जरिए पैसे ऐंठ रहे थे। क्लीनिकों और अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग इतनी मेहरबानी दिखा रहा था कि पकड़े गए दलाल वसूली का हिसाब पर्चियों पर लिखकर अपने आकाओं को पहुंचाते थे। जिलाधिकारी के ऑपरेशन में छोटे दलाल तो पकड़े गए, लेकिन लोगों का कहना है कि असली व बड़े भ्रष्टाचारी अब भी जांच से बाहर हैं। जनता की मांग है कि केवल छोटे मछलियों पर नहीं, बल्कि ऊपरी स्तर के भ्रष्टाचारियों पर भी पारदर्शी कार्यवाही हो, आय से अधिक संपत्ति और अवैध कमाई की परतें खुल सकें।

## रामबाग धाम में भव्य रामलीला की तैयारियां

**चन्दौसी।** रामबाग धाम को भव्य रूप देने का कार्य जोरों पर है। 23 सितंबर से यहां पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य आदर्श रामलीला का मंचन किया जाएगा, जिसके लिए पूरे रंगमंच और परिसर को भव्यता के साथ तैयार किया जा रहा है। दर्शकों और श्रोताओं के लिए विशाल पांडाल लगाया जा रहा है, ताकि वे रामलीला का आनंद आराम से ले सकें। रामलीला का सबसे बड़ा आकर्षण भगवान श्रीराम की मूर्ति रहेगी, जबकि परिसर की दीवारों पर श्रीरामचरितमानस के आदर्शों का चित्रण किया गया है, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। इसके अलावा, प्रतिमा के सामने नयन को ठंडक देने वाली हरी घास भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। परिसर में स्थित सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर को नवरात्रों के अवसर पर विशेष रूप से सजाया गया है, जिससे रामबाग धाम की शोभा और भी बढ़ गई है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 22 सितम्बर 2025

# ट्रम्प का दोहरा चरित्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक एग्जक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए, जिससे एच-1बी वीजा व्यवस्था में बड़ा बदलाव हो गया है। अब से कोई भी शख्स अमेरिका जाने की खातिर इस वीजा के लिए आवेदन करेगा तो उसके नियोक्ता को प्रोसे. सिंग के लिए 1 लाख डॉलर यानी करीब रुपये 83 लाख शुल्क देना होगा। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह कदम अमेरिकी नौकरियों की सुरक्षा के लिए है और केवल सबसे कुशल विद. ेशी कामगार ही अमेरिका आएंगे। ट्रंप के जिस फैसले को अमेरिकियों के हित में बताया जा रहा है उसका सबसे ज्यादा असर भारतीयों पर पड़ेगा, क्योंकि यह वीजा धारकों में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से ज्यादा है। हाल के वर्षों में 71.73 प्रतिशत एच-1बी वीजा भारतीयों को मिले हैं, जबकि चीन का हिस्सा लगभग 11.12 प्रतिशत है। 2024 में ही भारत को 2 लाख से ज्यादा एच-1बी मिले। अनुमान है कि अगर सिर्फ 60,000 भारतीयों पर तुरंत असर पड़ता है तो सालाना भार 6 बिलियन डॉलर रुपये 53,000 करोड़ तक होगा। मध्यम स्तर के इंजीनियर, जो अमेरिका में सालाना 1.2 लाख डॉलर कमाते हैं, उनके लिए यह शुल्क उनकी आय का लगभग 80 प्रतिशत निगल जाएगा। छात्रों और रिसर्चरों के लिए भी यह रास्ता लगभग बंद हो जाएगा। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो और एचसीएल जैसी भारतीय आईटी कंपनियां लंबे समय से एच-1बी वीजा पर अमेरिकी प्रोजेक्ट चलाती रही हैं, लेकिन नया शुल्क मॉडल अब उन्हें ऐसा करना बेहद महंगा बना देगा। कई कंपनियां काम को वापस भारत या कनाडा-मेक्सिको जैसे नजदीकी केंद्रों में शिफ्ट करने पर मजबूर होंगी। इस पर खासतौर से सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस ने सरकार को केवल आवेदन की लागत वसूलने की अनुमति दी है न कि इतनी बड़ी रकम थोपने की। ऐसे में यह आदेश अदालत में चुनौती का सामना कर सकता है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल के दौरान उनके सलाहकार रहे और आव्रजन नीति पर एशियाई-अमेरिकी समुदाय के नेता अजय भुटोरिया ने एच1-बी शुल्क बढ़ाने संबंधी ट्रंप की नई योजना से अमेरिकी प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त पर संकट मंडराने की चेतावनी दी। टैरिफ को लेकर पहले से ही जारी टेंशन के बीच भारत-अमेरिका के राजनीतिक रिश्तों पर भी इसका असर पड़ सकता है। भारत सरकार इस मुद्दे को कूटनीतिक स्तर पर जरूर उठाएगी क्योंकि लाखों भारतीय प्रभावित होंगे। ट्रंप अपने मतदाताओं को यह संदेश देना चाहते हैं कि वह अमेरिकी नौकरियों की रक्षा कर रहे हैं, लेकिन भारत के साथ साझेदारी और टेक्नोलॉजी सहयोग पर इसका निगेटिव असर हो सकता है। अब 85,000 वार्षिक एच-1बी कोटा (65,000 सामान्य, 20,000 उच्च डिग्री धारकों के लिए) पर यह शुल्क लागू होगा। छोटी कंपनियां और नए स्नातक पीछे हट सकते हैं। नियोक्ता केवल उच्च वेतन वाले विशेषज्ञों को स्पॉन्सर करेंगे, जिससे अवसर और भी सीमित हो जाएंगे। विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम अमेरिका की इनोवेशन क्षमता पर टैक्स लगाने जैसा है और इससे ग्लोबल टैलेंट अमेरिका आने से कतराएगा।

## अब स्वदेशी-स्वदेशी चिल्ला रहे हैं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रहन -सहन, कपड़ा, पेन, मोबाइल उनका तौर तरीका, उनका जीवन सारा, तो विदेशी सामानों पर निर्भर है, आप अमेरिका के ऊपर निर्भर हैं, आप चीन के ऊपर निर्भर हैं, आप जापान के ऊपर निर्भर हैं, चूंकि आपको रोज ट्रम्प से जूते पड़ रहे हैं, तो अब स्वदेशी- स्वदेशी चिल्ला रहे हैं, हम लोगों को बेवकूफ समझते हो आप, क्या है स्वदेशी, स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए आपने क्या किया है, गलवान घाटी की घटना के बाद जब चीन ने हमारे बीस जवानों को चीन ने शहीद किया, तब उसके बाद भारत का चीन से व्यापार 39 लाख करोड़ का है, तो इनके मुंह से स्वदेशी शब्द ही नहीं निकलना चाहिए, अगर कोई भाजपाई स्वदेशी शब्द बोले, तो उसके मुंह में, तो छाला पड़ जाना चाहिए।

**-संजय सिंह, सांसद, आम आदमी पार्टी**

# क्या अभी भी सच नहीं दिखाई दे रहा!






**पवन सिंह**

क्या अभी भी आप सच नहीं देख पा रहे हैं? धर्म और जाति के पागलपन का एनेस्थीसिया क्या अभी भी खत्म नहीं हुआ है? क्या आपको अभी भी नहीं लगता है कि समूचे देश को एक भयावह भंवर जाल में फंसा दिया गया है? क्या अभी भी आप ईमानदारी से एक सवाल तक नहीं कर सकते हैं? किसी सत्ता की स्वामिभक्ति ने क्या आपको इतना नीचे गिरा दिया है कि अब जब देश का सम्मान और उसकी सुरक्षा तक प्रभावित होने लगी है, तब भी आप कीर्तन-भजन गा रहे हैं? कितने बहाने और स्पष्टीकरण देंगे? तय आपको करना है कि आप बतौर एक हिन्दुस्तानी देश के साथ हैं या किसी सत्ता के साथ? मौजूदा समय में यह देश एक गंभीर खतरे में है लेकिन आप देखना व समझना नहीं चाहते हैं।

H-1B वीजा का अमेरिकी खेल, पाक और सऊदी अरब के साथ समझौता और बांग्लादेश में अमेरिकी फौज की इंट्री। जो औसत दर्जे का भी समझदार नागरिक होगा और जिसे थोड़ी सी भी अपने देश को लेकर किसी कोने में मोहब्बत होगी, वह कम से कम अब तो समझ ही चुका होगा कि हमारी क्या हालत हो चुकी है। H-1B वीजा के लिए जो फीस डेढ़ हजार डॉलर थी वह अब सीधे 1 लाख डालर कर दी गई है। भारतीय रुपया जो अब लगभग मरणासन्न स्थिति में और 87-88 के आसपास टहल रहा है उसके हिसाब से इस वीजा के लिए अब लगभग 88 लाख रुपये देने होंगे। ट्रंप सरकार के इस फरमान से अमेजन, एप्पल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट, गुगल के बाद भारतीय कंपनियों जैसे-इनफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और टेक महेंद्रा जैसी कंपनियों में अफरातफरी मच चुकी है। अचानक लागू हुए इस नियम ने भारतीय एयरपोर्टों पर त्योहार के लिए आए लाखों प्रोफेशनल युवाओं को लौटती फ्लाइट से वापस अमेरिका भागने पर मजबूर कर दिया है। अब अमेरिकी और भारतीय कंपनियां अपने किसी कर्मचारी के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए शायद तैयार नहीं हैं, चूंकि ट्रंप का यह फैसला 21 सितंबर, 2025 से लागू हो रहा है ऐसे में जो जैसे आया था वह वैसे ही वापस लौट रहा है। हालात तो यह है कि लोग एयरपोर्ट पर उतरे और एयरपोर्ट के बाहर खड़े अपने मां-बाप-भाई-बहन तक से न मिल पाए। वापस जाती फ्लाइट के लिए टिकट बुक करा लिया। हालात दुखद हैं लेकिन बतौर एक देश हम सब फंस चुके हैं। आपको बता दें कि हमारे आप जैसे भारत के करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे जो देश के तमाम इंस्टीट्यूट में एक सपना लेकर पढ़ रहे हैं, उनके सामने एक गहरी निराशा है। वर्ष, 2015 से हर साल अमेरिका द्वारा जितने भी H-1B आवेदन मंजूर किए जाते रहे हैं उसमें से करीब 70 प्रतिशत से अधिक आवेदन भारतीयों के होते हैं। ऐसी स्थिति में आगे क्या होगा, यह सोचना ही भयावह है। ट्रंप ने जिस आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, वह अमेरिकी मीडिया ने प्रकाशित किया है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष, 2000 से वर्ष, 2019 के मध्य अमेरिका में विदेशी STEM यानी साइंस, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग व मैथ प्रोफेशनल्स की संख्या जो कि 12 लाख हुआ करती थी वह 25 लाख हो गई। बकौल ट्रंप, IT कंपनियों ने H-1B वीजा सिस्टम में हेर-फेर किया है। H-1B वीजा प्रोग्राम के तहत IT प्रोफेशनल्स का पिछले पांच सालों में बढ़कर 65 प्रतिशत से ज्यादा हो गया हो। आंकड़ों को देखें तो वर्ष, 2022, अक्टूबर से वर्ष, 2023, सितम्बर के बीच, H-1B के तहत जारी, करीब 4 लाख वीजा में से 72 प्रतिशत वीजा केवल भारतीयों को मिले। यहां यह भी बता दूं कि अमेरिका में भारत की चार बड़ी IT कंपनियों ने जबरदस्त पैर जमा रखें हैं इनमें इन्फोसिस, टीसीएस, एचसीएल व विप्रो में ही कार्यरत 20 हजार लोगों को नौकरी मिली, मतलब H-1B वीजा की मंजूरी मिली। इसके दो बड़े नुकसान होंगे, पहला-यह कि अमेरिका में भारतीय प्रोफेशनल्स कम हो जाएंगे और परिणामस्वरूप भारतीय आईटी कंपनियों को अमेरिकी कॉन्ट्रेक्ट भी कम मिलेंगे। फिलहाल ताजा-ताजा यह हुआ है कि दीपावली की लंबी छुट्टी में तमाम भारतीय शादियों के लिए भी आते थे, वह सब कैंसिल हो चुकी हैं। बंगलौर, हैदराबाद , चेन्नई और अहमदाबाद आदि शहरों के वेडिंग प्लेसेज के कैंसिलेशन कि खबर मीडिया पर आएगी, ऐसी उम्मीद करता हूं। हालांकि, यह उम्मीद करना बेकार है। हां! H-1B में जो बदलाव हुए हैं, उसके लाभ जरूर मीडिया गिनवाएगा। इसी बीच एक और बड़ी घटना हुई है और वह है पाक-सऊदी रक्षा समझौता। विगत 11 सालों में हम कूटनीतिक मोर्चे पर ऐसा पिटे हैं कि पड़ोस का नेपाल भी साथ नहीं है। सऊदी अरब अब खुलकर भारत के खिलाफ पाकिस्तान को आर्थिक और सैन्य मदद कर सकता है। पाकिस्तान व सऊदी अरब के साझा रक्षा समझौते के अनुसार अब यदि कोई देश पाक या सऊदी पर हमला करता है तो उसे साझा हमला यानी दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। गले मिलने और गले पड़ने व फोटो सेशन व शूटिंग-शर्टिंग में कब हम सब कुछ अंतराष्ट्रीय स्तर पर खोते चले गए, पता ही नहीं चला। बिकाऊ पत्रकारों की भांडगिरी ने कहीं का नहीं छोड़ा है। पाकिस्तान कूटनीतिक मोर्चे पर देखते ही देखते फर्राटा भर रहा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपनी रियाद यात्रा के दौरान सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात के बाद ऐसा कोई स्ट्रैटेजिक म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट करने वाले हैं, इसकी कानों-कान भारत को खबर तक न लगी। लगती भी कैसे। निर्वाचन आयोग से लेकर सभी संवैधानिक संस्थाओं को रौंदने के अभियान पर जो ध्यान है। पाकिस्तान ने एक झटके में मुस्लिम देशों के बीच अपनी छवि को पुख्ता कर डाला। उसने साऊदी अरब के साथ अपने परमाणु हथियारों को ठेके पर देने की डील कर डाली और इशारा कर दिया कि मुस्लिम ब्रदरहुड की छतरी के नीचे उसके परमाणु हथियार उन्हें सुरक्षा देंगे। इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की एक बेहद सधी हुई प्रतिक्रिया आई हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए वचनबद्ध हैं और इस पर अध्ययन कर रहे हैं।ष एक सवाल जेहन में आता है कि यदि अब भारत पाकिस्तान के खिलाफ अगर कोई सैन्य आपरेशन करता है तो साऊदी अरब की प्रतिक्रिया क्या होगी? यहां यह बता दूं कि पहलगाम की घटना के बाद भारत ने जब पाकिस्तान पर हमला किया तो चीन व तुर्की ने पाकिस्तान की खुलकर मदद की। वह अलग बात है कि हम उसी चीन के पाले में खड़े होकर दांत चियार रहे हैं। पाकिस्तान के पीछे चीन खुलकर खड़ा है और सऊदी अरब के पीछे अमेरिका खड़ा है। अमेरिकी-भारत रिश्ते कहां खड़े हैं, यह सामने है। रक्षा विशेषज्ञ मेजर जनरल अशोक कुमार (रिटा) ने तमाम भारतीय मीडियाकर्मियों से कहा कि साऊदी-पाक का यह रिश्ता एक दिन में नहीं बना है, यह सालों से चली आ रही बातचीत का नतीजा है और यह समझौता ऐसे वक्त पर हुआ है जब गाजा संकट के बीच इजरायल ने कतर पर हमला किया है। इस समझौते में चीनी, रूसी खेल भी हो सकता है। उधर रूस का भी पाकिस्तान के प्रति झुकाव, भारतीय संदर्भों में हमारी कूटनीति की शवयात्रा निकाली चुका है। उधर, बांग्लादेश में भी तख्तापलट हुआ और इधर खबर तक न लगी उस पर ताजा खबर यह है कि बांग्लादेश में अमेरिकी फौज उतर चुकी है। हमारी हालत यह है कि हम पर अब न अमेरिका को भरोसा रहा न रूस को और चीन तो शातिर है ही। पड़ोसी नेपाल, लंका, बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव। कोई भी साथ नहीं। सब के सब चीन की ओर मुखातिब हो चुके हैं। फोटोग्राफी सेशन, फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन, लाइट, कैमरा, एक्शन, बाबाओं के आश्रमों की भीड़ और मीडिया का कीर्तन-भजन। एन-केन सत्ता पर पकड़। बस इससे ज्यादा फाग हमारे यहां नहीं चल रहा है। हालत निबरे की जोइया सबकी सरहज वाली है। यानी गरीब की पत्नी से हर आदमी मजाक कर लेता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**कैंसर के संबंध में यह जानना जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में हो सकती है लेकिन यदि इसका सही समय पर पता लगा लिया जाए तो उपचार संभव है। इसी कारण लोगों को कैंसर तथा इसके कारणों के प्रति जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जाती रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर के कुछ प्रमुख कारणों में वजन बढ़ना या मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, धूम्रपान, अल्कोहल तथा नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार न लेना, नियमित व्यायाम न करना इत्यादि शामिल हैं। यह एक ऐसी खामोश बीमारी है, जिसके कभी-कभार कोई लक्षण सामने नहीं आते किन्तु कैंसर के अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं।**

# गुलाब दिवसः कैंसर योद्धाओं का संघर्ष



**योगेश कुमार गोयल**

22 सितम्बर को दुनियाभर में विश्व गुलाब दिवस मनाया जाता है। हालांकि इस दिवस के नामकरण से प्रतीत होता है, मानो यह दिवस गुलाब रोज की विभिन्न किस्मों के बारे में जानने के लिए ही मनाया जाता हो लेकिन वास्तव में यह दिन कैंसर से लड़ रहे लोगों में आशा और उत्साह का संचार करने के लिए समर्पित है। गुलाब का फूल चूंकि खुशी का प्रतीक होता है, इसीलिए इस दिन कैंसर मरीजों और उनकी देखरेख करने वालों को गुलाब का फूल देकर संदेश दिया जाता है कि कैंसर जिंदगी का अंत नहीं है बल्कि कैंसर से न केवल लड़ा जा सकता है बल्कि लड़कर जीत भी हासिल की जा सकती है। गुलाब का फूल देकर उन्हें अहसास कराया जाता है कि उनकी जिंदगी भी फिर से गुलाब जैसी ही महक और खिल सकती है, बस जरूरत है कैंसर से दृढ़तापूर्वक लड़ने के जज्बे की। वास्तव में इस दिवस के माध्यम से लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया जाता है कि प्राणघातक बीमारी कैंसर से जूझ रहे मरीजों का दुख बांटने का छोटा सा प्रयास करके भी हम उन्हें बड़ा संबल प्रदान कर सकते हैं। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य कैंसर रोगियों को कैंसर से लड़ने की प्रेरणा शक्ति और उन्हें खुशियां देना ही है। दरअसल कैंसर एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जो व्यक्ति को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक और आर्थिक रूप से भी तोड़ देती है।

हालांकि दुनिया में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो स्वयं इस बीमारी से जूझते हुए भी अपनी बहादुरी और सकारात्मक के चलते दूसरे कैंसर मरीजों के लिए मिसाल बन जाते हैं। ऐसी ही एक बहादुर बच्ची थी कनाडा की 12 वर्षीया मेलिन्डा रोज, जिसे 1994 में मात्र 12 साल की आयु में ही घातक रक्त कैंसर (अस्किन्स ट्यूमर) हो गया था। मेलिन्डा कैंसर से आखिरी जंग लड़ रही थी और डॉक्टरों ने कह दिया था कि वह दो सप्ताह से ज्यादा जीवित नहीं रह पाएगी लेकिन उस छोटी बच्ची ने हार नहीं मानी तथा न केवल करीब 6 महीने तक जीवित रही बल्कि अन्य कैंसर पीड़ितों के लिए भी अद्भुत मिसाल बन गई। मेलिन्डा ने यह 6 महीने कैंसर से जूझ रहे मरीजों के साथ ही बिताए और नोट्स, कविताओं तथा ई-मेल के जरिए उन लोगों को खुश रखने के प्रयास किए तथा अपने इस जज्बे से बहुत सारे लोगों को प्रभावित भी किया। सितम्बर 1994 में इस बच्ची ने सबका साथ छोड़कर दुनिया को अलविदा कह दिया लेकिन कैंसर पीड़ितों को जिंदगी से लड़ने की हिम्मत रखने का हौंसला दे गई। 22 सितम्बर को कैंसर रोगियों के कल्याण के प्रति समर्पण के रूप में मेलिन्डा रोज की ही स्मृति में विश्व गुलाब दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को कैंसर की शुरुआती पहचान तथा रोकथाम के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक दिन के रूप में भी मनाया जाता है, जो न केवल इलाज कर सकता है बल्कि कई विकृतियों से भी बचा सकता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाना तथा कैंसर रोगियों को यह संदेश देना है कि भले ही इस बीमारी से वह अकेले लड़ रहे हैं लेकिन मानसिक तौर पर हम भी उनके साथ खड़े हैं। हमारे बीच ऐसे बहुत से लोग मिल जाएंगे, जो कैंसर के दर्दनाक इलाज को झेलने के बाद भी हंसते-खिलखिलाते नजर आते हैं। ऐसे लोग कैंसर से जूझ रहे अन्य मरीजों के मनोबल को बढ़ाते हुए उनके अंदर भी फिर से जीने की उम्मीद जगाने का प्रयास करते हैं। वास्तव में किसी को जीने की आशा देना जीवन का सबसे बड़ा हिस्सा हो सकता है और इसीलिए ऐसे लोग सम्मान के बड़े हकदार हैं। कैंसर से लड़ने और इस पर विजय पाने के दुनिया भर में अनेक चिकित्सीय उपाय हो रहे हैं और शोधकर्ताओं के प्रयासों के चलते कैंसर का शुरूआती चरण में इलाज अब संभव भी है। कुछ वर्ष पूर्व तक कैंसर को एक असाध्य अर्थात् लाइलाज रोग के रूप में जाना जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कैंसर के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी खोजें हुई हैं और अब यदि समय रहते कैंसर की पहचान कर ली जाए तो इसका उपचार किया जाना काफी हद तक संभव है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व



**विनीत नारायण**



आज की दुनिया में ऊर्जा नीतियां सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि वैश्विक वर्चस्व की कुंजी हैं। जब अमेरिका तेल और गैस पर दांव लगाकर पुरानी राह पर लौट रहा है, वहीं चीन स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को गति दे रहा है। यह विरोधाभास न केवल आर्थिक असंतुलन पैदा कर रहा है, बल्कि भविष्य की तकनीकी दिग्गजोंकृजैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए बुनियादी ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। साइरस जेन्सेन की हालिया वीडियो 'अमेरिका जस्ट मेड द ग्रेटेस्ट मिस्टेक ऑफ द 21वीं सेंचुरी' इस मुद्दे को बेबाकी से उजागर करती है।

अमेरिका, जो कभी नवाचार का प्रतीक था, अब अपनी ऊर्जा नीतियों में उल्टा चढ़ाव दिखा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, अमेरिका ने अलास्का में 44 अरब डॉलर का प्राकृतिक गैस प्रोजेक्ट शुरू किया था। जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों की योजनाओं को रद्द कर रही हैं और वी8 गैस इंजनों पर लौट रही हैं। यहां तक कि ईवी खरीद पर टैक्स क्रेडिट भी समाप्त कर दिए गए हैं। यह सब तब हो रहा है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है और नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का रास्ता दिख रही है।

जेन्सेन की वीडियो में साफ कहा गया है कि अमे. रिका की यह रणनीति अल्पकालिक लाभ के लिए है। तेल और गैस निर्यात बढ़ाने से तत्काल आर्थिक फायदा तो मिलेगा, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक बाजारों में पीछे धकेल देगा। अमेरिका ने 1950 के दशक में सोलर पैनल विकसित किए थे, 1970 के दशक में लिथियम-आयन बैटरी का आविष्कार किया, लेकिन रोनाल्ड रीगन जैसे नेताओं ने जिमी कार्टर के व्हाइट हाउस सोलर पैनल हटाकर इसकी उपेक्षा की। आज भी वही पुरानी सोच हावी है। परिणामस्वरूप, अमेरिका ईवी निर्यात में मात्र 12 अरब डॉलर और बैटरी निर्यात में 3 अरब डॉलर पर सिमट गया है, जबकि सोलर पैनल निर्यात तो महज 69 मिलियन डॉलर का है।

यह भूल सिर्फ आर्थिक नहीं, भू-राजनीतिक भी है। वैश्विक दक्षिणकृजो सौर और पवन ऊर्जा के 70 प्रतिशत स्रोतों और महत्वपूर्ण खनिजों के 50 प्रतिशत का नियंत्रण रखता है अब नवीकरणीय ऊर्जा की ओर मुड़ रहा है। अमेरिका का जीवाश्म ईंधन पर फोकस इन देशों को अलग-थलग कर देगा, जबकि चीन इनके साथ साझेदारी कर रहा है। वहीं, चीन ने स्वच्छ ऊर्जा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बना लिया है। 2024 में चीन ने दुनिया के बाकी देशों से ज्यादा विंड टर्बाइन और सोलर पैनल लगाए। ईवी और बैटरी स्टोरेज में निवेश ने इसे वैश्विक नेता बना दिया है। पिछले साल चीन ने 38 अरब डॉलर के ईवी निर्यात किए, 65 अरब डॉलर की बैटरी बेचीं, और सोलर पैनल के 40 अरब डॉलर के निर्यात किए। स्वच्छ ऊर्जा पेटेंट में चीन के पास 7 लाख से ज्यादा हैं, जो दुनिया के आधे से अधिक हैं।

जेन्सेन उद्धृत करते हुए बताते हैं कि चीन की सफलता का राज समन्वित प्रयास है। सीएल के सह-अध्यक्ष शिएन पैन कहते हैं, ह्चीन को लंबे लक्ष्य पर प्रतिबद्ध करना मुश्किल है, लेकिन जब हम प्रतिबद्ध होते हैं, तो समाज के हर पहलू सरकार, नीति, निजी क्षेत्र, इंजीनियरिंग सभी एक ही लक्ष्य की ओर कड़ी मेहनत करते हैं। यह दृष्टिकोण अमेरिका की छिटपुट नीतियों से बिल्कुल अलग है।

चीन अब वैश्विक बाजारों में फैल रहा है। ब्राजील, थाईलैंड, मोरक्को और हंगरी में ईवी और बैटरी फैक्टरियां बना रहा है। हंगरी में 8 अरब डॉलर का कारखाना, इंडोनेशिया में 11 अरब डॉलर का सोलर प्लांट यह निवेश न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनी. तिक लाभ भी दे रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से जेन्सेन कहते हैं, ईवी बैटरी बनाने वाले देश दशकों तक आर्थिक और भू-राजनीतिक फायदे काटेंगे। अभी तक का एकमात्र विजेता चीन है। पिछले 15 वर्षों में चीन ने बिजली उत्पादन में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि एआई जैसी उभरती तकनीकें बिजली पर निर्भर हैं। चीन का स्वच्छ ऊर्जा निवेश न केवल पर्यावरण बचाएगा, बल्कि एआई क्रांति में भी नेतृत्व देगा। आरएमआई की 'पावरिंग अप द ग्लोबल साउथ' रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक दक्षिण के 70 प्रतिशत सौर-पवन संसाधन चीन की रणनीति से जुड़ रहे हैं। यह संघर्ष सिर्फ दो महाशक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का है। वैश्विक दक्षिण अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण एशिया अब सस्ती और सतत ऊर्जा की तलाश में है। चीन ने इन देशों में सस्ते सोलर पैनल और ईवी तकनीक पहुंचाई है, जबकि अमेरिका के महंगे गैस प्रोजेक्ट इनके लिए बोझ साबित हो रहे हैं। परिणाम? ये देश चीन की ओर झुक रहे हैं। भारत के संदर्भ में देखें तो यह चेतावनी स्पष्ट है। हमारी मेक इन इंडिया और प्लेड्ज फॉर क्लाइमेट पहलें स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित हैं, लेकिन चीन का वर्चस्व चुनौती है। भारत सोलर और विंड में प्रगति कर रहा है, लेकिन बैटरी और ईवी चिप्स में आयात पर निर्भरता बनी हुई है। यदि हम चीन की तरह समन्वित नीति नहीं अपनाते, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में पीछे रह जाएंगे। अमेरिका की गलती से सबक लेते हुए, भारत को स्वदेशी नवाचार पर जोर देना चाहिए जैसे लिथियम खनन और बैटरी रिसाइक्लिंग में निवेश। अमेरिका की यह भूल नई नहीं है। 20वीं सदी में जापान ने इलेक्ट्रॉनिक्स में अमेरिका को पीछे छोड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने अल्पकालिक लाभ को प्राथमिकता दी। आज चीन स्वच्छ ऊर्जा में वही कर रहा है।

जेन्सेन की वीडियो एक चेतावनी हैरू जो देश बिजली उत्पादन में आगे होगा, वही एआई और अगली औद्योगिक क्रांति जीतेगा। अमेरिका को अपनी नीतियां पलटनी होंगीकृईवी सब्सिडी बहाल करनी होंगी, नवीकरणीय अनुसंधान में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन समय कम है। चीन का बढ़त 10 वर्षों का नहीं, बल्कि दशकों का हो सकता है। अमेरिका ने 21वीं सदी की सबसे बड़ी गलती कर दी है जीवाश्म ईंधन पर दांव लगाकर स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को गंवा दिया। चीन का उदय एक सबक है समन्वित, दूरदर्शी नीतियां ही विजेता बनाती हैं। भारत जैसे देशों को इस दौड़ में शामिल होना चाहिए, ताकि हम न केवल पर्यावरण बचाएं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता भी हासिल करें। समय आ गया है कि दुनिया एकजुट होकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाए अन्यथा, इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ऐतिहासिक मोड़: तीन और देशों की फलस्तीन को मिली मान्यता

## कहा: फैसले से इजरायल के गाजा में अवैध कब्जे खत्म करने और शांति लाने में मदद मिलेगी

**भारत-चीन समेत अब तक दुनिया के 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को दे चुके हैं देश की मान्यता**



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रविवार को ऐलान किया कि ब्रिटेन ने फलस्तीन को एक आजाद देश के तौर पर औपचारिक मान्यता दे दी है। इसके साथ ही कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने भी फलस्तीन को स्वतंत्र देश की मान्यता देने की घोषणा की।

ब्रिटेन का कहना है कि यह कदम इजरायल के अवैध कब्जे को खत्म करने और शांति लाने में मदद करेगा। इसके तहत एक नई फलस्तीनी सरकार इजरायल के साथ मिलकर काम करेगी। इसमें हमास का कोई प्रभाव नहीं होगा। भारत-चीन अब तक दुनिया के 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को देश की मान्यता दे चुके हैं। ब्रिटेन ने कहा कि यह फैसला इजरायल को सजा देने के लिए नहीं लिया गया है, लेकिन अगर इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने गाजा में सैन्य कार्रवाई को कम हिंसक तरीके से और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करते हुए किया होता, तो शायद यह कदम न उठाया जाता। इससे पहले ब्रिटिश डिप्टी पीएम डेविड लैमी ने कहा था कि अगर ब्रिटेन फलस्तीन को मान्यता देता है, तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि कोई नया देश तुरंत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मान्यता सिर्फ एक शांति प्रक्रिया का हिस्सा है। लैमी ने बताया कि ऐसा कदम इसलिए उठाया जा रहा है ताकि 'टू स्टेट सॉल्यूशन' की उम्मीद बनी रहे। टू स्टेट सॉल्यूशन इजरायल और फलस्तीन के बीच लंबे समय से चल रहे संघर्ष को सुलझाने का एक प्रस्तावित तरीका है। इस के तहत, इजरायल और फलस्तीन दोनों को अलग-अलग, स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दी जाएगी। स्टार्मर ने पहले कहा था कहा है कि फलस्तीन को मान्यता देना किसी भी तरह से हमास की जीत नहीं है। उनका कहना है कि भविष्य में फलस्तीन के शासन में हमास की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। स्टार्मर ने जुलाई में कहा था कि ब्रिटेन फलस्तीन को मान्यता तभी देगा, जब इजरायल और हमास के बीच सीजफायर हो, गाजा में मानवीय मदद पहुंचाई जाए, इजरायल पश्चिमी तट पर कब्जे से पीछे हटे और शांति प्रक्रिया के लिए तैयार हो। यानी ऐसा समाधान हो जिसमें इजरायल और फलस्तीन दोनों अलग-अलग देशों के रूप में साथ रह सकें। लेकिन जुलाई के बाद हालात और बिगड़े हैं, खासकर कतर पर हमले के बाद। ऐसे में अब सीजफायर की संभावना और कम हो गई है। ब्रिटिश पीएम यह फैसला ऐसे समय में ले रहे हैं, जब अमेरिका के कई राजनेता ब्रिटेन पर ऐसा न करने का दबाव डाल रहे हैं। उनका कहना है कि इससे न सिर्फ इजरायल की सुरक्षा पर असर पड़ेगा, बल्कि गाजा में हमास के कब्जे में बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों की स्थिति भी और कठिन हो जाएगी।

## अमेरिका अंतरिक्ष दौड़ में पिछड़ रहा: रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की चंद्र परियोजना में देरी के कारण अमेरिका अंतरिक्ष की दौड़ में पीछे हो रहा है। स्पेसएक्स का चंद्र मिशन के लिए नासा के साथ करार है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में विशेषज्ञों के हवाले से यह जानकारी दी है। समाचार पत्र ने कहा कि स्पेसएक्स की चंद्र लैंडर परियोजना अपने तय समय इतनी पीछे है कि इस बात पर शक बढ़ रहा कि अमेरिका चीन को मात दे पाएगा। चीन की अपनी योजना और लैंडिंग की तारीख 2030 तय है। समाचार पत्र से बात करने वाले नासा के पूर्व अधिकारियों के मुताबिक स्पेसएक्स का रॉकेट स्टारशिप इस मिशन के लिए कई सालों में तैयार हो पाएगा। स्टारशिप द्वारा अब तक अंतरिक्ष यात्रियों या वाणिज्यिक माल ढोना बाकी है और हाल ही में हुए तीन से चार परीक्षणों के दौरान इसमें विस्फोट हो चुका है।



प्रयागराज। नवरात्रि उत्सव से पहले एक कुम्हार मिट्टी के बर्तन तैयार करता हुआ।

## इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह कार्यकर्ता ढेर

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक नागरिक कार पर इज़रायली हवाई हमले में शनिवार को एक हिजबुल्लाह कार्यकर्ता मारा गया। लेबनानी अधिकारियों और सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक लेबनानी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि एक इज़रायली ड्रोन ने लेबनान के दक्षिणी सीमा क्षेत्र के पूर्वी क्षेत्र में खरदाली-मरजायून सड़क पर एक कार को निशाना बनाया, जिसमें काफ़र किला गांव के एक व्यक्ति की मौत हो गई। लेबनान सेना की खुफिया एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि पीड़ित हसन शाहरूर नाम का एक हिजबुल्लाह कार्यकर्ता था।

# H-1B वीजा: डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले पर यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स ने जताई चिंता

## व्यापार संगठन ने कहा: कर्मचारियों, उनके परिवारों व कंपनियों पर इस कदम का पड़ेगा असर




**जिन लोगों के आवेदन पहले ही आ चुके हैं या जिनके वीजा पहले से मंजूर हैं, उन पर कोई असर नहीं होगा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी चैंबर ऑफ कामर्स ने एच-1बी वीजा को लेकर डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के नए नियमों पर चिंता जताई है। व्यापार संगठन ने कहा कि कर्मचारियों, उनके परिवारों और कंपनियों पर इस कदम का असर पड़ेगा।

कृउसने बताया कि वह ट्रम्प प्रशासन और अपने सदस्यों के साथ मिलकर इस फैसले के सभी पहलुओं को समझने की को. शिश कर रहा है और आगे का रास्ता तय करने पर विचार कर रहा है। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एच-1बी वीजा आवेदन करने के लिए कंपनियों को एक लाख अमेरिकी डालर का शुल्क (फीस) देना होगा। यह नियम एच-1बी के लिए नए आवेदन पर लागू होगा। यानी पहले से दायर आवेदन नहीं लागू होगा। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने स्पष्ट किया कि यह नया शुल्क केवल उन आवेदनों पर लागू होगा, जो 21 सितम्बर के बाद किए जाएंगे। जिन लोगों के आवेदन पहले ही आ चुके हैं या जिनके वीजा पहले से मंजूर हैं, उन पर कोई असर नहीं होगा। यूएससीआईएस के निदेशक जोसेफ बी. एडलो ने एक ज्ञापन में यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने इसकी पुष्टि की और बताया कि यह शुल्क एक बार के लिए है, कोई वार्षिक शुल्क नहीं है। उन्होंने कहा कि यह नियम केवल नए वीजा आवेदनों पर लागू होगा, न की नवीकरण या पहले से जारी वीजा पर। उन्होंने यह भी बताया कि जो एच-1बी वीजा धारक अभी अमेरिका से बाहर हैं, उनसे यह शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऐसे लोग पहले की तरह अमेरिका में आ-जा सकते हैं, उनके आने-जाने पर कोई नई रोक नहीं लगाई गई है। यह नियम अगले वीजा लाटरी चक्र से लागू किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पंजाब में छत गिरने से सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शनिवार को एक निजी अकादमी की छत गिरने से पांच बच्चों समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रांत के हाफिजाबाद जिले में हुई, जिले के पुलिस प्रमुख आतिफ़ नज़ीर कादर ने मीडिया को बताया। उन्होंने बताया कि मृतकों में अकादमी चलाने वाली महिला और उसका बेटा भी शामिल हैं। रिपोर्टों के अनुसार, बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया। मलबे से सात शव बरामद किए गए, जबकि कई घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### फिलीपींस में सैनिकों के हाथों दो विद्रोही मारे गए

**मनीला।** फिलीपींस के मध्यवर्ती भाग में शनिवार को सैनिकों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध विद्रोही मारे गए। सेना ने बताया कि कैपिज प्रांत के टापाज शहर में एक सैन्य अभियान के दौरान सुबह 7:45 बजे न्यू पीपुल्स आर्मी (एनपीए) के सात कथित सदस्यों के साथ सैनिकों की मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो विद्रो. ही मारे गए। इस मुठभेड़ में हालांकि सेना का कोई भी सदस्य जख्मी नहीं हुआ। सेना ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से तीन राइफल और भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद हुए हैं। उल्लेखनीय है कि एनपीए 1969 से ही सरकार के खिलाफ लगातार विद्रोह कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हालांकि एनपीए के सदस्यों की संख्या लगातार घट रही है।

### हेग में दंगों में 30 लोग गिरफ्तार, दो पुलिसकर्मी घायल

**द हेग।** नीदरलैंड के शहर द हेग में दंगे के दौरान घायल हुए दो पुलिसकर्मियों के मामले में कम से कम 30 लोग हिरासत में लिए गए हैं। शहर के मेयर, पुलिस प्रमुख और अभियोजक ने इसकी जानकारी दी है। हेग के मेयर जान वैन जेनन ने अलगेमीन डागब्लाड अखबार के हवाले से कहा कि हमें एक अभूतपूर्व हिंसा का सामना करना पड़ा। इसके कारण शांतिपूर्ण प्रदर्शन को तितर-बितर करना पड़ा क्योंकि वहां मौजूद लोगों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं थी। मेयर के मुताबिक नीदरलैंड के सभी असामाजिक तत्व प्रदर्शन में शामिल हो गए।

## गाजा में इजरायली हमले जारी, मारे गए 60 फलस्तीनी

**इजरायल ने इस हफ्ते गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया**

**येरुशलम।** गाजा सिटी और पूरे गाजा पट्टी में इजरायल का सैन्य अभियान जारी है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, ताजा हमलों में कम से कम 60 फलस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना जमीन के नीचे बने सुरंगों और बम से जाल बिछाए गए ढांचों को नष्ट कर रही है।

इसी बीच, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन और कनाडा समेत 10 देश सोमवार को औपचारिक रूप से फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने वाले हैं। यह घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से पहले होगी। इजरायल ने इस हफ्ते गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया है। सेना का दावा है कि सितम्बर की शुरुआत से अब तक 20 ऊंची इमारतें ध्वस्त की गईं और 5 लाख से ज्यादा लोग गाजा सिटी छोड़ चुके हैं। वहीं, हमास का कहना है कि करीब 3 लाख लोग ही शहर से गए हैं और 9 लाख लोग अब भी मौजूद हैं, जिनमें इजरायली बंधक भी शामिल हैं। हमास का आरोप है कि 11 अगस्त से अब तक 1,800 से ज्यादा आवासीय इमारतें और 13,000 से अधिक शरणार्थी टेंट नष्ट किए गए हैं।

## ट्रम्प ने बगराम एयरबेस पर नियंत्रण को लेकर अफगान को धमकाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अफगानिस्तान को धमकी देते हुए चेताया है कि अगर उसने बगराम एयरबेस तुरंत वापस नहीं किया तो उसे बुरे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस को संयुक्त राज्य अमे. रिका को वापस नहीं किया तो उसे बुरे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बगराम एयरबेस काबुल से लगभग 50 किलोमीटर उत्तर में स्थित है और यह दो दशकों तक अफगानिस्तान में अमेरिका और नाटो के अभियानों का केंद्र था।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने की खुद के लिए नोबेल पुरस्कार की मांग




**फिर भारत-पाक संघर्ष रुकवाने की बात दोहराई**

**वाशिंगटन/न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को व्यापार के जरिए रोक दिया। ट्रम्प ने यहां तक कहा कि उन्होंने सात बड़े युद्धों को समाप्त कराया है और इसके लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।

ट्रम्प ने शनिवार को अमेरि. कन कार्नरस्टोन इंस्टीटयूट फाउंडर डिनर में कहा कि दुनिया में अमेरिका को अब पहले से कहीं ज्यादा सम्मान मिल रहा है। हम शांति समझौते कर रहे हैं और युद्ध रोक रहे हैं। हमने भारत और पाकिस्तान, थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्ध रोके हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को व्यापार के जरिए रुकवाया। सोचिए भारत और पाकिस्तान के बारे में। मैंने उनसे कहा कि अगर वे लड़ाई करेंगे तो हम उनके साथ कोई व्यापार नहीं करेंगे। उनके पास परमाणु हथियार हैं और अगर वे व्यापार चाहते हैं, तो उन्हें शांति बनाए रखनी होगी। ट्रम्प ने दावा किया कि इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव कम हो गया। बता दें कि ट्रम्प लगभग 20 से ज्यादा मौकों पर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने का दावा कर चुके हैं। जबकि भारत ने शुरुआत से स्पष्ट किया है कि दोनों देशों के बीच आपसी बातचीत के बाद संघर्ष रोका गया है और इसमें किसी तीसरे देश ने मध्यस्थता नहीं की है। डोनाल्ड ट्रम्प ने इस दौरान उन देशों की सूची भी गिनाई, जहां उन्होंने युद्ध रोकने का दावा किया। इसमें भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, आर्मेनिया-अजरबैजान, कोसा. ेवो-सर्बिया, इजरायल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया और रवांडा-कांगो हमने ये सभी युद्ध रोके। इनमें से 60 प्रतिशत युद्ध हमने केवल व्यापार के जरिये रोके।

## चीन में कोरोना की खबर दिखाने वाली पत्रकार को फिर चार साल की जेल

**बीजिंग।** चीनी पत्रकार झांग झान को वुहान में कोविड-19 की शुरुआती हालात की खबरें दिखाने के लिए फिर से 4 साल की जेल की सजा दी गई है। यह जानकारी प्रेस की आजादी के लिए काम करने वाले संगठन रिपोर्टर्स विदाउट बार्डर्स (आरएसएफ) ने दी। 42 साल की झांग झान को 'लड़ाई-झगड़ा करने और परेशानी पैदा करने' के आरोप में सजा मिली। 2020 में इसी आरोप में उनकी गिरफ्तारी हुई थी, तब उन्होंने वुहान में कोरोना वायरस के फैलने की खबरें और वीडियो सोशल मीडिया पर डाले थे। आरएसएफ की अधिकारी अलेक्सांद्रा बिएलाकोव्स्का ने कहा-झांग झान को दुनिया भर में सम्मान मिलना चाहिए, न कि जेल में कठिन हालात झेलने चाहिए। उनकी मुश्किलें खत्म होनी चाहिए। दुनिया के देशों को चीन पर दबाव डालकर उन्हें तुरंत रिहा करवाना चाहिए। झांग को मई 2020 में गिरफ्तार किया गया था, तब उन्होंने वुहान के भरे हुए अस्पतालों और खाली सड़कों की तस्वीरें और वीडियो दिखाए थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ॐ शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा जी की स्तुति। ॐ
या देवी सर्वभुतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता॥
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।
शारदीय नवरात्र महोत्सव
श्री माँ दुर्गा महोत्सव-2025
शुभारम्भ- दिनांक 22 सितम्बर 2025, समापन- 30 सितम्बर 2025
स्थान : श्री वासुदेव तीर्थस्थल, अमरोहा (उ.प्र.)

शैलपुत्री
दिनांक 22 सितम्बर 2025 सोमवार प्रथम नवरात्र
प्रातः काल 9 बजे कलश स्थापना व ज्योति प्रज्जवलन
प्रातः काल 10:06 बजे मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा अभिषेक,
हवन रात्रि 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि भजन आगन्तुक
श्री मेघराज जागरण पार्टी के कलाकार माँ का गुणगान करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

ब्रह्मचारिणी
दिनांक 23 सितम्बर 2025 मंगलवार द्वितीय नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री राहुल कुमार जागण पार्टी, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियां
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

चन्द्रघंटा
दिनांक 24 सितम्बर 2025 बुधवार तृतीय नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री जय दक्ष प्रजापति एण्ड पार्टी, अमरोहा
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे
एवं झाँकियों का प्रस्तुतिकरण भी करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

कुष्मांडका
दिनांक 25 सितम्बर 2025 गुरूवार चतुर्थ नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री मधुर श्याम संकीर्तन मण्डल पार्टी
द्वारा रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे व झांकियां,
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

स्कन्दमाता
दिनांक 26 सितम्बर 2025 शुक्रवार पंचम नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री लवीन गुप्ता एण्ड पार्टी, बुलन्दशहर
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे
एवं झाँकियों का प्रस्तुतिकरण भी करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

दुर्गाषष्ठी पूजन
दिनांक 27 सितम्बर 2025 शनिवार षष्टी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री अग्रवाल जागरण पार्टी, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

महासप्तमी पूजन (प्राण प्रतिष्ठा/ सरस्वति आह्वान)
दिनांक 28 सितम्बर 2025 रविवार अष्टमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री सुमित शर्मा जागरण पार्टी, गजरौला
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

महा अष्टमी पूजन
दिनांक 29 सितम्बर 2025 सोमवार अष्टमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, बलिदान पूजन 7:06 से 7:30 बजे रात्रि,
श्री रोहित महाकाल झांकी आर्ट ग्रुप, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से झांकियाँ, जलरास, फूलों की होली
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

नवमी पूजन
दिनांक 30 सितम्बर 2025 मंगलवार नवमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
दूरदर्शन व Zee TV कलाकार, झांकी सम्राट
श्री सांवरिया एण्ड पार्टी, बदायूं
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण
दिनांक 01 अक्टूबर 2025 बुधवार, विजयदशमी पूजन
प्रातः 8:00 बजे से 9:00 बजे तक कलश/मूर्ति विसर्जन
वासुदेव तीर्थ स्थित सरोवर में किया जायेगा।

सिन्दूर उत्सव
समन्वयक : विद्यानन्द झा पुजारी जी
पूजा प्रभारी- पं० गौरी शंकर शर्मा, पं० सार्थक शास्त्री (पौड़ी वाले), पं० कुनाल शास्त्री (हरियाणा वाले)
संयोजक -अनिल जग्गा, प्रदीप रस्तौगी, सचिन शर्मा, राकेश कपूर, स्टेज प्रभारी- अनिल जग्गा, राहुल लड्डा
संचालक - दक्ष प्रजापति
प्रभारी प्रसाद वितरण- पं० अजेन्द्र शुक्ला, रवि शारदा, नवनीत माहेश्वरी, रजत माहेश्वरी, अर्चित लाठे, संकेत टन्डन, मनीष टन्डन, इं० शुभम वर्मा
आयोजक : श्री वासुदेव तीर्थ प्रबंध समिति, अमरोहा